* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 261

Wild Waadi
WILD WAADI
An Entertainment Hub
INR 300 Mon - Fri
INR 400 Sat-Sun & Holiday
BOOK NOW :- 9304816880
Water Park | Trampoline Park
Bird Park | Night Light Park & More

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## दीपक प्रकाश बने सचेतक



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। झारखंड से भाजपा के राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश राज्यसभा में भाजपा के सचेतक बनाये गये हैं। नयी जिम्मेदारी दिये जाने पर दीपक प्रकाश ने पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि नये दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

### मुख्यमंत्री एक्शन में, दिये कई निर्देश

# बीएड के छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान करें: हेमंत सोरेन

- पीजीटी शिक्षकों को कल मिलेगा नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही हेमंत सोरेन सहित उनका पूरा मंत्रिमंडल एक्शन में आ गया है। मुख्यमंत्री खुद लगातार बैठक कर योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ले रहे, तो लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दे रहे। इन सब के बीच आम लोगों से मिल कर और सोशल मीडिया पर आयी शिकायेतों का हल निकाल रहे। हेमंत ने बुधवार को जनहित के लिए कई कदम उठाये।

**बीएड छात्रों की छात्रवृत्ति का 24 घंटे में दें अपडेट:** सरायकेला जिला के रहने वाले संजय कुमार महतो ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री को बताया कि वह बीएड सत्र 2019-21 का छात्र था। दोनों साल छात्रवृत्ति के लिए फाइनेंशियल अप्रूवल भी किया गया लेकिन राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने विभागीय मंत्री दीपक बिरुवा को इस पर संज्ञान लेने के लिए कहा । बिरुवा ने संजय से एप्लिकेशन नंबर शेयर करने को कहा। उसके बाद जिला कल्याण पदाधिकारी सरायकेला से 24 घंटे के अंदर मामले में जवाब मांगा। साथ ही ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर अजय नाथ झा को इसकी मॉनिटरिंग कर 24 घंटे के अंदर वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा है।

**मुख्यमंत्री देंगे 1500 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 1500 पीजीटी शिक्षकों को 12 जुलाई को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके लिए 12 जुलाई को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बता दें कि राज्य में वर्ष 2022 में 3120 प्लस टू शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी थी। इसमें से प्रथम चरण में लगभग 1000 शिक्षकों को इस वर्ष मार्च में नियुक्ति पत्र दिया गया था।



### ये आपकी सरकार, दूर होंगी समस्याएं: हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। जनता के हित में हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ लगातार कार्य करती आ रही है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं का यथोचित एवं त्वरित समाधान होगा।

### आभार यात्रा शुरू करेंगे हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगस्त के पहले सप्ताह से पूरे राज्य में आभार यात्रा शुरू करेंगे। इसकी जानकारी झामुमो नेता मनोज पांडेय ने दी। उन्होंने कहा कि जेल में रहने के दौरान मुख्यमंत्री को पूरे राज्य की जनता का समर्थन और स्नेह मिला। साथ ही अपने पर लगा आरोप निराधार निकला। इसे लेकर वह आभार यात्रा निकालेंगे।

## उत्तर प्रदेश के उन्नाव में सड़क हादसा, 18 की मौत

उन्नाव (आजाद सिपाही)। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बुधवार सुबह 5.15 बजे डबल डेकर बस और टैंकर की टक्कर हो गयी। हादसे में बस सवार 18 यात्रियों की मौत हो गयी। जबकि 19 घायल हैं। मृतकों में 14 पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चे हैं। बस बिहार के सीवान से दिल्ली जा रही थी। हादसा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस की ड्राइवर साइड की बॉडी पूरी तरह अलग हो गयी। यात्री बाहर गिर गये। उनकी वहीं मौत हो गयी। हादसे के वीडियो सामने आये हैं। इनमें दिख रहा है कि सड़क पर लाशें बिखरी पड़ी हैं। लाशों को देखकर एक पुलिसकर्मी बेहोश हो गया।पुलिस ने बताया कि दूध के टैंकर को ओवरटेक करने के दौरान बस बेकाबू होकर टैंकर को टक्कर मारते हुई पलट गयी। डीएम गौरांग राठी ने बताया बस में 57 यात्री सवार थे। करीब 20 यात्री सुरक्षित हैं। 18 मृतकों में अभी 16 की शिनाख्त नहीं हुई हैं। 19 घायलों का उन्नाव जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। 5 गंभीर घायलों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

### प्रधानमंत्री पहुंचे ऑस्ट्रिया, हुआ भव्य स्वागत

# युद्ध का समाधान रणभूमि नहीं : मोदी



एजेंसी

**वियना।** प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर ऑस्ट्रिया में हैं। इस दौरान ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर उनके साथ रहे। दोनों ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेस को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। दोनों देशों के बीच स्टार्टअप ब्रिज को गति दी जायेगी। चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों भी बात हुई। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है, समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता। चाहे वह कहीं भी हो, मासूम लोगों के जान की हानि अस्वीकार्य है।

**सहयोग की नयी संभावनाओं की पहचान की:** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने आपसी सहयोग और मजबूत करने के लिए नयी संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जायेगी। यह केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन आदि क्षेत्रों में एक-दूसरे के जोड़ने का काम किया जायेगा।

### ऑस्ट्रियाई चांसलर ने भारत से व्यापार बढ़ने की उम्मीद जतायी

ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जिसकी आवाज पूरी दुनिया में सुनी जाती है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया में भारतीय निवेश भी होगा। आर्थिक सहयोग की उच्च मांग है, खासकर जब नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण और शहरी प्रौद्योगिकी, शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के विकास की बात आती है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
झारखण्ड सरकार

1500 PGT शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण

सूचना

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों (PGT) के अनुशंसित 07 विषयों यथा; हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित एवं इतिहास विषय में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम, 12 जुलाई 2024 को प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची में निर्धारित है। सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर प्रात: 09 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 329278 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |



# झामुमो के लिए बड़ी चुनौती है पांच सीटों पर प्रत्याशियों का चयन

## ■ जोबा, नलिन, लोबिन, सीता और चमरा के उत्तराधिकारियों की तलाश जारी

## ■ हर कीमत पर ये पांच विधानसभा सीट अपने कब्जे में रखना चाहता है झामुमो

**आजाद सिपाही विशेष**

लोकसभा चुनाव खत्म होने और हेमंत सोरेन के दोबारा झारखंड की कमान संभालने के बाद अब झारखंड मुक्ति मोर्चा में इस बात पर मंथन होने लगा है कि अगले चार-पांच महीने में होनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को धार कैसे दी जाये। इसके लिए सबसे पहले उम्मीदवारों के चयन पर ध्यान दिया जा रहा है। झामुमो के लिए कम से कम पांच ऐसी विधानसभा सीटें चुनौती बन कर खड़ी हैं, जहां के विधायक या तो सांसद बन गये हैं या फिर वहां से बागियों ने चुनाव लड़ा था। जोबा मांझी सिंहभूम सीट से सांसद बन चुकी हैं और उनकी मनोहरपुर सीट खाली हो गयी है। इसी तरह नलिन सोरेन दुमका के सांसद बन गये हैं और उनकी शिकारीपाड़ा सीट खाली हो गयी है। इसी तरह बोरियो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने राजमहल से, सीता सोरेन ने दुमका से और चमरा लिंडा ने लोहरदगा से बागी प्रत्याशी के रूप में संसदीय चुनाव लड़ा था। इन तीनों को झामुमो से निलंबित किया जा चुका है। तो अब यह सवाल उठ रहा है कि इन सभी पांच विधानसभा सीटों पर झामुमो की तरफ से किसे उतारा जायेगा। विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने और अपनी कैबिनेट का विस्तार करने के बाद से हेमंत सोरेन के सामने यह सवाल मुंह बाये खड़ा है। झामुमो के भीतर इन सीटों पर प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दिये जाने का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यही है कि इन सीटों पर कोई जिताऊ चेहरा अब तक सामने नहीं आया है। ऐसे में संभावना व्यक्त की जा रही है कि बागियों को माफी देकर दोबारा टिकट दिया जा सकता है, हालांकि हेमंत सोरेन का रुख देख कर ऐसा नहीं लगता है। क्या है इन पांच सीटों का समीकरण और झामुमो कैसे इस चुनौती से पार पा सकेगा, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**

झारखंड में विधानसभा चुनाव की गतिविधियां शुरू हो गयी हैं। हेमंत सोरेन ने राज्य की कमान संभालने के बाद से ही राजनीतिक मोर्चे पर काम करना शुरू कर दिया है। उन्हें यह अच्छी तरह पता है कि इस बार का विधानसभा चुनाव बेहद कठिन होनेवाला है, क्योंकि भाजपा ने अपना खोया हुआ गढ़ दोबारा हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया हुआ है और वह सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को हर मोर्चे पर घेरने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं दे रही है। पांच साल तक सरकार चलाने के बाद झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन स्वाभाविक तौर पर रक्षात्मक मुद्रा में है, लेकिन वह कई अहम मुद्दों पर भाजपा को घेरने से भी पीछे नहीं हट रहा है।

राजनीतिक मोर्चे पर इस झकझूमर में झामुमो के सामने एक बड़ी चुनौती विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों का चयन है। झामुमो को उन पांच विधानसभा सीटों पर सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जहां के विधायक या तो सांसद बन गये हैं या बागी बन कर संसदीय चुनाव में उतरे थे। इनमें मनोहरपुर की विधायक जोबा मांझी और शिकारीपाड़ा के विधायक नलिन सोरेन का नाम सबसे ऊपर है, क्योंकि ये दोनों क्रमशः सिंहभूम और दुमका सीट से सांसद बन चुके हैं। जोबा मांझी और नलिन सोरेन झामुमो के कद्दावर नेता माने जाते हैं और सांसद बनने से पहले विधानसभा चुनाव में अपनी-अपनी सीट से कई बार चुने जा चुके थे। नलिन सोरेन तो खैर कभी चुनाव हारे ही नहीं थे। जोबा मांझी भी लगातार दो बार विधायक रह चुकी थीं। इन दोनों के अलावा झामुमो के सामने बोरियो के विधायक लोबिन हेंब्रम का उत्तराधिकारी चुनने की चुनौती है, जो राजमहल संसदीय सीट से बागी प्रत्याशी के रूप में इस बार चुनाव मैदान में उतरे थे और बुरी तरह पराजित हो गये। इसी तरह जामा से लगातार तीन बार की विधायक सीता सोरेन भी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हो गयीं और दुमका संसदीय सीट से चुनाव लड़ कर नलिन सोरेन से हार गयीं। बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा भी लोहरदगा संसदीय सीट से बागी प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे, लेकिन बुरी तरह पराजित हो गये। जानकारों की मानें, तो झामुमो नेतृत्व यह तय कर चुका है कि इन तीनों बागियों को फिर से अवसर नहीं दिया जायेगा।



### 2019 में क्या था इन पांच सीटों का परिणाम

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के तहत आनेवाली मनोहरपुर विधानसभा सीट राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह इलाका जमींदारी प्रथा के दौरान चर्चा में आया। इस क्षेत्र के सारंडा के जंगलों में औषधीय गुणों से युक्त वनस्पतियां पायी जाती हैं। पिछले चुनाव में झामुमो की जोबा मांझी ने यहां से भाजपा के गुरुचरण नायक को 16 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया था।

दुमका संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाली शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट भी राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। 2019 में यहां से झामुमो के नलिन सोरेन ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने भाजपा के परितोष सोरेन को 29 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया था।

दुमका संसदीय क्षेत्र के तहत ही जामा विधानसभा सीट भी आती है, जो झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के दिवंगत पुत्र दुर्गा सोरेन का गढ़ माना जाता है। उनके निधन के बाद यहां से उनकी पत्नी सीता सोरेन ने जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव से ठीक पहले वह भाजपा में शामिल हो गयीं।

उन्होंने दुमका संसदीय सीट से चुनाव भी लड़ा, लेकिन हार गयीं। उन्होंने जामा सीट से इस्तीफा दे दिया है। 2019 में सीता सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी के सुरेश मुर्मू को 2426 वोटों के अंतर से हराया था।

अब बात राजमहल संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाली बोरियो विधानसभा सीट की। यहां से झामुमो के कद्दावर नेता लोबिन हेंब्रम विधायक थे, लेकिन इस बार वह पार्टी से बगावत कर राजमहल संसदीय सीट से बतौर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गये। उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा। झामुमो ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है।

2019 के चुनाव में लोबिन हेंब्रम ने भारतीय जनता पार्टी के सूर्या हांसदा को 17 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था।

यही स्थिति आदिवासी हार्टलैंड के रूप में चर्चित लोहरदगा संसदीय सीट के तहत आनेवाले बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में है। बिशुनपुर विधानसभा सीट गुमला जिले में आती है। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो के चमरा लिंडा ने भारतीय जनता पार्टी के अशोक उरांव को 17 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया था। इस बार चमरा लिंडा लोहरदगा संसदीय सीट से निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में उतरे और हार गये। इधर झामुमो ने उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

### झामुमो तलाश रहा जिताऊ उम्मीदवार

अब झामुमो को इन पांच सीटों पर ऐसे उम्मीदवारों की तलाश है, जो उसके लिए ये सीटें जीत सकें। ये सभी सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं और झामुमो इन्हें किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहेगा। पार्टी के भीतर चर्चा इस बात की भी हो रही है कि बागियों को माफी देकर फिर से चुनाव मैदान में उतारा जाये, हालांकि पार्टी का बड़ा खेमा इसके खिलाफ है। उधर इन सीटों पर झामुमो के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता अभी से ही अपनी गोटी सेट करने में लगे हैं।

---

### कनहर बराज परियोजना में देरी से हाइकोर्ट नाराज

# बराज के पूरा नहीं होने तक गढ़वा, पलामू के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** पलामू एवं गढ़वा में सिंचाई के लिए प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना में देरी पर झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी की जतायी है। कोर्ट ने प्रथम पाली के मामले में मुख्य सचिव, जल संसाधन सचिव, वन सचिव और वित्त सचिव को कोर्ट में तलब किया। इसके बाद यह ये सभी अधिकारी कोर्ट में द्वितीय पाली में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा कि वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने 5 साल में इस परियोजना को पूरी होने का टाइमलाइन दिया था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा है।

कोर्ट ने मुख्य सचिव को कनहर बराज परियोजना पूरा करने को लेकर टाइम फ्रेम प्रस्तुत करने एवं कनहर बराज के पूरा नहीं होने तक गढ़वा, पलामू के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। कोर्ट ने सरकार द्वारा कनहर बैराज पूरा करने के लिए 8 साल का समय मांगे जाने को गंभीरता से लिया।

कोर्ट ने सरकार के इस शपथ पत्र को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने मौखिक कहा कि वर्ष 2009 से कनहर परियोजना को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई वर्ष 2024 तक चल रही है, लेकिन राज्य सरकार कनहर बराज परियोजना को लेकर उदासीन बनी हुई है। झारखंड के पलामू, गढ़वा क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति वर्षों से देखी जा रही है लेकिन वहां सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कोई सकारात्मक कदम राज्य सरकार ने अब तक नहीं उठाया है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से बुधवार को शपथ पत्र दाखिल कर कनहर बराज परियोजना को पूरा करने को लेकर 8 साल का समय मांगा गया, जिस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि राज्य सरकार की ओर से बार-बार शपथ पत्र दाखिल किया जा रहा है लेकिन अब तक पर कनहर बराज परियोजना को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। कनहर बराज परियोजना को पूरा करने को लेकर हाइकोर्ट गंभीर है।


सरकार द्वारा वर्ष 2020 में इस परियोजना को 5 साल में पूरा करने का दावा किया गया था लेकिन यह दावा पूरा नहीं हुआ, जो इस बात का संकेत करता है कि राज्य सरकार कैसे काम कर रही है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार की ओर से पक्ष रखा। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार कनहर परियोजना को जल्द पूरा करना चाहती है, लेकिन इसमें छत्तीसगढ़ के साथ कुछ जमीन विवाद भी है। सरकार सभी आपत्तियों को जल्द दूर कर इस परियोजना को टाइम फ्रेम बनाकर जल्द पूरा कर लेगी।

---

# अगस्त से 41 लाख 44 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी 200 यूनिट फ्री बिजली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दो सौ यूनिट फ्री बिजली के संबंध में कैबिनेट से फैसला पारित है। ऐसे में अब राज्य के घरेलू शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जायेगी। कैबिनेट के प्रस्ताव के तहत योजना एक जुलाई से लागू की गयी है। जबकि इस संबध में तीन जुलाई को ऊर्जा विभाग की ओर से संकल्प जारी कर दिया गया है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो अगस्त महीने से मिलने वाले बिजली बिल पर 200 यूनिट फ्री बिजली का लाभ मिलेगा। कैबिनेट से पारित प्रस्ताव के अनुसार, राज्य में कुल घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 45,77,616 है। इनमें 41,44,634 उपभोक्ता ऐसे हैं, जो 200 यूनिट तक बिजली का इस्तेमाल करते हैं। इस पर हर माह सरकार को करीब 344.36 करोड़ रुपये खर्च करना होगा। सरकार उक्त राशि सब्सिडी के रूप में झारखंड बिजली वितरण



निगम को उपलब्ध करायेगी।

वहीं, रांची जिले में पांच लाख 36 हजार 564 घरेलू उपभोक्ता हैं। इनमें 4.33 लाख उपभोक्ता हर माह लगभग 200 यूनिट तक बिजली का इस्तेमाल करते हैं। इन्हें फ्री बिजली का लाभ मिलेगा। वहीं, बोकारो जिले में 1.91 लाख, देवघर में 1.89 लाख, धनबाद में 2.31 लाख, गिरिडीह में 3.01 लाख, दुमका में 1.91 लाख, हजारीबाग में 2.18 लाख व पूर्वी सिंहभूम में 54.72 हजार उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा।

मुफ्त बिजली योजना के तहत 200 यूनिट तक इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को एनर्जी चार्ज, फिक्स्ड चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि नहीं लगेंगे। जिन घरों में बिजली की खपत 200 यूनिट तक होगी। उनका बिल पूरी तरह माफ कर दिया जायेगा।

### कैसे मिलेगा लाभ

इस योजना का लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जो प्रति महीने 200 यूनिट बिजली उपभोग करेंगे। इससे अधिक बिजली उपभोग करने पर 6.65 प्रति यूनिट बिजली ली जायेगी। राज्य में इस समय कुल 58 लाख बिजली के उपभोक्ता हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को झारखंड का निवासी होना चाहिए, जो उपभोक्ता प्रति माह 200 यूनिट या उसे कम बिजली की खपत करते है, केवल वही योजना का लाभ उठा सकते हैं, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता योजना के लिए पात्र हैं। योजना का लाभ लेने के लिए अलग से किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिन लाभार्थियों के द्वारा प्रति माह बिजली की खपत 200 यूनिट या उसे कम होती है, उनका बिजली का बिल शून्य आयेगा। पर यदि 200 यूनिट से अधिक खपत होती है तो उन्हें बिजली बिल का भुगतान करना होगा।

---

# श्रावणी मेला को लेकर ऊर्जा विभाग की तैयारी, टीम की नियुक्ति की गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** देवघर में सावन मेला की तैयारियां जोरों पर है। 21 जुलाई से बाबाधाम में मेला शुरू हो जायेगा। इसके लिये महीने भर पहले से सरकार की ओर से तैयारी की जा रही है।



इसे लेकर ऊर्जा विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है। ऊर्जा विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। जिसमें ऊर्जा विभाग की ओर से अभियंताओं की एक टीम श्रावणी मेला में नियुक्त की गयी है। ऊर्जा विभाग की ओर से बहाल ये टीम मेला से पूर्व विद्युत उपकरणों का जायजा लेगी। साथ ही मेला के दौरान विद्युत सज्जा और उपकरणों की निगरानी करेगी। इसके लिये उर्जा विभाग की ओर से वासुकिनाथ में भी अभियंताओं की बहाली की गयी है। जारी आदेश में बताया गया है कि बाबा धाम और वासुकिनाथ परिसर में विद्युत उपकरणों एवं विभिन्न स्थलों पर निर्मित पंडालों में किये गये अस्थायी बिजली कनेक्शन की सुरक्षा जांच और उसके उपायों को लेकर टीम काम करेगी। इसके तहत विद्युत निरीक्षक रांची प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, सहायक विद्युत अभियंता रांची अजय कुमार सिंह, शैलेजानंद प्रकाश, दीपक रजक, कनीय अभियंता कुदन कुमार दास और विकास कुमार यादव की तैनाती श्रावणी मेला के लिए की गयी है।

---

# कोल्हान में नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक की फिश प्लेट उखाड़ी, ट्रेनों का परिचालन ठप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनोहरपुर (चाइबासा)।** कोल्हान में भाकपा माओवादियों के बंद का असर दिखने लगा है। नक्सलियों ने ट्रेनों का परिचालन बाधित करने के उद्देश्य से हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग में ट्रैक से फिश प्लेट उखाड़ दिया है। जिससे ट्रेनों का आवागमन ठप हो गया है। यात्री और गुड्स ट्रेन बीच रास्ते में ही खड़ी हो गयी हैं। घटना रात 2 से 3 बजे के बीच की बतायी जा रही है।

**नक्सलियों ने बीच पटरी पर लगाया बैनर :** नक्सलियों ने मनोहरपुर-जराइकेला के थर्ड रेल लाइन के पोल संख्या 378/35 ए और 378/31 ए-35 ए के बीच पटरी पर बैनर भी लगा दिया है। जिसमें उनलोगों ने कोल्हान प्रमंडल में नक्सली बंद को सफल बनाने का अह्वान किया है। ये बैनर दक्षिणी जोनल कमेटी भाकपा माओवादी द्वारा लगाया गया है। जहां लिखा है कोल्हान सारंडा में पुलिसिया नरसंहार के खिलाफ 10 जुलाई 2024 को आहूत एकदिवसीय बंद को सफल बनायें। घटना के बाद सुरक्षा बलों के जवान अलर्ट मोड पर हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 33.1°c | 25.0°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.38 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.09 बजे | |



# विधायक बनने के बाद कल्पना सोरेन ने खींच दी लंबी लकीर



## ■ हालात से लड़ीं कल्पना सोरेन अब राजनीति में बज रहा है डंका

## ■ पार्टी पर है मजबूत पकड़, कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में रहीं कामयाब

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** आज हम उस महिला की चर्चा करने जा रहे हैं, जिसने न केवल हादसे से मुकाबला किया, बल्कि परिवार के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में पिरोये रखने में कामयाब रही। उस महिला का नाम है कल्पना सोरेन। वही कल्पना, जिसकी पहचान पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी के रूप में थी। सभ्य, सौम्य, घरेलू महिला। आज वही कल्पना सोरेन की चर्चा हर एक राज्यवासी की जुबान पर है। हालात ने कल्पना की राजनीति में इंट्री करायी।

अब वह सिर्फ कल्पना सोरेन नहीं, बल्कि झामुमो की पहली कतार की नेता और गांडेय विधायक हैं। कल्पना के पति राज्य के उस समय के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को इडी ने गिरफ्तार कर लिया था। जैसे ही हेमंत की गिरफ्तारी हुई, सबसे विचित्र स्थिति कल्पना सोरेन की हो गयी थी। उनके लिए यह बड़ा हादसा था। उन्होंने खुद को संभाला। परिवार और पार्टी को भी एकजुट रखने में कामयाब हुईं। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद कल्पना ने झामुमो और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। राजनीति में इंट्री के बाद कल्पना सोरेन की पकड़ पार्टी में बढ़ती चली गयी। नतीजा आपके सामने है। एसटी के लिए आरक्षित सभी लोकसभा की सीटों पर जेएमएम और कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत हुई। वह खुद गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही थीं।

परिणाम जब आया, तो जीत का फासला बहुत ज्यादा था। हालात ने जिसे राजनीति में इंट्री करायी, वह चार जून को विधायक बन गयीं। विधायक बनने के बाद जिस तरह से वह गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही हैं, उसकी तारीफ करनी चाहिए। जब भी वह अपनी विधानसभा में जाती हैं, वह सीधे महिलाओं के बीच चली जाती हैं। उनकी समस्याओं को सुनती हैं और तुरंत हल करवा देती हैं। विधायक के तौर पर अधिकारियों के साथ कई बैठकें कर चुकी हैं।

एक विधायक अपने क्षेत्र के विकास के लिए क्या कुछ कर सकता है, दूसरों को कल्पना सोरेन से सीखना चाहिए। वह गांडेय के लोगों की हर समस्या को दूर करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही हैं। वह पूरा फोकस गांडेय विधानसभा क्षेत्र पर दे रहीं हैं। वह चुनाव के दौरान लोगों से कहतीं थी कि हेमंत सोरेन को गलत फंसाया गया है। हाइकोर्ट का फैसला आने के बाद उनके बयान पर मुहर लग गयी है। आनेवाले विधानसभा चुनाव में कल्पना एक बार फिर झामुमो की स्टार प्रचारक की भूमिका में होंगी और प्रत्याशी चयन से लेकर प्रचार अभियान तक में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी, जिससे कई सीटों के परिणाम में उलटफेर की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे.आर्थिक लाभ। |
| वृष | लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगामान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। |
| मिथुन | गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा,प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। |
| कर्क | गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। |
| सिंह | परिस्थितियों में सुधार,बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे। |
| कन्या | नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। |
| तुला | परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। |
| वृश्चिक | चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी। |
| धनु | समय अनुकूल है, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| मकर | पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय, सामाजिक- राजनीतिक सम्पर्क- प्रभाव का लाभ मिलेगा। |
| कुंभ | स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। |
| मीन | कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, गम्भीरता और सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |

# इडी ने जमीन दलाल कमलेश के ठिकानों पर की छापेमारी

- अधिकारियों ने कांके रिसॉर्ट में भी छापामारी की
- लंबे समय से फरार चल रहा है जमीन दलाल कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रांची जिले के कांके अंचल के चामा गांव में बुधवार को छापेमारी की। गांव के कई ग्रामीणों से पूछताछ भी किया गया है। इस इलाके में जमीन की खरीद-बिक्री अवैध तरीके से करने का आरोप है। जमीन दलाल कमलेश इस इलाके में सक्रिय था। इडी की टीम ने जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकाने पर छापेमारी की साथ ही कांके रिसॉर्ट में भी छापामारी की। कमलेश लंबे समय से फरार। गौरतलब है कि पिछले दिनों कमलेश के ठिकानों पर इडी की रेड हुई थी, जिसमें भारी मात्रा में नकद, गोली और कई अहम दस्तावेज जब्त किये गये थे। जमीन का कारोबार करने से पहले कमलेश पत्रकारिता से भी जुड़ा था। कमलेश को इडी ने पूछताछ के लिए समन भी भेजा था, लेकिन वह अभी तक उपस्थित नहीं हुआ है।

## चामा गांव के ग्रामीणों का आरोप

## जमीन दलाल कमलेश और बृजेश सिंह हथियार और गुर्गों के बल पर जमीन पर करते थे कब्जा

- कांके के चामा गांव और सीओ कार्यालय में इडी की दबीश
- जमीन मालिकों से जमीन के दस्तावेज लेकर इडी के अधिकारियों ने दर्ज किये बयान
- पूछताछ के बाद इडी ने कांके सीओ और सीआइ का मोबाइल जब्त किया



सुनील गुप्ता

**कांके (आजाद सिपाही)।** अंचल क्षेत्र के कांके पिठोरिया मार्ग स्थित चामा गांव और अंचल कार्यालय में इडी की टीम ने बुधवार को दबिश दी और ग्रामीणों से मिलकर गांव में जमीन कब्जा करने के मामले की पड़ताल की। दोपहर 11:45 बजे से शाम के 6 बजे तक अंचल कार्यालय में इडी ने छापामारी की। इडी ने पूछताछ के बाद कांके सीओ और सीआइ का मोबाइल जब्त कर लिया है।

ग्रामीणों ने अधिकारियों और सदस्यों को बताया कि जमीन दलाल कमलेश कुमार और बृजेश कुमार सिंह उर्फ बीके सिंह हथियार और गुर्गों के बल पर नगड़ी चामा और बुकरू गांव में जमीन पर कब्जा करते थे। हम लोगों की रैयती, पुश्तैनी जमीन का फर्जी कागजात भी बना लिया था। दोनों मिलकर इन जमीनों को बाहर के व्यक्तियों को फर्जी जमीन मालिक बनाकर (खड़ा कर) बिक्री कर दिया करते थे। जमीन पर जाने पर हथियार और आसामाजिक तत्वों के बल पर हम लोगों को मारपीट कर भगा दिया जाता था। जब हम लोग कांके थाना में मामला दर्ज करने जाते थे तो वहां थाना के पदाधिकारी भी हम लोगों की नहीं सुनते थे। प्रवर्तन निदेशालय रांची (इडी) की टीम ने चामा गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत पश्चात उनके जमीनों को खेत खलियानों में जाकर देखा। लेकिन बारिश होने की वजह से यह सभी अधिकारी सभी ग्रामीणों को अंचल कार्यालय आने को कहे और अंचल में आकर कागजात जमा करने को कहा। इडी के अधिकारियों ने कांके अंचल में बारी-बारी से सभी जमीन मालिकों से उनकी जमीन के कागजात लिए और बयान भी दर्ज किया। वहीं अंचल अधिकारी जय कुमार राम और सीआइ चितरंजन टुडू से भी इस संबंध में बातचीत की और रिकॉर्ड दस्तावेजों की भी जानकारी ली। नगड़ी और चामा गांव के दर्जनों जमीन मालिकों ने बताया कि जमीन दलाल कमलेश कुमार और बृजेश कुमार सिंह उर्फ बीके सिंह जो दोनों कांके रिसोर्ट नगड़ी में ही रहते हैं। इन लोगों ने जमीन कब्जा करने के लिए दर्जनों लोगों का एक गिरोह भी बना रखा है। इन दोनों ने गांव की कई एकड़ जमीन पर अभी भी कब्जा कर रखा है और कई एकड़ जमीन फर्जी कागजात के सहारे बिक्री भी कर दी है। इन जमीन दलालों ने हम लोगों की जमीन का फर्जी कागजात बना लिया था और वर्ष 1932-35 व वर्ष 1956-57 का फर्जी नीलामी पेपर बनाकर कई लोगों को जमीन भी बिक्री कर दिया है और इसी फर्जी कागजात के सहारे हम लोगों की जमीन पर प्रतिदिन जेसीबी मशीन से खुदाई और मजदूरों को लगाकर चाहरदीवारी की जाती थी। जब हम लोग रोकने जाते थे। तो हम लोगों के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार और हथियार का डर दिखाया जाता था। अब हम लोगों को उम्मीद जगी है कि हम लोग जमीन पर खेती-बाड़ी कर सकेंगे। इडी के अधिकारी और मोदी सरकार ही हम लोगों को अब इस समस्या से निजात दिलायेगी। बताते चलें कि चामा गांव के ग्रामीणों से मिलने कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी गांव पहुंचे थे। वहीं ग्रामीणों ने रांची के इडी कार्यालय में जाकर आवेदन भी दिया था।

## मोहम्मद इरशाद की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** बड़गांई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी मोहम्मद इरशाद जमानत अर्जी पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मोहम्मद इरशाद की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था। बता दें कि 16 अप्रैल को जमीन कारोबारी मोहम्मद इरशाद, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और जेएमएम नेता अंतू तिर्की को इडी ने गिरफ्तार किया था।

# इडी के तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर सुबोध कुमार का बयान कोर्ट में दर्ज

- गवाही के दौरान जेल में बंद सस्पेंड आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुईं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में इडी की ओर से इडी के तत्कालीन उप-निदेशक सुबोध कुमार की गवाही कोर्ट में दर्ज हुई। इडी की गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से भी क्रॉस एग्जामिनेशन( प्रतिप्रेक्षण) किया गया। सुबोध कुमार ने अपनी गवाही में कोर्ट को बताया कि मनरेगा घोटाले से की गयी अवैध कमाई के पैसों की मनी लाउंड्रिंग किस तरह से की गयी। इडी अब तक एक दर्जन से अधिक गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है। गवाही के दौरान जेल में बंद सस्पेंड आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुईं। अदालत में मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी।

# आदिवासी हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार में नहीं बन रहा ट्राइबल का जाति प्रमाण पत्र : बाबूलाल

## छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन तक नहीं कर पा रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि जो सरकार आदिवासी हितैषी होने का दावा करती है, उसी सरकार में आदिवासियों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। कहा आदिवासी समाज के हितैषी होने का ढोंग करने वाली जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में आदिवासी छात्र-छात्राओं का जातीय और आवासीय प्रमाण पत्र भी नहीं बन रहा है। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन तक नहीं कर पा रहे हैं। लगातार शिकायत करने और ज्ञापन देने के बावजूद भी उनकी समस्याओं का कोई भी समाधान नहीं किया जा रहा है।

**चोरों को संरक्षण देने वाली गठबंधन सरकार :** मरांडी ने कहा, चोरों को संरक्षण देने वाली गठबंधन सरकार की विदाई अबकी तय है। पूरे प्रदेश में चोरों का आतंक फैला हुआ है, प्रदेश का ऐसा एक भी कोना नहीं बचा है जहां राज्य सरकार के संरक्षण में झपट्टामार गैंग काम न कर रहा हो। प्रदेश के किसी भी जिले का आंकड़ा निकाल कर देखा जा सकता है कि कैसे ऐसी गैंग को संरक्षण देकर झामुमो और कांग्रेस की सरकार जनता में भय को बढ़ावा दे रही है। हर दिन अखबार के पन्ने चोरी और डकैती से भरे होते हैं।

### सरकार की विदाई तय

मरांडी ने आगे कहा कि एक दो जगह अपराध की प्राथमिकी दर्ज भी हुई तो, वो भी फाइलों में सिमटकर रह गयी, और बेईमान सरकार की बेईमान पुलिस गिरोह के एक भी सदस्य को गिरफ्तार नहीं कर पायी। उन्होंने कहा, 'साढ़े चार साल की नाकामी को छुपाने की कोशिश में लगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, अब आपके बदले लिबास और ओढ़े हुए किरदार को जनता समझ चुकी है। इंतजार कीजिए, जनता अपने ऊपर हुए हर एक जुल्म का हिसाब आपसे लेगी'।

# संघ की प्रांत प्रचारक बैठक 12 से 14 जुलाई तक रांची में

- संघ के विस्तार, शताब्दी वर्ष पर होगी चर्चा
- सभी मंडलों में कम से कम एक शाखा शुरू करने पर चर्चा होगी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बुधवार को कहा कि अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक की बैठक में संघ की विभिन्न सांगठनिक कार्य योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। आगामी शताब्दी वर्ष में देशभर के सभी मंडलों में कम से कम एक शाखा शुरू करने की कार्य योजना पर भी चर्चा होगी। रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में 12 से 14 जुलाई तक आयोजित इस बैठक में देशभर के 46 प्रांतों के प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र प्रचारक और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सभी प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

आंबेकर ने सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि संघ की प्रतिवर्ष तीन महत्वपूर्ण बैठकें होती हैं। इनमें से एक प्रांत प्रचारक बैठक है। प्रांत प्रचारक बैठक में हाल ही में संपन्न हुए प्रशिक्षण वर्ग एवं विभिन्न विषयों और उनके क्रियान्वयन सहित संघ के सभी कार्य विभाग के कार्यों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के देशभर में प्रवास के विषय पर चर्चा होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार एवं प्रदीप जोशी और उत्तर पूर्व क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन भी मौजूद थे।

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख आंबेकर ने बताया कि वर्तमान में देशभर में 73 हजार शाखाएं संचालित की जा रही हैं। आगामी शताब्दी वर्ष में देशभर में सभी मंडल स्तर तक कम से कम एक शाखा हो, इसकी योजना पर कार्य हो रहा है। इसके साथ ही नगरों में बस्ती तक संघ के सेवा कार्य, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर पहुंचने की योजना बनायी जायेगी। शारीरिक विभाग द्वारा इस वर्ष कई नये खेलों का निर्माण किया गया है जिन्हें शाखा स्तर तक पहुंचाया जायेगा।

आंबेकर ने बताया कि वर्ष 2025-26 शताब्दी वर्ष है और इन वर्षों में सामाजिक परिवर्तन के पंच उपक्रम को शाखा स्तर और समाज तक पहुंचाने की योजना बनायी जायेगी। शताब्दी वर्ष के कार्य विस्तार की योजना को पूर्ण करने के लिए देशभर में 3000 कार्यकर्ता दो वर्ष का समय शताब्दी विस्तारक के रूप में दे रहे हैं। तीन दिवसीय इस बैठक में समाज की सज्जन शक्ति को अपने साथ जोड़कर समाज परिवर्तन के लिए कैसे मिलकर काम किया जाये, इस पर भी विचार किया जायेगा। इसके साथ ही सामाजिक जीवन के कई और विषयों पर चर्चा होगी।

# अबुआ आवास लाभुकों को सस्ते दर पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करे विभाग : इरफान अंसारी

- ग्रामीण विकास मंत्री ने विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं, नीतियों की उच्च स्तरीय समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कहा कि विभाग इस बात का विशेष ख्याल रखे कि योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हो। अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं। ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए बालू जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करें। उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किये गये 2 लाख आवास और इसकी पहली किस्त की राशि जारी होने और आवास निर्माण के प्रगति की जानकारी ली। कहा कि लाभुकों के चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखें। बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय चौबे, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, सीइओ जेएसएलपीएस संदीप सिंह, अपर सचिव शैलप्रभा कुजूर, संयुक्त सचिव अवध प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लंबित पीएम आवास जल्द पूरा करें

मंत्री ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख-रखाव एवं संरक्षण की पूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कहा कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष नवंबर के पहले तक एक लाख कूपों का निर्माण पूर्ण करें। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अपूर्ण और लंबित आवासों का निर्माण कर जल्द से जल्द पूरा करें। जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को मोबिलाइजेशन करें।

### 15वें वित्त आयोग की राशि का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करें

इरफान अंसारी ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि राज्य के सभी पंचायत सचिवालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायें। बिजली, इंटरनेट, सोलर पैनल, कंप्यूटर सेट एवं प्रज्ञा केंद्र स्थापित हों यह सुनिश्चित करें। राज्य के सभी पंचायतों में अपना पंचायत भवन होना चाहिए। सभी पंचायत सचिवालयों तक पहुंच पथ हो यह भी सुनिश्चित करें। सभी पंचायत सचिवालय पूर्णत: क्रियाशील हों, यह सुनिश्चित करें। 15वें वित्त आयोग की राशि का व्यय शत प्रतिशत हो।

# मंत्री हफीजुल हसन ने किया पदभार ग्रहण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रोजेक्ट भवन रांची में मंत्री हफीजुल हसन अंसारी साहब ने बुधवार को नगर विकास एवं आवास विभाग में पदभार ग्रहण किया। मौके पर हसन ने कहा, मुख्यमंत्री ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसे पूरे निष्ठापूर्ण के साथ निर्वाहन करूंगा। कहा, राज्यवासियों की सेवा करना ही मेरी प्रथमिकता है। मंत्री ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में योजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं को तेजी से जन-जन तक पहुंचाने का अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया।

**मॉब लिंचिंग के अपराधियों को सजा दिलायेंगे :** दूसरी ओर बुधवार को ही, मंत्री हफीजुल हसन के रांची आवासीय कार्यालय में इदारे सरिया के प्रतिनिधि तहजीबुल हसन और कोडरमा के आलिम शहाबुद्दीन और रांची के ए अंसारी व अन्य लोगों ने राज्य में हो रही मॉब लिंचिंग के संबंध में मुलाकात की। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी। किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जायेगा। इससे संबंधित ज़िले के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। कहा, हमारी सरकार पीड़ित परिवार के साथ है।

## आइएमए की बैठक, डॉ सौरभ निष्कासित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आइएमए ने बैठक कर डॉ कुमार सौरभ को संगठन से निष्कासित करने का निर्णय लिया है। आइएमए, कोडरमा की बैठक महावीर चिल्ड्रेन हॉस्पीटल पर सचिव डॉ नरेश कुमार पंडित और डॉ सुजीत राज की अध्यक्षता में हुई जिसमें आइएमए, कोडरमा के अधिकांश पदाधिकारियों, सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा इस बात पर चर्चा की गयी कि डॉ कुमार सौरभ, चिकित्सक के द्वारा सोशल मीडिया पर कोडरमा जिला के चिकित्सकों के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी और दोषारोपन का प्रयोग किया जा रहा है। आइएमए के चिकित्सकों के द्वारा समझाने के बाबजूद भी इनके कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हो रहा है। जिससे सभी सम्मानित चिकित्सकों की छवि धुमिल हो रही है। कुछ दिन पहले पल्स हॉस्पीटल, रांची के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आइएमए कोडरमा के अधिकांश पुरुष चिकित्सक और महिला चिकित्सक मौजूद थे। उसमें पल्स हॉस्पीटल से आये हुए कर्मी के द्वारा डॉ कुमार सौरभ एवं उनके गुर्गे को फोन पर बाहर आने के लिए कहा गया तो डॉ कुमार सौरभ द्वारा प्लेट तोड़ा गया और उपस्थित सभी आइएमए के वरीय महिला और पुरुष चिकित्सक और पल्स हॉस्पीटल के कर्मियों को गाली ग्लौज करने लगे और सभी चिकित्सकों को धमकी भी दी गयी। इसके विपरीत डॉ कुमार सौरभ ने तिलैया थाना जाकर चिकित्सकों और पल्स हॉस्पीटल के कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया। इसके पहले सदर अस्पताल में डॉ कुमार सौरभ और उनके कुछ गुर्गे के द्वारा इमरजेंसी में अचानक आकर ड्यूटि में कार्यरत डॉ धर्मेन्द्र कुमार और अन्य स्वास्थ्य कर्मी से गाली गलौज, अभद्र रूप से सरकारी कार्य में हस्तक्षेप करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा था। बैठक में सर्वप्रथम डॉ कुमार सौरभ को आईएमए (चिकित्सक संगठन) से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। मेडिकल एथिक्स का उल्लंघन करने हेतु राज्य और केंद्र आइएमए को सूचित करने का निर्णय लिया गया। सभी फॉर्मा कम्पनी के यूनियन से डॉ कुमार सौरभ के क्लिनिक पर विजिट नहीं करने का अनुरोध किया गया। बैठक में डॉ रामसागर सिंह, डॉ सुजीत कुमार राज, डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ विकाश चंद्रा, डॉ सुनिल कुमार, डॉ रचना गुप्ता, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ अलंकृता मंडल, डॉ पुनम कुमारी, डॉ वर्षा कुमारी, डॉ रंजीत कुमार, डॉ मनोज कुमार, डॉ अजय कुमार, डॉ सुनील कुमार यादव, डॉ मणीकान्त कुमार, डॉ अनीकेष, डॉ धर्मेन्द्र कुमार, डॉ मनोज भदानी, डॉ आरके दिपक, डॉ रूपेश पंडित, डॉ आशिष राज, डॉ अनीष कुमार, डॉ नीलमणी कुमार, डॉ रंजीत वर्णवाल, डॉ प्रमोद कुमार वर्णवाल, डॉ संदेश कुमार गुप्ता, डॉ आशीष कुमार, डॉ कुलदीप कुमार, डॉ आशीष चन्द्र और अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## बरही विधानसभा क्षेत्र में माफियाओं का राज नहीं बनने देंगे : कृष्ण यादव



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चौपारण में विगत एक दिन पूर्व की घटना का जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष और बरही विधानसभा क्षेत्र के नेता कृष्णा यादव ने घोर निंदा की है। दोनों नेता जो आपस में वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इन्हें बरही के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। बरही की जनता ने इन्हें बहुत आशा और उम्मीद के साथ 30 वर्षों तक मौका दिया लेकिन यह सिर्फ अपनी संपत्ति अर्जित करने में व्यस्त है जबकि बरही के युवा रोजगार की तलाश में पलायन कर रहा है। दिल्ली मुंबई महाराष्ट्र में जान जोखिम में डालकर मजदूरी कर रहा है और यह लोग अथ संपत्ति के मालिक बन बैठे है। बरही विधानसभा क्षेत्र के माटी के लाल के लोगों से अपील करता हूं कि इनके झांसे में ना आये उनके वर्चस्व के लिए केस मुकदमा में न फंसे।

## 24 जुलाई तक चलेगा स्वास्थ्य मेला



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप बैठा और बीडीएम सह बीपीएम धर्मेंद्र राम ने बताया कि प्रखंड में परिवार स्वास्थ्य मेला 24 जुलाई तक मनाया जाना है, जिसमें योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के विभिन्न विधियों से लाभान्वित किया जायेगा। परिवार स्वास्थ्य मेला के तहत 27 जून से 10 जुलाई तक दंपति संपर्क पखवारा और 11 जुलाई से 24 जुलाई तक परिवार स्वास्थ्य मेला पखवारा का आयोजन किया जायेगा। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप बैठा व बीडीएम सह बीपीएम धर्मेंद्र राम ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के दौरान एएनएम व सहिया दीदी योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन की विधियों की जानकारी देना सुनिश्चित करेंगी। साथ ही योग्य दंपति को परिवार नियोजन सेवा लेने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बता दें कि जनसंख्या संबंधी मुद्दों पर आमजनों को जागरूक करने की आवश्यकता को देखते हुए यूनाइटेड नेशन की पहल पर प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है।

## महीनों से बंद है सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन, मरीजों को परेशानी




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में स्थित कोडरमा सदर अस्पताल जिले की स्वास्थ्य सेवा में धड़कन है। इस अस्पताल में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज आते-जाते हैं, वहीं जिले के छोटी-बड़ी दुर्घटना के मरीज भी आते हैं। उसके वावजूद कोडरमा सदर अस्पताल में पिछले 6 महीना से सरकारी अल्ट्रासाउंड बंद पड़ा हुआ है। इसमें मरीज को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है क्योंकि मरीजों को वहां बाजार दर से कम यानी 200 रुपये में अल्ट्रासाउंड सभी महिला व पुरुषों का हो जाता था। वहीं मणिपाल अल्ट्रासाउंड में लगभग 400 रुपये देना पड़ता है, ओर यहां केवल गर्भवती महिला का अल्ट्रासॉउन्ड हो पाता है। वहीं सदर अस्पताल के द्वारा किये जा रहे अल्ट्रासॉउन्ड में लाल कार्ड वाले को फ्री भी अल्ट्रासाउंड किया जाता था। यहां प्रतिदिन 35 से 40 मरीज का अल्ट्रासाउंड किया जाता था। बताया जाता है कि डॉक्टर नहीं रहने के कारण अल्ट्रासाउंड बंद पड़ा हुआ है। इस बाबत मरीज से पूछे जाने पर बताया है कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड 200 रुपये में हो जाता था लेकिन बंद रहने के कारण काफी मरीज को परेशानियां उठानी पड़ती है। लोग दूर से आते हैं लेकिन लेट होने के कारण सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं हो पता है क्योंकि मनीपाल का टारगेट 30 से 35 है। जिस कारण कई लोगों को बाहर भी हजार रुपये लगाकर अल्ट्रासाउंड करना पड़ता है। वहीं कोडरमा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि डॉक्टर नहीं रहने के वजह से अल्ट्रासॉउन्ड बंद है। उन्होंने कहा डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए अखबार में विज्ञापन भी निकाला जा रहा है वहीं राज्य स्तर से पत्राचार कर अल्ट्रासॉउन्ड करने के लिए डॉक्टर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जा रहा है।

# एसीबी टीम का 8वां ट्रैप, चार हजार घूस लेते राजस्व कर्मचारी को दबोचा

**एलपीसी निर्गत करने के लिए दस हजार रुपये मांगी थी रिश्वत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एसीबी टीम ने साल का 8वां ट्रैप करते हुए राज्स्व कर्मचारी को चार हजार रुपए रिश्वत लेते मंगलवार सुबह रंगे हाथ दबोच लिया। इचाक थाना क्षेत्र के दरिया गांव निवासी अर्जुन प्रसाद मेहता पिता स्व इंद्रनाथ महतो ने एसीबी को जानकारी दी थी की परमानंद शर्मा पिता स्व बैजू शर्मा गम्हरिया, जिला-सरायकेला-खरसांवा इनके मित्र हैं। उनका हजारीबाग में मौजा हुरहुरू, खाता नं-50, प्लॉट नं0-2066, रक्या-2.75 डी जमीन है। परमानंद शर्मा उक्त जमीन का देख-रेख और कागजात अद्यतन रखने हेतु शपथ पत्र द्वारा इनको सौंपे है। परमानंद शर्मा द्वारा उक्त जमीन का एलपीसी के लिए कर्मचारी ओहदार तिर्की को आवेदन दिया गया है। 28 जून को उक्त जमीन का एलपीसी हेतु जब कर्मचारी से मिले तो वह 15,000रू रिश्वत की मांग किया। बहुत विनती करने पर कर्मचारी ओहदार तिर्की ने 10,000 रू में एलपीसी बनाने को तैयार हुआ। ये रिश्वत देना नहीं चाहते हैं, इसलिए एसीबी के पुलिस अधीक्षक आरिफ एकराम से मिले और मामले की जानकारी देते हुए आवेदन दिया। एसीबी ने ओहदार तिर्की के द्वारा वादी अर्जुन प्रसाद मेहता से 10,000 रुपए रिश्वत मांगने का आरोप को सत्य पाया। वादी द्वारा काफी आरजू मिन्नत करने के बाद आरोपी ओहदार तिर्की के द्वारा अग्रिम के रूप में 4,000 रू० लेकर उनका काम शुरू करने को तैयार हुआ। रिश्वत मांगे जाने का आरोप सत्य पाये जाने पर भ्र०नि० ब्यूरो हजारीबाग थाना कांड सं-08/2024 दर्ज कर अर्जुन प्रसाद मेहता से आरोपी ओहदार तिर्की, राजस्व कर्मचारी, हल्का नम्बर-2, सदर अंचल, हजारीबाग के द्वारा 4,000 रू रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

### डीसी -एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी, कहा

## साहेबउद्दीन की रोड ऐक्सिडेंट में हुई थी मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबगा।** हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर बताया की 30 जून को साहेबउद्यीन, पिता-महदली मियां, ग्राम-रघुनियाडीह, थाना-जयनगर की बरकट्ठा थाना अंतर्गत ग्राम-छुतहरिकटिया में सड़क दुर्घटना हुई थी जिसके बाद उनकी मौत हो गयी थी, कुछ लोग इसे दूसरा रंग देने की कोशिश कर रहे थे। पोस्ट मार्टम में भी मृतक का रोड एक्सीडेंट से मृत्यू होना बताया गया है, जिसमें मृतक को हेड इंजुरी बताया गया है।

**क्या है मामला:** जिला के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम बसरामों में साहेबउद्यीन, पिता-महदली मियां, ग्राम-रघुनियाडीह, थाना-जयनगर, जिला-कोडरमा बच्चों को पढ़ानें तथा मस्जिद में इमामत का करते थे। 30 जून को साहेबउधीन ग्राम-बसरामों (बरकठा) से अपनें मोटरसाइकिल से अपना घर ग्राम-रघुनीयाडीह जा रहे थे। जाने के क्रम में बरकट्ठा थाना अंतर्गत ग्राम-छुतहरिकटिया पक्की सड़क के पास समय करीब 8:10 बजे सुबह अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गये और उनके सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गये। इन्ही के मोटरसाकिल से भी अनिता देवी, पति- महेन्द्र कुमार, उम्र 40 वर्ष, ग्राम-सुतहरी कटिया, थाना बरकठा, जिला हजारीबाग को भी धक्का लग गया था, जिसमें अनिता देवी भी जख्मी हो गयी थी। थाना प्रभारी, बरकट्ठा के द्वारा अपनी तत्परता के साथ गश्ती दल के सहयोग से उक्त गंभीर रूप से जख्मी व्यक्ति-साहेबउद्दीन को तत्काल इलाज हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरकट्ठा पहुंचाया गया, परंतु चिकित्सकों के द्वारा उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिये। साथ ही साथ उक्त महिला अनिता देवी को भी बरकठा पुलिस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जा रहा था, परंतु उक्त महिला के परिजन बोले कि हम अपने से ही इलाज करा लेंगे। मृतक (साहेबउद्यीन) के परिजनों के द्वारा इस घटना में कुछ विडियों फुटेज का हवाला देते हए मृतक के पत्नी के द्वारा 2 जुलाई को मारपीट कर हत्या करने की बात बताते हुए लिखित आवेदन बरकठा थाना दिया गया। इनके लिखित आवेदन के अधार पर बरकट्ठा थाना कांड संख्या-138/24 बीएनएस के तहत कांड दर्ज किया गया है। अनुसंधान के क्रम में अभी तक यह बात कहीं से भी हत्या के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं पाया गया है। अनुसंधान के दौरान स्थानीय लोगों से पूछ-ताछ के क्रम में सड़क दुर्घटना की बात बताई गयी है।

## बैंक ऑफ इंडिया का 11 को समझौता दिवस



**मरकच्चो। बैंक ऑफ इंडिया देश भर में अपनी सभी शाखाओं में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए 11 जुलाई को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। इसके तहत बैंक आफ इंडिया शाखा मरकच्चो, और बैंक ऑफ इंडिया जामु शाखा में समझौता दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को 11 बजे शिविर लगायी जायेगी। बैंक आफ इंडिया शाखा मरकच्चो के शाखा प्रबंधक शुशील कुमार ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है जो उधारकर्ता व्यवसाय, चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण से समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। हमारे बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है।**

# देशव्यापी मांग दिवस पर सीटू ने किया प्रदर्शन

**आंगनवाड़ी सेविका सहायिका सहित सभी योजना कर्मियों को 26 हजार वेतन देने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** सीटू और ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर्स (आइफा) के आह्वान पर मजदूर विरोधी चार लेबर कोड वापस लेने, 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलनों की सिफारिशों को लागू कर सेविका सहायिका सहित अन्य स्कीम वर्करों को 26 हजार वेतन, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जोड़ने, इएसआइ पीएफ और ग्रेच्युटी सहित पेंशन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, समान काम के लिए समान वेतन देने, नई पेंशन स्कीम रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने, न्यूनतम मजदूरी का भुगतान व आइसीडीएस सहित सभी सरकारी संस्थाओं का निजीकरण पर रोक लगाने को लेकर देशव्यापी मांग दिवस मांग दिवस के तहत समाहरणालय पर प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व कोडरमा बाजार से जुलूस निकाला गया जो समाहरणालय पर पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पहले ही मौजूदा श्रम कानूनों को कमजोर कर कॉरपोरेट परस्त मालिक पक्षीय चार लेबर कोड बदल दिया है। सीटू के जिला महासचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि स्थायी नौकरी की जगह अनुबंध, ठेका और आउटसोर्सिंग लाया जा रहा है, जहां मजदूरों का शोषण जारी है। जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद ने कहा कि कई महीने से केंद्रीय मानदेय और पोषाहार राशि नहीं मिलने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में समस्या आ रही है। अध्यक्षता सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने किया। सभा उपरांत मांगों से संबंधित मांग पत्र प्रधानमंत्री के नाम जबकि सेविका सहायिकाओं की स्थानीय मांगों से सम्बन्धित मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया। प्रदर्शन में बीएसएसआर यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, आंगनबाड़ी यूनियन की बेबी कुमारी, मंजू मेहता, कुमारी अनामिका, मीणा एक्का, रेखा कुमारी, गुंजा, नीलम यादव, अर्चना देवी, संजू, रेश्मा बानो, देवंती, रानी, संध्या, कोमन रानी, अंजनी, प्रतीमा कुमारी, और परिवहन यूनियन के चंदन सिंह, विजय शर्मा सहित अन्य थे।

# श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन शोभायात्रा

**इस प्रकार की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां हमारे समाज में एकता और सौहार्द्र को बढ़ावा देती हैं : हर्ष अजमेरा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर में भक्ति भाव का माहौल हर तरफ देखने को मिल रहा है इसी क्रम में ओकनी स्थित बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है आयोजन के दूसरे दिन शहर में भव्य रूप से कलश शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा की शुरुआत मंदिर परिसर से हुई वहीं शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंची जहां पर पूजा अर्चना के उपरांत भव्य शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। भव्य शोभायात्रा के दौरान ढोल नगाड़ों की धुन पर मोहल्ले की बच्चियों महिलाएं सहित मंदिर समिति के लोग नृत्य करते हुए भव्य शोभा यात्रा को संपन्न कर रहे थे भव्य शोभायात्रा के दौरान जय माता दी की जयकारा लगाते हुए श्रद्धालु शोभायात्रा को प्रचंड गर्मी में सफल बना रहे थे।

भव्य शोभा यात्रा में बतौर अतिथि के रूप में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। इस बीच उन्होंने पूरी कलश यात्रा में शामिल रहकर जय माता दी की जयकारों के साथ माता बहनों का आशीर्वाद लेते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पर मंदिर समिति के लोगों ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की।

**मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि :** विश्व कल्याण हेतु कलश यात्रा का आयोजन किया जाता है। कलश यात्रा का फल भक्त जितना पद कलश लेकर चलते हैं, उतना अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। वेदी स्थापना सर्व देव पूजन से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इस कलश यात्रा को लेकर हर तरफ उत्साह देखा गया। आसपास का क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा। सनातन संस्कृति में कलश का विशेष स्थान होता है, अपनी श्रद्धा के साथ ईश्वर की भक्ति में लीन रहना हम सभी भक्तों के लिए पुण्य कमाने का अवसर देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां हमारे समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने यह भी कहा की इस यात्रा ने उन्हें अपने लोगों के साथ घनिष्ठता से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

# करंट लगने से दो बच्ची झुलसी, रिम्स रेफर




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के प्रेम नगर में बुधवार को हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से दो बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों की पहचान परिमल सिंह की 9 वर्षीर्या पुत्री पीहू कुमारी और बिहार के हरदिया निवासी मनीष सिंह की 9 वर्षीर्या पुत्री रूही कुमारी के रूप में हुई है। घायलों के परिजनों ने बताया कि घर में रिश्तेदार की शादी थी। बुधवार की सुबह बच्चियां घर के तीसरे तल्ले पर खेल रही थी। घर के ऊपर से गुजरा 11 हजार हाई वोल्टेज तार हवा चलने के बाद छत के करीब आ गया था। हाई वोल्टेज करंट के झटके से दोनों बच्ची गंभीर रूप से झुलसकर छत से नीचे गिरकर घायल हो गयी। इसके बाद घर वाले दोनों को सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। दोनों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

## डाक विभाग की लापरवाही, 20 दिनों बाद गंतव्य तक पहुंचा स्पीड पोस्ट

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में डाक विभाग की बड़ी लापरवाही से एक व्यक्ति को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें की पूरे भारत में 1 जुलाई से न्यायपालिका में बदलाव आई है जिसमें न्यायालय में सभी कार्य अब नये रूप से किये जा रहे हैं। हजारीबाग के रहने वाले हरि दयाल श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने मुख्य प्रधान डाकघर हजारीबाग से 15 जून 2024 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व्यवहार न्यायालय को एक जरूरी पत्र लिखा और स्पीड पोस्ट किया, इसके बाद वे निश्चिंत हो गये थे कि 72 घंटे के भीतर स्पीड पोस्ट हजारीबाग व्यवहार न्यायालय पहुंच जायेगा। इसके बाद इनका कार्य प्रगति पर आ जायेगा। परंतु खोजबीन करने पर यह पता चला कि 20 दिन गुजर जाने के बाद डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से व्यवहार न्यायालय पहुंचा है। जिसकी तारीख 6 जुलाई 2024 है, जिसके कारण भुक्तभोगी का कार्य व्यवहार न्यायालय में पूर्ण रूप से नहीं हो पाया। न्यायपालिका में 1 जुलाई से बदलाव आ जाने के कारण इनका लेटर ही बेकार हो गया जो कि अब नए सिरे से इन्हें फाइल करनी होगा। साथ ही साथ इन्होंने बताया कि आगे जाकर यह मुसीबत का कारण भी उनके लिए बन सकता है। प्रधान डाकघर में कारण पूछे जाने पर बताया गया कि पोस्टमैन की छुट्टी पर चले जाने के कारण यह स्पीड पोस्ट अपने टाइम पर कोर्ट नही पहुंच पाया। बताया गया कि सैकड़ो की संख्या में लोगों के काम उस दौरान फंसे जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भुक्त भोगी ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस पूरे मामले की जांच प्रधान डाक अधीक्षक करें और जो भी इसमें दोषी हैं उन पर कार्रवाई करें। जब इस पूरे मामले पर प्रधान डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। इसको जांच के लिए जांच कमेटी का गठन किया गया है। जो भी कार्रवाई बनती है उनपर कार्रवाई होगी। जो भी हमारी सेवा है निर्बाध रूप से चलाते है। हमारा कार्य सभी कस्टमर का सही से काम हो यही उद्देश्य है। जो भी दोषी होंगे उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## साइकिल यात्रा कर दिल्ली पहुंचे रामप्रसाद



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी साईकिल यात्रा कर झरपो से दिल्ली पहुंच गये है। रामप्रसाद भ्रष्टाचार के विरुद्ध देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर अवगत करायेंगे। ये 30 जून को सुबह झरपो गांव का भ्रमण करते हुए दिल्ली के लिए निकला था जो अपना सफर 11 वें दिन मे 1200 किलोमीटर साईकिल यात्रा कर बुधवार को पहुंच गया है। जिप सदस्य रामप्रसाद ने बताया कि रास्ता में साईकिल का अगला चक्का दो बार पंचर हुआ था जिसको बनाकर अपना यात्रा को जारी रखा। इसके साथ ही तबियत भी खराब हुआ था लेकिन अभी हम पुरी तरह स्वस्थ्य है। साईकिल का स्पोक भी टुट गया था जिसको भी बनाया। जिप सदस्य ने कहा कि अभी प्रधानमंत्री विदेश दौरा पर है आते ही मिलकर अपना प्रखंड से लेकर राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में अवगत करवायेंगे। समाचार लिखे जाने तक रामप्रसाद आनंद विहार के विनोद नगर में है जहां से प्रधानमंत्री आवास की दुरी 12 किमी है। साथ ही कहा कि वह मिलने के बाद अपना साईकिल को बस के माध्यम से हजारीबाग भेजकर अपने हवाई जहाज से घर आयेंगे।

## सतगावां के सुबोध और अमित का चयन दारोगा में, बधाइयों का लगा तांता



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के टेहरो गांव निवासी सेवानिवृत्त आर्मी बालेश्वर प्रसाद व सुनैना देवी के पुत्र सुबोध कुमार का बिहार दरोगा के पद पर चयन हुआ। मंगलवार को जैसे ही रिजल्ट जारी हुआ और सुबोध के चयन होने की जानकारी परिजनों को मिली, घर मे खुशी का माहौल छा गया। एक दूसरे को मिठाई खिला सभी के द्वारा खुशियां मनाई गई। वहीं घर पर बधाइयां देने वाले लोग आने लगे। दो भाइयों व एक बहन में पहले नंबर पर सुबोध की प्रारंभिक शिक्षा रांची में ही हुई है।उन्होंने मैट्रिक की राज्य संपोषित 10+2 हाई स्कूल बासोडीह से वर्ष 2009 में प्रथम श्रेणी से पास की। इंटर से वर्ष 2012 में रामलखन सिंह यादव कॉलेज नवादा से प्रथम श्रेणी से पास की। जबकि स्नातक मगध यूनिवर्सिटी से वर्ष 2016 में प्रथम श्रेणी से पास की है। वे पटना में ही रहकर कोचिंग संस्थान से प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने लगे। सुबोध ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों समेत अपने साथ पढ़ने वाले सभी दोस्तों को दिया है। बधाई देने वालो में मुखिया सदानंद कुमार, दीपेश अग्रवाल, प्रदीप यादव, मनोज भगत, अजीत कुमार, धनंजय यादव, विकास पांडेय, आलोक कुमार, अरबिंद यादव आदि शामिल है। इधर सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां के मीरगंज गांव निवासी मनोज चौधरी रेवनू ऑफिसर व आशा देवी के बड़े पुत्र अमित प्रिंस चौधरी का भी चयन बिहार पुलिस के दरोगा पद पर हुआ है। बिहार में दरोगा पद पर चयन होने पर लोगों ने बधाई दी है।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम को लेकर विष्णुगढ़ थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार और संचालन आरक्षी निरीक्षण सह थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने किया। बैठक में मुहर्रम जुलूस के सभी लाइसेंस धारी सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि आपसी तालमेल को बनाकर शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम त्यौहार को मनायें।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


## नि:शुल्क हेल्थ शिविर का आयोजन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार तत्वावधान शांतिकुंज, हरिद्वार, गायत्री परिवार, रामगढ़ द्वारा नि:शुल्क हेल्थ जांच शिविर का आयोजन सुकरी गढ़ा, लारी सत साई स्कूल में किया गया। आयुर्वेदाचार्य एके पाठक और वेलनेस कोच राजकुमार स्वर्णकार द्वारा स्कूल के प्रधानाचार्य, आचार्य, सह आचार्य, सेवक, सेविका, ग्रामीण महिला और पुरुषों का नि:शुल्क जांच किया गया। डॉक्टर पाठक जी ने सभी लोगों को सलाह दिया कि आज के भाग - दौड़ जिंदगी में पेस्टीसाइड्स का अधिक हो रहा है, जिससे गंभीर बीमारियों का विस्तार अधिक तेजी से हो रहा है। इन बीमारियों से बचने के लिए बीमारी से पहले एवम बीमार होने पर आयुर्वेदिक दवा का ही प्रयोग से रोगों का स्थायी समाधान संभव है। वेलनेस कोच राजकुमार स्वर्णकार ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अपना आहार, विहार और व्यवहार से रोगों का रोकथाम किया जा सकता है। प्रार्चाय विजय प्रभाकर ने शिविर की सफलता पर खुशी जाहिर किया। गायत्री परिवार, रामगढ़ की ओर से सत साई स्कूल, लारी को ढेर सारी शुभकामनाएं ।

## एजेकेएसएस के केंद्रीय महामंत्री ने सीसीएल जीएम से की मुलाकात



**कुजू (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) के केंद्रीय महामंत्री सह वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने सीसीएल कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान जीएम कार्यालय में एजेकेएसएस के सदस्यों ने जीएम का बुके भेंट कर स्वागत कर सीसीएल कुजू क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याओं से अवगत कराते हुए पहल करने का अनुरोध किया। इस दौरान 13 दिन का बकाया वेतन जल्द से जल्द भुगतान करने, लोस चुनाव के दौरान संडे ड्यूटी की भुगतान कर्ण की मांग, एचआरए की मांग, क्वार्टर रिपेयरिंग कराने की मांग समेत नयामोड़ और जीएम ऑफिस कुजू के पास कुछ माह पूर्व सीसीएल फंड से बने जर्जर सड़क का गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ पुन: निर्माण करने की बात कही। सदस्यों ने बताया कि गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होने से सीसीएल फंड की बर्बादी हुई है। साथ ही, आने वाले बरसात के मौसम में राहगीरों को ज्यादा परेशानी से रूबरू होना पड़ेगा। इससे पूर्व, एजेकेएसएस सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजन लाल महतो की अगुवाई में सदस्यों ने सतीश सिन्हा का बुके भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्रीय सचिव श्री महतो ने बताया कि अगले सप्ताह सतीश सिन्हा क्षेत्र के क्वार्टर, अस्पताल और सिविल का निरीक्षण करेंगे। मौके पर तेजनाथ महतो, शशि कुमार, एतवारी मांझी, संजय राम, अनिल कुमार, सन्नी कुमार, राजेश महतो, जीतन महतो शामिल रहे।

## भारत विकास परिषद की बैठक में सामाजिक कार्यों को लेकर लिये गये कई निर्णय



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद की बैठक मंगलवार की देर शाम रांची रोड स्थित होटल अरिहंत के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष हरीश कुमार चौधरी व संचालन सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने किया। जबकि, बैठक में मुख्य रूप से पूर्व संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। जिसमें, 21 जुलाई को मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में नई कमेटी का पदभार और मुख्य अतिथियों द्वारा उद्घाटन, इसी वर्ष सामुहिक विवाह समारोह आयोजित करना और सामुहिक विवाह समारोह के कार्यक्रम संयोजक गोविंद मेवाड़ को चुना गया। इसके अलावा बैठक में शहर में विभिन्न जगहों पर रेनकोर्ट, छाता जरूरतमंदो के बीच प्रत्येक रविवार को बांटा जायेगा। साथ ही बैठक में सामाजिक कार्यों को लेकर अन्य निर्णय लिये गये। बैठक का धन्यवाद सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने दिया। बैठक में कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अमित साहू, उमेश राजगढ़िया, मनमोहन सिंह लांबा, डॉ आलोक रतन चौधरी, आनंद श्राफ, धीरज सिंह, अनिल गोयल, प्रकाश अग्रवाल, देवांशु साहा, मनोज मोदी, आदर्श चौधरी सचिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, श्रीधर सिंह, कौशिक गुप्ता, रोहित पंसारी आदि उपस्थित थे।

## टेस्ट में हो गये पास तो अधिकारी घर पहुंचायेंगे ड्राइविंग लाइसेंस



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार जिला परिवहन कार्यालय को पूरी तरीके से पारदर्शी कर दिया है। अब वाहन चलनेवालों को घर-घर जाकर अधिकारी ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड पहुंचा रहे हैं। डीटीओ मनीषा वत्स ने ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत ड्राइविंग टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों के घर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड दिया। बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने जिले के विभिन्न अलग-अलग क्षेत्रों में 6 अभ्यर्थियों के घर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड दिया। राजेश प्रसाद पतरातू बस्ती रामगढ़, चंदन कुमार बरकाकाना, संतोष गुप्ता पारसोतीया रामगढ़, शुभम बेदिया रामगढ़ कैंट सहित अन्य के बीच वितरण किया गया। साथ ही मौके पर लोगों को आस्वस्थ किया कि ड्राइविंग लाइसेंस अप्लाई करने के बाद ड्राइविंग टेस्ट में सफल के उपरांत शीघ्र ही परिवहन कार्यालय द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला परिवहन कार्यालय द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन किये गये लोगों के बीच पूरी पारदर्शिता के साथ जल्द से जल्द ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड उपलब्ध कराने हेतु प्रयासरत रहती है। ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया काफी आसान और पारदर्शी है। योग्य पात्र किसी भी प्रज्ञा केंद्र से या स्वयं भी www.sarthi.parivahan.gov.in पर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस हेतु आवेदन ऑनलाइन आवेदन समर्पित कर सकते हैं। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे। साथ ही सभी वाहन चालकों को सुरक्षित यात्रा के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की।

# लेबर कोड रद्द करने और निजीकरण पर रोक लगाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

### दस सूत्री मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम डीसी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** मजदूर वर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के तत्वावधान में बुधवार को जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना-प्रदर्शन से पूर्व सीटू के नेताओं व कार्यकताओं ने लेबर कोड रद्द करने व निजीकरण पर रोक लगाने सहित दस सूत्री मांगों को लेकर कोर्ट मोड़ से जुलूस की शक्ल में जिला समाहरणालय पहुंचे। जहां मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर सीटू नेताओं ने जमकर धरना-प्रदर्शन के बाद जिला सचिव अर्जुन कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम डीसी कार्यालय में एक ज्ञापन भी सौंपा।

**मजदूरों की दस सूत्री मांगें:** श्रम संहिताओं को रद्द करने, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों व सरकारी विभागों को निजीकरण पर रोक लगाने, सभी श्रमिकों के लिए 26 हजार रुपये प्रतिमाह राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की घोषणा करने, बकाया ईपीएफ, इपीएस का भुगतान करने, ठेकेदार बदले जाने पर कामगारों के नौकरी की सुरक्षा सुनश्चित करने, नयी पेंशन नीति को खत्म करने, मूल्य वृद्धि व बेरोजगारी को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने सहित कई मांगें शामिल हैं।

**धरना में ये थे शामिल :** मजदूरों की मांगों को लेकर आयोजित धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से संजय शर्मा, बलभद्र दास, मो रफीक, दीनानाथ मुंडा, आरपी सिंह चंदेल, रामनरेश सिंह, ओमप्रकाश सिन्हा, बसंत कुमार, वासुदव साव, संजय शर्मा, नौशाद अहमद, सोनाराम मांझी, सोहन बेदिया, सुशील सिंह, किरण सिंह, चुरामन महतो, निरंजन पटेल, खेमलाल गोप, शंकर साव, शंभू प्रसाद, ध्रुप तिवारी, महावीर मांझी, आजाद भुइंया सहित कई सीटू नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

## मनरेगा कर्मियों ने जिला समारहणालय में दिया धरना



**रामगढ़।** सरकार से वादा निभाओ-स्थायी करो की मांग को लेकर मनरेगा कर्मियों ने बुधवार को जिला समाहरणालय में एक दिवसीय धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए मनरेगा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष दशरथ यादव, जिला सचिव कुमार विवेक, कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो सहित कई मनरेगाकर्मियों ने सरकार से वादा निभाने व स्थायीकरण करने की मांग की। मनरेगा कर्मियों ने कहा कि वे विगत 17 वर्षों से लगातार मनरेगा के अतिरिक्त, डीसी, डीडीसी, बीडीओ सहित अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा आदेशित कार्यों का निष्पादन करते आ रहे हैं। इसके बावजूद बारंबार उनके द्वारा स्थायीकरण और वेतनमान की मांग को सरकार द्वारा अनदेखी किया जा रहा है। मनरेगाकर्मियों ने कहा कि एक ओर सरकार विधानसभा चुनाव के दहलीज पर खड़ी है। वहीं सरकार की वादा खिलाफी से अपने आपकों ठगा महसूस कर रहे हैं। जिससे मनरेगाकर्मी काफी दुखी हैं। उनकी मागें पूरी नहीं होने पर वे 22 जुलाई से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। मनरेगाकर्मयों ने स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी से उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर पहल करने की मांग की है।

# कार और ट्रेलर की भिड़ंत में कार सवार एक की मौत, तीन रेफर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** इंडिगा कार और ट्रेलर के भिड़ंत में एक कार सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि घटना में तीन अन्य कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों को मदद से तीनों घायलों को चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति देखते हुए तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। मृतक सदर थाना क्षेत्र के उंटा गांव निवासी पिंटू कुमार वर्मा, पिता कौलेश्वर वर्मा और घायलों में कमलेश कुमार पिता रामवतार गांदी, मनोज कुमार पिता सूरज महतो, अभिनव कुमार पिता तिलेश्वर दांगी सभी उंटा के रहने वाले हैं। यह सड़क दुघर्टना बुधवार के अहले सुबह की है। इटखोरी से चतरा आने के क्रम में चतरा- हजारीबाग मुख्य सड़क पर गंधरिया मोड़ के समीप तेज गति से आ रही कार चालक ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ट्रेलर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया।

## बिजली और नो इंट्री को लेकर विधायक का बड़ा बयान

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एक बार फिर सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास ने अपनी बातो को दोहराते हुये कहा की एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा पावर प्लांट से जीरो कट बिजली, और मगध, आम्रपाली, चट्टी बरियातू कॉल माइंस से कॉल वाहनों के लिए अनधिकृत परिचालन की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। सोसल मीडिया में उड़ रही खबर और आंदोलन फिसड्डी साबित होने की बात पर उन्होंने बताया। बताया की उनकी बिजली और नो इंट्री से संबंधित मांग अडिग है। कोयलांचल की सड़कों पर नो इंट्री और टंडवा प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने पर वृहद आंदोलन भाजपा शुरू करेगी। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने बातचीत करते हुए कहा की टंडवा प्रखंड क्षेत्र में जनहित के मुद्दे पर भाजपा का पांच दिनों तक चले आंदोलन से कुछ लोगो को काफी दर्द हुआ है, और यही दर्द फिर दिखेगा। 20 जुलाई तक परिणाम नहीं आने पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जायेगी। जनहित के मुद्दे पर भाजपा सड़क से लेकर सदन तक जनता के साथ है।

# रामगढ़ में शूटिंग चैंपियनशिप में 70 वर्षीय बसंत हेतमसरिया ने जीता गोल्ड मेडल

### सोनू प्रताप सिंह और आकाश प्रताप ने भी जीता स्वर्ण पदक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** शहर के बसंत हेतमसरिया 70 वर्ष की आयु में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर रामगढ़ जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने देवघर में आयोजित 14वें झारखंड राज्य शूटिंग चैंपियनशिप के 10 मीटर पिस्टल (एनआर) सीनियर मास्टर पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में यह गोल्ड मेडल हासिल किया है। यह आयोजन देवघर के कुमार सुरेंद्र सिंह शूटिंग रेंज में 7 से 10 जुलाई तक हुआ। उन्होंने नवंबर 2023 में रामगढ़ के फीनिक्स शूटिंग एकेडमी में पिस्टल सीखना शुरू किया था। महज 7 महीने के प्रयास में राज्य स्तर पर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। रामगढ़ के ही सोनू प्रताप सिंह ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल की व्यक्तिगत पुरुष स्पर्धा में और आकाश प्रताप ने 10 मीटर (एनआर) व्यक्तिगत पुरुष स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। इन सबने अपने कोच विवेक पंकज का उनके बेहतरीन मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया है।

# सिविल सर्जन ने अवैध नर्सिंग होम को किया सील

### क्लीनिक में इलाज के दौरान मरीज की मौत के बाद चिकित्सक फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड में बड़े पैमाने पर अवैध नर्सिंग होम संचालित हो रहे है। इन क्लिनिकों में छोटी-मोटी घटना को मैनेज करते हैं और जब बड़ी घटना घटती है तो झोला छाप ग्रामीण चिकित्सक क्लिनिक में ताला बंद कर फरार हो जाते हैं। और मरीज की मौत के बाद परिजनों पर स्थानीय लोगों से दबाव बना कर, पैसों का लोभ देकर या डरा धमकाकर कर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। झोलाछा चिकित्सक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने से यह मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को सोहाद गांव स्थित संचालित कौलेश्वरी सेवा सदन में इलाज के दौरान मरीज की मौत की घटना की खबर मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर के के शाहा, डॉक्टर वेद प्रकाश सहित थाना प्रभारी मनीष कुमार, कौलेश्वरी सेवा सदन क्लिनिक पहुंचे। इस दौरान क्लीनिक में मरीज की मौत की खबर की जांच पड़ताल की गयी। जांच पड़ताल के दौरान मृतका के घर पहुंच कर पूछताछ किया गया। क्लीनिक में इलाज के दौरान मरीज की मौत की घटना पर सख्त कारवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया गया। मृतक के परिजनों से इस मामले की लिखित शिकायत थाने में देने को कहा गया। ताकि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जा सके। सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में किसी भी हालत में एक भी अवैध नर्सिंग होम का संचालन नहीं होने दिया जायेगा।

## मांडू में समेकित कृषि प्रणाली विषय पर प्रशिक्षण



**मांडू (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ में अनुसूचित जाति उप योजना अंतर्गत समेकित कृषि प्रणाली विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। केंद्र के प्रधान डॉ सुधांशु शेखर ने किसानों को कहा की इस प्रशिक्षण में वैज्ञानिक तरीके से उनके मुख्य फसल के साथ-साथ मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, रेशम, सब्जी-फल, मशरूम की खेती को एक साथ एक ही जमीन पर करने और इसमें एक घटक दूसरे घटक के उपयोग में के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समेकित कृषि प्रणाली कृषि कि वह प्रणाली है जिसमें प्रकृति को बचाते हुए खेती के उपलब्ध इंटरप्राइजेज का इस तरह से उपयोग किया जाता है ताकि सभी इंटरप्राइजेज से अधिकतम लाभ कमाया जा सके और कृषि पारिस्थितिकी को प्रदूषण रहित भी रखा जा सके। प्रशिक्षण में केंद्रीय वर्षाश्रित उपराऊ भूमि चावल अनुसंधान केंद्र हजारीबाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ शिव मंगल प्रसाद ने किसानों को चावल आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली पर प्रशिक्षण दिया। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के सह प्राध्यापक डॉ आरआर सिन्हा ने ऑनलाइन माध्यम से किसानों को समेकित कृषि प्रणाली में उत्पादन बढ़ाने और लाभ को अधिकतम करने के लिए मुगीर्पालन का एकीकरण के बारे बताया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत ने किसानों को विविधता के बारे में बतलाया एवम सनी कुमार ने वर्मी खाद बनाने की विधि और उसके बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में मांडू प्रखंड के उद्लू गांव के राज कुमार राम, संजय राम, सुनीता देवी, मनीषा कुमारी, बेबी देवी, लक्ष्मी देवी सहित 30 से अधिक किसान उपस्थित थे।

## भुरकुंडा आभूषण व्यवसायी संघ की बैठक




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा आभूषण व्यवसायी संघ की बैठक बुधवार को मतकमा चौक भुरकुंडा पतरातू प्रखंड स्वर्णकार संघ के देखरेख में हुई। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के प्रदेश मंत्री अयोध्या प्रसाद, जिला अध्यक्ष तरूण वर्मा, जिला महामंत्री पारस कुमार सोनी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला उपाध्यक्ष कैलाश प्रसाद स्वर्णकार, पतरातू प्रखंड स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष नरेश सोनी, सचिव मनोज स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष विजय वर्मा मौजूद थें। बैठक में आभूषण व्यवसायियों को होने वाली समस्याओं और उनसे निजात के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस दौरान भुरकुंडा आभूषण व्यवसायी संघ का चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर खड़े उदय स्वर्णकार को 30 व अनिल सोनी को 15 वोट मिला। सचिव पद पर खड़े राजन वर्मा 24 व अजय सोनी को 21 मत मिला। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर खड़े पप्पू वर्मा 24 व मिथिलेश सोनी को 21 मत प्राप्त हुआ। चुनाव के बाद चयनित अध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, सचिव राजन वर्मा व कोषाध्यक्ष पप्पू वर्मा का सदस्यों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कहा गया कि जल्द ही कमेटी का विस्तार भी किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता नरेश सोनी ने किया। मौके पर विनोद सोनी, दीपक वर्मा, अजय सोनी, देवेंद्र प्रसाद, अनिल सोनी, प्रेम वर्मा, उमा कुमार, अरूण सोनी, संजय सोनी, सुनील वर्मा, पंकज, सुनील सोनी, अशोक सोनी, राजेश सोनी, विकास सोनी, निरंजन सोनी, अजय वर्णवाल, संतोष सोनी, प्रदीप स्वर्णकार, शत्रुधन, संजय, विशाल, उमेश सोनी, रवि सोनी, विजेंद्र, प्रदीप सोनी, संजू वर्मा, अशोक सोनी सहित भुरकुंडा के दर्जनों आभूषण व्यवसायी मौजूद थें।

## खनन निरीक्षक ने चलाया अवैध बालू उठाव के खिलाफ छापामारी अभियान



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में अवैध बालू उठाव के विरुद्ध रोकथाम के लिए खनन निरीक्षक राजेश हांसदा द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस बल की टीम के साथ खनन निरीक्षक ने कई बालू घाटों पर छापामारी अभियान चलाया। छापामारी अभियान की भनक लग जाने के कारण बालू माफिया सतर्क हो गये हैं और कार्रवाई के दौरान एक भी खनन निरीक्षक के हत्थे नहीं चढ़े। खनन निरीक्षक राजेश हांसदा ने बताया कि किसी भी हालत में किसी भी नदी घाट से अवैध बालू का उठाव नहीं करने दिया जायेगा। इस दौरान खनन निरीक्षक ने प्रखंड के उरैली, हंटरगंज, धरधारा सहित कई गांव में अभियान चलाकर अवैध बालू उठाव का निरीक्षण किया। खनन निरीक्षक ने बताया कि बिना सरकारी चालान के बालू उठाव करने पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान बालू उठाव से संबंधित कई नियम और शर्तों को भी उपस्थित लोगों को जानकारी दिया। इस छापामारी अभियान में खनन निरीक्षक के साथ पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान शामिल थे।


## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार दिनांक : 19.06.2024 क्रम.संख्या - 200 मैं सिता देवी आधार नं0 6650 5008 8914 पति गिरेन्द्र प्रसाद उम्र लगभग 44 वर्ष ग्राम रजहा पोस्ट उदयगढ़ थाना छतरपुर जिला पलामू राज्य झारखण्ड नागरिकता भारतीय। मैं शपथ पुर्वक निम्नलिखित बातों का एकरार करता / करती हूँ कि :

1. यह कि चान्दनी कुमारी मेरी नाबालीक पुत्री है। जिसका यह वास्तविक नाम है। जो चांदनी कुमारी के आधार नं0 4014 5824 7512 में अंकित है। परन्तु पोस्ट ऑफिस के सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) के बैंक खाता संख्या 1900276328 में मेरी पुत्री चांदनी कुमारी का नाम अकांक्षी कुमारी अंकित हो गया है। 2. यह कि मेरी पुत्री अपने गांव घर में उक्त दोनों नाम से जानी जाती है। तथा दोनों नाम की एक ही लड़की है। तथा सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) में नाम सुधार करवाना आवश्यक है। 3. यह कि मैं अपनी पुत्री के दोनों नाम के एक ही व्यक्ति / लड़की होने एवं वास्तविक नाम की सत्यता हेतू शपथ कर रही हूँ। मैं सिता देवी शपथ पुर्वक एकरार करती हूँ कि उपरोक्त लिखी गयी बातें मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार दिनांक : 19.06.2024 क्रम.संख्या - 201 मैं सिता देवी आधार नं0 6650 5008 8914 पति गिरेन्द्र प्रसाद उम्र लगभग 44 वर्ष ग्राम रजहा पोस्ट उदयगढ़ थाना छतरपुर जिला पलामू राज्य झारखण्ड नागरिकता भारतीय। मैं शपथ पुर्वक निम्नलिखित बातों का एकरार करता / करती हूँ कि :

1. यह कि चन्दा कुमारी मेरी नाबालीक पुत्री है। जिसका यह वास्तविक नाम है। जो चन्दा कुमारी के आधार नं0 9759 2155 4004 में अंकित है। परन्तु पोस्ट ऑफिस के सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) के बैंक खाता संख्या 1900276327 में मेरी पुत्री चन्दा कुमारी का नाम नितु कुमारी अंकित हो गया है।
2. यह कि मेरी पुत्री अपने गांव घर में उक्त दोनों नाम से जानी जाती है। तथा दोनों नाम की एक ही लड़की है। तथा सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) में नाम सुधार करवाना आवश्यक है। 3. यह कि मैं अपनी पुत्री के दोनों नाम के एक ही व्यक्ति / लडकी होने एवं वास्तविक नाम की सत्यता हेतू शपथ कर रही हूँ।

मैं सिता देवी शपथ पुर्वक एकरार करती हूँ कि उपरोक्त लिखी गयी बातें मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है।

# मोदी-पुतिन की केमिस्ट्री से सबको मिला सही संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय रूस यात्रा से न केवल द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती मिली है, युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में भारत का स्पष्ट रुख भी एक बार फिर प्रभावी ढंग से रेखांकित हुआ है।

**दुनिया की नजरें :** पीएम मोदी की इस यात्रा को लेकर दुनिया भर में कितनी उत्सुकता थी, इसका अंदाजा विभिन्न देशों की प्रतिक्रियाओं से भी मिलता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस यात्रा पर अपनी निराशा जाहिर करते हुए इसे शांति प्रयासों को झटका तक बता चुके थे। अमेरिका ने भी यात्रा को लेकर अपनी चिंता जता दी। खुद पीएम मोदी ने भी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत में इसका जिक्र किया कि उनके रूस आने पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं।

**स्वतंत्र विदेश नीतिः** मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को ध्यान में रखें, तो यह कोई अचरज वाली बात भी नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों का जोर इस बात पर रहा है कि भारत रूस से अपनी करीबी खत्म करे। भारत ने शुरू से ही यह स्पष्ट कर रखा है कि वह अपने राष्ट्रहित पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम रहेगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय रूस यात्रा, जिस पर अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की निगाहें थीं, ने द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती दी और युद्ध के प्रति भारत के शांति के रुख को स्पष्ट किया। भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति दोहरायी।**

**रूस में संदेहः** इसके बावजूद यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पीएम रूस नहीं गये थे। दोनों देशों के बीच होने वाली सालाना द्विपक्षीय शिखर बैठक भी 2022 के बाद से नहीं हो पायी थी। इससे रूस के कुछ हलकों में यह धारणा बनने लगी थी कि भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव में रूस से दूरी बनाये रखना चाहता है। पीएम मोदी की इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने की बात थी, वहीं अंतरराष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिये इस या उस पक्ष में झुकाना संभव नहीं है।


**युद्ध हल नहींः** इस यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते तो हुए ही, पीएम मोदी ने पुतिन के साथ बातचीत में पूरी बेबाकी से कहा कि युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता। यह पीएम मोदी का वैसा ही बयान है, जैसा दो साल पहले समरकंद में पुतिन से बातचीत के दौरान उन्होंने दिया था कि यह युद्ध का दौर नहीं है। यह खबर भी सुकून देने वाली है कि रूस ने भारत के आग्रह पर न केवल रूसी सेना के सपोर्ट स्टाफ के रूप में भारतीयों की नियुक्ति को रोकना स्वीकार कर लिया है, बल्कि नियुक्त किये जा चुके युवाओं को स्वदेश भेजने पर भी तैयार हो गया है। कुल मिलाकर पीएम मोदी की यह यात्रा सफल कूटनीति के एक उत्तम उदाहरण के रूप में याद रखी जायेगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। भारत की बात छोड़ भी दें, तो खुद ब्रिटेन के लिए भी उनकी हार बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती, क्योंकि उनके द्वारा शुरू किये गये सुधार अभी आधे-अधूरे हैं।**

# ब्रिटेन की नयी हुकूमत के समक्ष चुनौतियों की भरमार

**डॉ रमेश ठाकुर**



**ब्रिटेन** के चुनाव परिणामों ने अचानक मौसम गर्मा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जायेगा, क्योंकि सियासत की नयी सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने करीब-करीब एकतरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी। आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटिश नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे, उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नये सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे।

**नयी सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमरायी अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती की चुनौती हैं**

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा, इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी नॉर्थ लेरटन सीट से जीते हों, पर बहुत कम अंतर से जीते। उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी, जिसमें मानो सत्ता पक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23 हजार वोटों से ही जीते हैं। शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।

ताज्जुब वाली बात यह है कि नॉर्थ लेरटन वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्योहारों पर लोगों को जुटना होता है। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे छिटक गये। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गये। कइयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात यह० बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं। कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे कि फलां समुदाय या मतदाता उनका है।

बहरहाल, ब्रिटेन में आये चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं, जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आये नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गये थे। ब्रिटेन के चुनावों की सुनामी में ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी एकदम उड़ गयी। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से चार सौ पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गये थे। दो प्रमुख मसले, जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना था। इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला।

बहरहाल ब्रिटेन की नयी हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे, इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों। ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजरवेटिव पार्टी की नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, क्योंकि राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं। बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए। किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को ब्रिटेन का अगला शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसी नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निःसंदेह लेबर पार्टी के लिए यह जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नये इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नयी सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमरायी अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की चुनौती है। पनपते नये किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिला वजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्रोत्रों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नयी धार देना स्टॉर्मर के सामने बड़ी चुनौती है। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजायी हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जन समर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### आजसू पार्टी ने एक दिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत किया प्रदर्शन

# राज्य में सरकार बदल रही लेकिन हालात नहीं : रामचंद्र सहिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोड़ाम।** आजसू पार्टी के द्वारा बोडाम प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस शामिल हुए। पूर्व मंत्री श्री सहिस ने कहा वर्तमान सरकार मे युवा भटक रहे और सरकारी दफ्तर में ताला लटक रही।वही मंत्री और विधायक मलाई घटक रहे है। उन्होंने कहा रोजगार के अवसर नहीं होने पर बेरोजगार आज सड़क पर उतर रहे है। सहिस ने कहा जिले मे स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था चरमराई हुई है वही राज्य के मंत्री व विधायक विकास का पैमाना और अखबारों की सुर्खिया बटोरने में मशगुल है। सरकार आदिवसी मुलवासी के विचारो के साथ खिलवाड कर राज्य की खनीज सम्पदा को लूट रहे है। बिजली व्यबस्था चरमरा गयी है। अंचल और प्रखंड कार्यलय में बिचौलिया कार्य कर रहा है। राज्य में सरकार बदल रही है, लेकिन हालात नहीं बदल रहे है। आगामी विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी इन सारे विषयो को लेकर जनता के बिच जायेगी। इस अवसर पर आदित्य महतो, बनबिहारी महतो, अमल महतो, मृतुंजय सिंह , छूटूलाल सिंह ,श्याम कृष्ण महतो ,रमानाथ महतो, संजय सिंह ,निरंजन महतो, रेणुका महतो,सुभद्रा महतो,संगीता कुमारी,रेखा महतो ,लक्खी महतो सहित अन्य शामिल रहे।

### विधायक रामदास सोरेन ने सीएम से मिलकर दी बधाई



घाटशिला(आजाद सिपाही)। संवाददाता विधायक रामदास सोरेन ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को मिलकर पुष्पगुच्छ देकर बधाई दिए। **गौरतलब यह है कि महागठबंधन की सरकार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 मंत्रियों ने शपथ ग्रहण करने के पश्चात विधायक रामदास सोरेन ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर विधानसभा स्तरीय समस्याओं से संबंधित मांग पत्र समर्पित किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मांग पत्रों पर गंभीरता पूर्वक लेते हुए समाधान के लिए संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा पत्र में वर्णित मांगों को बिंदुवार समाधान के लिए पहल किया जायेगा। विधायक रामदास सोरेन ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक पत्र सचिव ग्रामीण विकास को भी प्रेषित किए हैं।**

# जमशेदपुर के भू माफिया ने पोटका में की ढाइ एकड़ सरकारी जमीन की घेराबंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पोटका प्रखंड अंतर्गत आसनबानी पंचायत के निमपुरा से तिलामुरा जाने वाली घोटीडुबा गांव के सामने 2.58 एकड़ सरकारी जमीन पर रात्रि में चुप चोरी से चहारदीवारी करने के खिलाफ पोटका के अंचल अधिकारी निकिता बाला ने जमशेदपुर के अजीत सिंह पर झारखंड सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के तहाद वाद दायर की है। ज्ञात हो की अजीत सिंह के द्वारा घोटीडूबा में खाता संख्या 157, प्लॉट संख्या 574, रकवा 2.58 एकड़ अनावद बिहार सरकार की जमीन पर अतिक्रमण कर रात्रि में चहारदीवारी निर्माण का कार्य किया जा रहा था। अंचल अधिकारी को इसकी सूचना मिलने पर अविलंब ही अपने अधीनस्थ कर्मचारी और अंचल निरीक्षक को भेजकर काम पर रोक लगा दी और उसे जमीन का ओरिजनल कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। लगभग एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी जितेंद्र सिंह ने जमीन का कागजात सीओ कार्यालय में प्रस्तुत नहीं करने सका। अंततः सीओ ने उसके खिलाफ वाद दायर की है। जमशेदपुर के भूमाफियाओं के द्वारा इन दिनों आसनबानी, कुलडिहा पंचायत के सरकारी भूमि पर बक्र दृष्टि लगा हुआ है। वे कुछ स्थानीय लोगो की मदद से उस जमीन को पहले तो घेर कर अपने कब्जे में कर लेते है। इसके बाद उसे प्लॉटिंग कर करोड़ों के भाव में बिक्री करते है। हालांकि अंचल अधिकारी निकिता बाला के द्वारा जब से पोटका प्रखंड का प्रभार लिया गया है, तब से उनका भी अतिक्रमणकारियो पर पैनी नजर है, जिस कारण अतिक्रमणकारियों में भय व्याप्त है।

# सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची स्थित रविंद्र भवन में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी,डीसी अन्यय मित्तल, जिला परिषद अध्यक्ष बड़ी मुर्मू उपाध्यक्ष पंकज सिंह, डीसी मनीष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी और जिले के सभी ग्राम पंचायत मुखिया और पंचायत सचिव शामिल रहे। अतिथियों के द्वारा दीप प्रजलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा राज्य सरकार पीएम आवास से वंचित लोगों के लिए अबुआ आवास योजना लाई है। उन्होंने लाभुको तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए आग्रह किया। विधायक ने कहा कारवाई के बाद जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र मे राशन वितरण तय मात्रा में किया जारहा लेकिन शहरी क्षेत्र में भी इस मामले में त्वरित कार्रवाई होना चाइए। उन्होंने कहा जनहित में जनप्रतिनधियों की शिकायत पर प्रखंड प्रशासन गंभीरता से कार्रवाई करे। श्री कालिंदी ने कहा राज्य सरकार संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। सभी वर्ग के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजना लाया गया। उन्होंने मंच से विशेषकर 200 यूनिट फ्री बिजली, 21-50 वर्ष की महिलाओं के लिए 1000 की प्रोत्साहन राशि का उल्लेख करते हुए कहा लोगों को योजना से जोड़ने में सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने अबुआ आवास प्राप्त लाभुकों को शौचालय निर्माण की राशि भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा राशन सही समय पर मिले, पेंशन से कोई योग्य लाभुक वंचित न रहे, ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन अविलंब करे,प्रत्येक गांव में 5-5 योजनाओं पर काम हो, 15 में वित्त आयोग की राशि खर्च करें। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष,उप विकास आयुक्त ने जनहित में योजनाओं के क्रियान्वयन में आपसी समन्वय पर बल दिया। मौके पर उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए मुखियागण, पंचायत सचिव, जल सहिया, कंप्यूटर ऑपरेटर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले में चार जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर एडीएम, निदेशक एनईपी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डीईओ, डीएसई, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वर्षों से लंबित जयप्रकाश उद्यान में सड़क के लिए मिली एनओसी



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिला के पूर्व वार्ड पार्षद नीतू शर्मा और स्थानीय जनता के मेहनत अब धरातल पर दिखने लगा है। पूर्व वार्ड पार्षद के पहल पर वर्षों से लंबित जयप्रकाश उद्यान में सड़क के लिए एनओसी मिल गया। वही नगर निगम वार्ड-17 के टाटा-कांड्रा मार्ग के सर्विस रोड से जयप्रकाश उद्यान होते हुए लक्ष्य अपार्टमेंट तक बननेवाले पीसीसी सड़क का टेंडर फाइनल हो गया। पथ निर्माण विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। लगभग 90.728 लाख की लागत से इस सड़क का निर्माण होना है। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 जुलाई व खोलने की तिथि 24 जुलाई को 3:00 बजे निर्धारित किया गया। इसके लिए स्थानीय लोगों के साथ पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने काफी संघर्ष किया। इसके लिए स्थानीय लोगों को विभागीय स्तर पर केस भी झेलना पड़ था। लेकिन सभी के सामूहिक प्रयास से नगर निगम के बोर्ड बैठक में उक्त सड़क का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इसको लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने इसे जनता की उपलब्धि बताया।उन्होंने कहा जनता के संघर्षों की वजह से लगभग बीस वर्षों के बाद सड़क के बनने का रास्ता साफ हुआ। इसमें वार्ड के हरिनंदन रजक,ओम प्रकाश, दशरथ प्रसाद, दया शंकर सिंह, विनीत सहाय, राजू सिंह, अनिल प्रसाद, प्रतिमा देवी, शशांक रजक, जीतेन्द्र रजक, राजेश चौरसिया, अमित राय, शशांक शेखर ने लंबी लड़ाई लड़ी है।**

## सुरेंद्र कोरवा से ट्रैक्टर और सोलर पंप दिलाने के नाम पर 36 हजार रुपये की ठगी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कैलान गांव के आदिम जनजाति टोला झुरही निवासी सुरेंद्र कोरवा से ट्रैक्टर और सोलर पंप दिलाने के नाम पर 36 हजार रुपये ठगी हुई। ठगी करने वाले ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना के कार्यालय रांची का बताते हुए फोन कर शनिवार को बताया कि आपके नाम से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर का पुरा सेट, पांच एचपी का सोलर पंप सेट स्वीकृत किया गया है,जिसके लिए ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन, इंसोरेंस और तेल के लिए 36 हजार रुपये अग्रीम देना है। ठगों ने ट्रैक्टर और सोलर पंप का सब्सीडी लेटर भी भेजा था। सुरेंद्र कोरवा ने बताया कि कुछ माह पूर्व झारखंड राज्य फसल राहत योजना का फार्म भरें थे, हो सकता है उसी विभाग से सारे सामान मिल रहें हैं। फोन करने वाले ने एक नंबर दिया और कहा इस पर पैसा भेजिये, सुरेंद्र कोरवा ने दिये गये नंबर 7070516857 पर दो बार में 36 हजार रुपये फोन पे कर दिया। दो दिन बाद ट्रैक्टर के बारे में पुछे जाने पर उक्त नंबर वाले ने कहा, ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, थोड़ा इंतजार करिये।

## पंचायत सचिवालय में शिविर आयोजित

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर और परसोडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया मूंगा साह और बसंती देवी के अध्यक्षता में अपडेशन कार्य हेतु अंचल द्वारा आयोजित शिविर लगाया गया। इस शिविर में बुधवार को परसोडीह में एक भी आवेदन नहीं प्राप्त हुआ, जबकि मुकुंदपुर में बीस आवेदन प्राप्त हुए। 11 जुलाई को परती कुशवानी, पाचाडुमार पंचायत और 12 जुलाई लोहडगड़ा पंचायत सचिवालय में अपडेशन शिविर लगाया जायेगा। विदित है कि अंचल कार्यालय द्वारा आयोजित अपडेशन शिविर अपर समाहर्ता गढ़वा का पत्रांक 386/रा दिनांक 08.06.2024 तथा 04.01.2024 को संपन्न जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक में पंचायत द्वारा शिविर लगाकर अपडेशन कार्य किये जाने का आदेश प्राप्त था। इस शिविर में आवेदन पत्र, संबंधित जमीन का केवाला का छायाप्रति और ऑफलाइन जमीन के लगान का छायाप्रति शिविर में लगाया गया। इस मौके पर अंचल सहायक अयोध्या रजक, रिजवान अंसारी, संतोष प्रसाद, राम बाबू, दिनेश, सुशील, राजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पलायन की भेंट चढ़ा एक और युवक



कांडी (आजाद सिपाही)। परदेश पलायन कर कमाने गये युवक की विशाखापट्टनम में काम करते समय ऊपर से गिर जाने के कारण मौत होने के बाद उसका शव बुधवार की संध्या पहुंचा। शव के पहुंचते ही माता दुलारी कुंवर, पत्नी दया देवी, पुत्री रूपांजलि सहित तमाम परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मौके पर जूटे सैकड़ों लोगों की भीड़ की आंखें नाम हो गयी। मालूम हो कि कांडी थाना क्षेत्र के तेलिया निजामत गांव निवासी स्वर्गीय जयराम प्रजापति के छोटे पुत्र शिव शंकर प्रजापति 33 वर्ष की विशाखापट्टनम स्थित कल्पतरु कंपनी के द्वारा बनाये जा रहे मॉल के बिल्डिंग में काम करते समय ऊपर से गिरकर मौत हो गयी। शव का पोस्टमार्टम और कागजी कार्यवाही करने में काफी देर हुई। शव के साथ घर लौटे मृतक के बड़े भाई महेंद्र और गोपाल ने बताया कि मंगलवार की रात 10:00 बजे चलकर अभी घर पहुंचे हैं। इस घटना की बाबत जानकारी मिलने और शव आने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे समाजसेवी सह राजद के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह ने इस नौजवान की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दिया। विदित हो कि मृतक शिव शंकर प्रजापति मनरेगा मजदूर के रूप में भी निबंधित था। लेकिन इलाके के साथ-साथ पूरे जिले में काम नहीं मिलने के कारण क्षेत्र के तमाम नौजवान परदेस पलायन कर खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हुए दुर्घटना का शिकार होकर असमय काल के गाल में समा जाते हैं। प्रतिवर्ष औसतन एक से डेढ़ दर्जन नौजवानों की ऐसी स्थिति में मौत हो जाती है। जिनका शव कफन में लिपटकर ताबूत में बंद होकर घर वापस आ जाता है।

## योजनाओं के कार्य में गति लायें : बीडीओ



मेराल (आजाद सिपाही)। अबुआ आवास और 15वीं वित्त मद की योजनाओं के कार्य में गति लाने को लेकर बीडीओ जागो महतो ने बुधवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, पंचायती राज समन्वयक, आवास को-ऑर्डिनेटर, जेई सहित अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में बीडीओ ने सभी से पंचायतवार योजनाओं की कार्य प्रगति को लेकर अद्यतन जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अबुआ आवास के वैसे लाभुक जो प्रथम किस्त प्राप्त कर चुके हैं उनके आवास निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं 15 वें वित्त मद की राशि को एक सप्ताह के अंदर योजनाओं का चयन कर पैसा खर्च करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, पंचायती राज कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा, पंचायत सचिव परमानंद पाठक, राजेंद्र राम, कृष्णा तिवारी, शांति मार्डी, शालिनी कुमारी, अमर कुमार, शोभित तिवारी, शिम्पी कुमारी, कमलेश चौबे, बीपीओ फिरोज अंसारी, उपेंद्र, सद्दाम, भरत, विकास, अमित, सुमन सहित अन्य लोग शामिल थे।

## झारखंड एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक की मौत

रमना (आजाद सिपाही)। रेहला चोपन रेलखंड सीरियाटोंगर के समीप झारखंड एक्सप्रेस के चपेट में आने से बंशीधर नगर थाना क्षेत्र निवासी किशुन भुईया उम्र 60 वर्ष की मौत हो गयी। खबर के अनुसार बीती रात झारखंड एक्सप्रेस के आने से मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। इधर पुलिस ने शव को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल करते शुरू करते ही पोस्टमास्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

## बीपीओ और बिआरपी का प्रशिक्षण आयोजित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत बीपीओ और बिआरपी का प्रशिक्षण सदर अस्पताल गढ़वा के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग से आये हुए प्रतिभागियों का जिला नोडल पधाधिकारी डॉ के एल सहगल के द्वारा स्वागत किया गया। प्रतिभागियों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान गाइडलाइन और इंप्लीमेंटेशन के बारे मे बतलाया गया। साथ ही तंबाकू के दुष्परिणाम अवाम कोटपा 2003 के विषय मे चर्चा की गयी। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के तौर पर कुमार संजीव शरण (साइकोलॉजिस्ट) तथा नीरज कुमार (जिला तंबाकू सलाहकार) उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन शारदा कच्छप सोशल वर्कर के द्वारा तंबाकू निषेध शपथ के साथ किया गया।

### पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी ने एनजीटी को लिखा पत्र

# रंका, रमकंडा में हो रहे अवैध उत्खनन पर कार्रवाई की मांग





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व विधायक सह भाजपा नेता सत्येंद्रनाथ तिवारी ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और राष्ट्रीय हरित अधिकरण नयी दिल्ली को पत्र लिखकर रंका व रमकंडा प्रखंड में हो रहे अवैध पत्थर खनन और पत्थर क्रसिंग को रोकने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि जिला खनन पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी रंका, रमकंडा और वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका व रमकंडा में अवैध पत्थर खनन व पत्थर क्रसिंग किया जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगायी जानी चाहिये। उन्होंने कहा है कि इन क्षेत्रों में दर्जनों पत्थर खदान और क्रशर प्लांट संचालित हो रहे हैं। खनन विभाग की अनदेखी करते हुये कई लीजधारकों द्वारा गैरमजरूआं जमीन का गलत तरीके से म्यूटेशन और ऑनलाईन कराकर मानक के विपरित खनन और क्रशिंग का काम भारी पैमाने पर किया जा रहा है। इसकी वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। इसके अलावे लोगों की खेती बाड़ी और रहनसहन भी बूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। पत्थर खनन के दौरान ब्लास्टिंग की वजह से गउरगाड़ा, पुरेगाड़ा, पिंडरा, गासेदाग, चटकमान आदि गांव के लोगों के घरों में दरारें पड़ गयी है। इस वजह से ग्रामीण उजड़ने के कगार पर आ गये हैं। उन्होंने आवेदन में कहा है कि स्थिति की गंभीरता को समझते हुये एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाकर इस खनन की जांच करायी जाये और संबंधित पदाधिकारियों और खनन करनेवाले लोगों पर कार्रवाई की जाये।

# भाजपा कल अभिनंदन विजय संकल्प सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** 12 जुलाई को श्री बंशीधर नगर में भाजपा अभिनंदन विजय संकल्प सभा का आयोजन करेगी। इसकी जानकारी विधायक भानू प्रताप शाही ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। विधायक ने बताया कि डकबंगला परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी और विशिष्ठ अतिथि के रूप में सांसद बीडी राम मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान लोकसभा चुनाव के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी मंडल के तीन-तीन बूथों के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही सभी 502 बूथों के कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जायेगा। विधायक ने बताया कि भाजपा चुनाव के बाद सभी विधान सभा क्षेत्रों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम को सम्मान देना है। भाजपा कार्यकर्ता काफी कर्मठ हैं। कार्यकर्ताओं ने चिलचिलाती धूप में कठिन परिश्रम कर भाजपा को विजय दिलाते हुए मोदी जी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाने का काम किया है। इन्हीं कार्यकर्ताओं के बदौलत आगामी विधान सभा चुनाव में जनविरोधी हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंक भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया जायेगा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, जिला कार्यसमिति सदस्य अनिल चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विकास पांडेय, संजीत तिवारी, दिलीप यादव, अशोक सिंह, सखी चंद्र प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

# रंका सीएचसी में स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक में प्रभारी ने दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका रेफरल अस्पताल में आज रंका सीएचसी अंतर्गत रंका, रमकंडा और चिनिया में कार्यरत सभी चिकित्सक, सभी सीएचओ, सभी एएनएम, सभी एमपीडब्ल्यू, सभी चलंत चिकित्सक, सभी सहायक, सभी लैब टेक्नीशियन और सभी स्वास्थ्य कर्मियों के मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर असजद अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के टीम के रूप में जितने भी सहयोगी चिकित्साकर्मी स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रहे हैं। वे सभी मिलजुलकर ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। ताकि रंका सीएचसी का नाम गढ़वा के साथ-साथ झारखंड में भी अब्बवल हो। उन्होंने कहा कि चलंत चिकित्सा गांव में जाकर अपनी चिकित्सीय सहायता प्रदान करें, वहीं सभी एएनएम अपने-अपने लक्ष्य को जरूर पूरा करें। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी पूरे लगन के साथ कार्य करें ताकि अपने लक्ष्य को पूरा करते हुए लोगों को सहायता प्रदान करें। इधर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि सभी एएनएम को टीकाकरण के जो भी लक्ष्य दिये गये हैं, साथ ही प्रसव का लक्ष्य को सभी पूरा करें, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की स्थिति को और बेहतर करें ताकि मां और बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। वही रंका रेफरल अस्पताल में ओपीडी के साथ-साथ दवा वितरण और अन्य स्वास्थ्य कार्यों को सभी लोग बेहतर ढंग से करें। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार, डॉक्टर गोरखनाथ पांडे, डॉ नायला खान, डॉ प्रीति सिंह, पंकज विश्वकर्मा पीएमडब्ल्यू तरुण कुमार विश्वास सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

# एसआइएस में अधिकारी सेवा की भर्ती के लिए 350 पदों के लिए होगी नियुक्ति : कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** एसआईएस में अधिकारी सेवा की भर्ती के लिए दिनांक-15-16 जुलाई 2024 को 350 सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। चयनित होने पर प्रशिक्षण के दौरान ही प्रारंभिक वेतन 27500 रुपये से शुरू होगा। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नयी दिल्ली और ग्लोबल इंडिया स्किल डेवलपमेंट की तरफ से एसआईएस के संयुक्त तत्वाधान में पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के ग्रेजुएट बेरोजगार युवकों को सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर बहाल करने के लिए चयन प्रक्रिया 15-16 जुलाई को एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र बेलचंपा, गढ़वा और एसआईएसकार्यालय, डाल्टनगंज एसबीआई एडीबी के पास जेलहाता ऑफि स में कराई जायेगी। भर्ती से संबंधित जानकारी देते हुए एसआईएस के ग्रुप कमांडर रमेश कुमार जसवाल ने बताया कि सुरक्षा अधिकारी कैडर में भर्ती होने के लिए उम्मीदवार का ग्रैजुएट पास होना आवश्यक है। साथ ही 167.5 सेंटीमीटर की हाईट और 21 वर्ष से 40 वर्ष उम्र होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इनकी तैनाती जहां पर होगी, राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता, योग्यता अनुसार सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, ग्रेटिच्यूटी, ईएसआई ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिकल, आवास और दो बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था, एंप्लॉय स्टॉक ऑप्शन स्कीम के तहत शेयर का वितरण तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता और खाने की सुविधा दी जाती है। एसआईएस के मुख्य कार्य स्थल लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सीकरी, खजुराहो, सांची स्तूप, स्टेट बैंक एटीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, बिरला ग्रुप, हिंडालको, विप्रो, म्यूजियम, एयरपोर्ट, टोल टैक्स, टाटा, बिरला, जिंदल, एम्स इत्यादि जगहों पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एसआईएस की आधिकारिक वेबसाइट www.sisindia.com से लिबाज सकती है। साथ ही फार्म भी ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष संख्या-7903742868 और 8219591494 पर भी संपर्क की जा सकती है।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (खनन शाखा)

ज्ञापांक ......................./एम0 दिनांक .........................

निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर में निर्माण के दौरान तोड़े गए भण्डारित पत्थर खनिज का आम निलामी हेतु सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिलान्तर्गत निमार्णाधीन समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में निर्माण के दौरान तोड़े गए भण्डारित पत्थर लगभग 5223.92 घनमीटर को The Jharkhand minerals (Prevention of illegal mining transportation and Storage ) Rule 2017 के नियम 11 (v) के तहत Confiscate case no.- 06/2023-24 में दिनांक 13.02.2024 को नीलामी कराने का आदेश पारित किया गया है। उक्त खनिज की नीलामी दिनांक 19.07.2024 को समय 11:30 बजे पूर्वाहन में लोहरदगा समाहरणालय के सभाकक्ष में लोक निलामी के माध्यम से कराई जाएगी।

खनिज की विवरणी निम्नवत है :–

| क्रम | खनिज भण्डारण स्थल | भण्डारित खनिज का नाम | भण्डारित खनिज की मात्रा लगभग | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर | पत्थर | 5223.92 घनमीटर | 2021448/– | 202145/– |

नोट :–लोक–नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्ते जिला के वेबसाईट lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.329224 Lohardaga(24-25):D

उपायुक्त, लोहरदगा।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
Email-eedwsd.gumla@gmail.com

### अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (तृतीय आमंत्रण)

प्रथम आमंत्रण का PR No 327626

निविदा सूचना संख्या : 01/2024-25 दिनांक –: 10-7-2024

1 Name of Work:- Construction of rural water supply Scheme with DC Solar motor pump complete set & with new Source/Existing Source for PVTG Tola at different blocks of Gumla Dist. under Drinking Water and Sanitation Division, Gumla for the year 2024- 25 (Head PM JAN MAN Yojna & JJM).

| ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GML/PVTG/Ghaghra –Gr.18 | 05 | 50,09,778.00 | 1,00,500.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| GML/PVTG/Ghaghra –Gr.20 | 05 | 40,47,660.00 | 81,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 18.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 18.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 19.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- ई0 मंतोष कुमार मणि, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7488491963 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 7488491963 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला

PR 329219 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

### ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 01/2024-25/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-09.07.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/01/2024-25 | चेचाई मौजा से महुआटांड़ मौजा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.000 कि0मी0) | 95,71,400/- | पंचानवे लाख एकहतर हजार चार सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–18.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–07.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–10.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 329146 Rural Work Department(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 05/2024-25/RWD/KHUNTI, दिनांक– 09.07.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. योजना का नाम :–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-21/2023-24 | तोरपा | 1.L026 नावाटोली से पाटपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.710 कि०मी०)। | 12,80,46,200.00 (बारह करोड़ अस्सी लाख छियालीस हजार दो सौ रू० मात्र।) | 25,62,000.00 (पच्चीस लाख बासठ हजार रू० मात्र।) | 15 माह। |
| | | तोरपा | 2.L023 कुमॉंग से पैरा कोकया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.750 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 3.L062 कुटाम से अलंगकेल (VR95) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.732 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 4.L056 डोड़मा से तिरिलपीड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.224 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 5.L024 तिरला से बरकाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.410 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 6.L053 डोड़मा गोविन्दपुर पथ से ओंकरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.100 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 7.PWD पथ से चन्द्रपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.975 कि०मी०)। | | | |
| 2 | RWD-KHU-STPKG-22/2023-24 | कर्रा | 1.L035 बुरका से जबरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.750 कि०मी०)। | 14,37,32,200.00 (चौदह करोड़ सैंतीस लाख बत्तीस हजार दो सौ रू० मात्र।) | 28,76,000.00 (अठाईस लाख छिहत्तर हजार रू० मात्र।) | 15 माह। |
| | | कर्रा | 2.L044 जम्हार से कसीरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.900 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | 3.सेतीया से हुटाब तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.00 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | 4.केदिल से बरगानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.360 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | 5. तिलमी से मासको तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.600 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | 6.जम्हार से समुदार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.500 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | 7.गारी से तेतरटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.900 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | 8.L040 कर्रा से मधुकमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.450 कि०मी०)। | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 16.07.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 03.08.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 05.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803।
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 329126 District (24-25)_D

## लोहरदगा में हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना की पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधियों की पहचान लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बसार टोली निवासी भुनेश्वर साहू के पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ संतोष कुमार और तिवारी दुरा निवासी मदन महतो के पुत्र विवेक कुमार महतो के रूप में हुई है। अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसके अलावा एक पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद की गयी है। इस संदर्भ में पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार तिर्की ने बताया कि एसपी हारिस बिन जमां को गुप्त सूचना मिली थी कि दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधी हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। जिसके बाद एसपी ने सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक आनंद कुमार रजवार, आरक्षी चंद्रदीप मेहता, चालक आरक्षी मुकेश कुमार शर्मा, सत्य किशोर कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस टीम बीएस कॉलेज के समीप जुरिया चौक के पास पहुंची। जहां घेराबंदी कर अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार अभिषेक कुमार उर्फ संतोष कुमार और विवेक कुमार महतो को पकड़ा गया। उनकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर दो अपराधी वहां से भागने में सफल रहे।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला समेत दो घायल



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर अज्ञात डिजायर कार के चालक लापरवाही के साथ तेज गति से ड्राइव करते हुए। लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रहा था। जबकि विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल जे एच 08 एच 2892 में सवार हो वृद्धा और युवक घर लौट रहे थे। उसी दौरान डिजायर कार के चालक मोटरसाइकिल सवार को धक्का मार दिया। जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक तथा वृद्ध महिला घायल हो गये। घायल की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी निवासी स्वर्गीय सुकटा महतो की पत्नी भोंदो देवी तथा चैतू खेरवार का पुत्र कार्तिक खेरवार के रूप में किया गया है। घटना की सूचना थाना प्रभारी को मिलते ही उनके निर्देश पर गश्तीदल टीम तत्काल घटना स्थल पहुंच पुलिस द्वारा दोनो घायलों को घायल अवस्था में सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया.वही बताया जाता है कि भोंदो देवी अपने बहु से मिलने घाघरा अस्पताल कार्तिक उराँव के साथ गयी हुई थी। जिसे घाघरा से घर लौटने के दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती मोड़ में डिजायर कार धक्का मार घटना स्थल से गाड़ी ले फरार हो गया। पुलिस द्वारा फरार डिजायर कार की तलास करते हुए अग्रतर कार्रवाई आरंभ कर दिया गया है।

## जय श्रीराम समिति ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सूरज ठाकुर के अध्यक्षता में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भंडरा मेन रोड भौरों मोड़ के समीप राहुल गांधी का पुतला दहन किया गयो मौके पर जय श्रीराम समिति भंडरा प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर ने कहा की सनातन धर्म के कारण ही भारत मे सर्व धर्म समभाव है हिन्दू हमेशा दूसरों का सम्मान करता है किसी का अपमान नहीं करता है लेकिन हिन्दुओं को हिंसंक कहना न्यायोचित और सामाजिक तौर पर उचित नहीं है हिन्दू धर्म महासागर है समझने के लिए डूबना पड़ता है हिन्दू किसी का अहित करता नहीं और न हिंसक होता है हिन्दू शांति के प्रतिक होते है हमेशा अहिंसा परमो धर्म समझते है ऐसे मे राहुल गाँधी का वचन निंदनीय है कार्यक्रम मे राहुल गांधी मुदार्बाद सनातन धर्म से जो टकराएगा चूर चूर हो जाएगा, हिंदू को हिंसक कहना बंद करो,राहुल गांधी मुदार्बाद आदि नारे लगाए गए। मौके पर अनित कुमार कुंदन अमरेश साहू विकास पंडित विकास कुमार लहरी आकाश यादव विवेक साहू राजेश साहू मनु गुप्ता सत्यनारायण यादव विवेक यादव पंकज यादव सौरभ कुमार आदि उपस्थित थे।

## आरएमआर कॉलेज परिसर में चला पौधरोपण कार्यक्रम



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरे वनक्षेत्र में अधिक से अधिक पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा एक और कदम आगे बढ़ते हुए बुधवार को पलामू व्याघ्र परियोजना उत्तरी प्रमंडल मेदिनीनगर के अंतर्गत छिपादोहर पश्चिमी वन प्रक्षेत्र बरवाडीह के तत्वावधान में प्रखंड के राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज परिसर में पोधारोपण कार्यक्रम किया गया। पौधारोपण का कार्य की शुरूआत उपनिदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना उत्तरी प्रमंडल प्रजेश कांत जेना, वन क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। जिसमें पूरे कॉलेज परिसर में सागवान, महोगनी आम सहित कुल 101 फलदार व अन्य पौधे का पोधरोपण किया गया। पौधा लगाया जाने के पौधे को नियमित रखरखाव एवं उसकी बचाव हेतु को जागरूक किया गया। जिससे लगाए वृक्षों को संरक्षित कर बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर कॉलेज के सभी छात्रों सभी कर्मचारी एवं छिपादोहर पश्चिमी प्रक्षेत्र के समस्त वनकर्मी उपस्थित रहे।

## किसानों को सीड का प्रशिक्षण मिला



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** मल्टी आर्ट एसोसिएशन पलामू के तत्वाधान में प्रखंड के छिपादोहर में बाघ टोला में सीड बॉल का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में जेम्स हेरेंज ने कहा की सीड बॉल के द्वारा परंपरागत बीज जैसे सरई, डोरी, बैर, कटहल, जामुन, इमली, कुसुम तथा अन्य बीज को संरक्षित करने का काम किया जा सकता है और अपने आस पास के परिवेश तथा जंगल में इन पौधों को बड़े स्तर पर बढ़ाया जा सकता है। इन पौधों की बढ़ोतरी से आमदनी भी बढ़ेगी तथा परिवेश भी सुरक्षित रहेगा। जानकारी हो की छिपादोहर के ग्रामवासी सामुदायिक वन अधिकार का दावा कर चुके हैं। तथा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन का योजना बना रहे हैं। जिसके तहत जंगल को और भी हरा भरा करना है एवं पौधे की संख्या को भी बढ़ाना है। जेम्स हेरेंज ने कहा इसी उद्देश्य से आज का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

# सामाजिक सहयोग से भ्रातृत्व भावना और सद्भाव का विकास होता है : डॉ रामेश्वर उरांव

**मुहर्रम त्योहार को लेकर मुस्लिम समुदाय के बीच डंका, ताशा, झुनझुना का वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जिले के किस्को एवं कुडु प्रखण्ड पहुंच कर कार्यकताओं एवं आम जनता से मिले। इस दौरान मुहर्रम त्योहार को लेकर मुस्लिम समाज के लोगो के बीच वाद्य यंत्र डंका,ताशा,झुनझुना का वितरण किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि सर्व धर्म समभाव की बात करता हूं और हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है। हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। मुस्लिम भाइयों के बीच वाद्यंत्र डंका, ताशा, एवं झुनझुना का वितरण किया जा रहा है चूंकि हर समाज का विकास की मेरा उद्देश्य है। इससे पहले हमने जिले में आदिवासी भाइयों के बीच पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर नगाड़ा का वितरण किया। हमारा एकमात्र उद्देश्य है कि हमारी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, त्योहारों को अक्षुण्ण बना सके। यह हमारे प्रदेश की पहचान है। विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सहयोग से भ्रातृत्व भावना एवं सद्भाव का विकास होता है। सरना मसना,के साथ कब्रिस्तान शमशान आदि धार्मिक स्थल में चारदिवारी एवं शेड निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। जिससे इस क्षेत्र का विकास सभी समाज का हो सके। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, हाजी जब्बारूल अंसारी, सामूल अंसारी, तनवीर गौहर, विशाल डुंगडुंग, मुनि देवी, ऐनूल अंसारी, कुदूस अंसारी, रौनक इकबाल, मीना कुमारी, अवधेश उरांव, सहाबुल राय, माजिद पवारियां आदि उपस्थित थे।

## मोफिल अंसारी कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे

**लोहरदगा।** बीते दिनों किस्को प्रखंड के नवाडीह निवासी मोफिल अंसारी का निधन हो गया था जिसकी सूचना पाकर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उनके आवास पहुंच कर परिवार जनों से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त किया। कहा की मरहूम मोफील अंसारी कांग्रेस के सच्चे एवं जुझारू सिपाही थे। उन्होंने पार्टी की ईमानदारी से सेवा की और पार्टी को बुलंदियों तक पहुंचाया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि मरहूम मोफिल अंसारी मिलनसार छवि के कांग्रेसी नेता थे। उनके निस्वार्थ सहयोग को नहीं भुलाया जा सकता।

# स्कूली बच्चों के लिए चलायी जा रही सभी योजनाओं पर ध्यान देने की जरूरत : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्टीयरिंग कमेटी, पोशाक , छात्रवृति, पोषण वाटिका, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया, स्कूल के किचन सह स्टोर मरम्मती एवं सुदृढ़ीकरण, आयुष्मान भारत योजना से रसोइया को अच्छादित करने समेत अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जरूरत है। स्कूल में बच्चों का नामांकन, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने संबंधित जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओ का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों का संचालन सही तरीके से करते हुए स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने सभी बीपीओ को निर्देश देते हुए सभी छात्र-छात्राओं का बैंक खाता खुलवाने सुनिश्चित करें।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चो को ससमय राशन एवं योग्य बच्चो को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने समय समय पर स्कूलों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही जिससे की बच्चों को पेट के कीड़ों की बीमारी( कृमि मुक्त)से मुक्त जा सके, ताकि उनका स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा बेहतर रहे।

उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्यान भोजन का संचालन किया जाए एवं मध्यान भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र छात्राओं को दी जाती है। उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी के द्वारा किया जाए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलको, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वाहन चेकिंग अभियान में दर्जनों बाइकें जब्त

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** आमजनों की जीवन रक्षा को लेकर बरवाडीह पुलिस जागरूकता अभियान तेजी से चला रही है.वहीं सरकार के निदेशों का उल्लंघन करनेवाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार की मौजूदगी में वाहन 17 सी गेट के समीप चेकिंग अभियान चलाया गया। करीब पांच घंटे तक चले वाहन चेकिंग अभियान मे दर्जनों पहिया दो वाहन पकड़ा गया। उसे जब्त कर थाना ले आया गया। इस दौरान थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि जांच का मकसद अपराध को रोकना है। साथ ही कम उम्र के युवकों द्वारा रफ ड्राइव और उससे होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकना भी है।

# बड़काडीह में बिचौलियों ने किया मजदूरों के लाखों रुपये का गबन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** बड़काडीह के आंटीखेता में लाभुक संदीप उरांव के कूप निर्माण के काम में मजदूरी का काम करने वाले मजदूरों का लाखों रुपए निकाल कर गबन कर लिया गया। वहीं लाभुक की पत्नी ने बताया कि हमारे पति के नाम से कूप निर्माण योजना का लाभ दिया गया है लेकिन कूप का निर्माण पंचायत के मुखिया धनलाल उरांव के भाई मनलाल उरांव के द्वारा करवाया जा रहा है। मनलाल उरांव का कहना है कि कुआं बनाकर दे दिया जायेगा। लाभुक की पत्नी व कई ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों ने इस कूप निर्माण में मजदूरी का काम किया है लेकिन हम लोगों को सप्ताह/15 दिन में सिर्फ खुराकी के लिए 200 से 500 रूपए दिये गये हैं। लाभुक की पत्नी ने बताया कि जहां पर कूप का निर्माण करवाया जा रहा है, वहां हमारे पुरखों ने पहले से गढ्ढा बनाया था। इसके निर्माण में मनलाल उरांव को ज्यादा पैसे भी नहीं लगेंगे। लेकिन मनलाल उरांव बोलते हैं कि कूप निर्माण को फाइनल करने के लिए तुम लोगों को और खुद से पैसे देने होंगे। वहीं लाभुक की पत्नी ने बताया कि यह कूप योजना का प्राक्कलन राशि कितना है यह भी नहीं बताया गया है और ना ही योजना स्थल पर कोई बोर्ड लगाया गया है। लाभुक संदीप उरांव के नाम से कूप योजना निर्माण 2023-24 प्राक्कलन राशि 3 लाख 46 हजार वर्क कोड संख्या 83972 के तहत मास्टर रोल में 86 मजदूर के 498 हाजरी हैं। जिसमें 1 लाख 28 हजार 724 रुपए की निकासी हो चुकी है। वहीं बड़काडीह पंचायत के ही निवासी रंजीत उरांव का भी कूप निर्माण हो रहा है जहां पर काम कर रहे हैं मजदूरों को भी सिर्फ खुराकी के लिए ही पैसे दिए गए हैं उनका भी मजदूरी का पूरा भुगतान नहीं किया गया।

वहीं जब मुखिया से इस बारे में बात किया गया तो कुछ भी बोलने से मुखिया असमर्थ थे।

# डीडीसी ने लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में पथ निर्माण से संबंधित बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल लोहरदगा से संचालित योजनाओं व उसके प्रगति की समीक्षा की गयी। इसमें एससीए के 117 योजनाओं में 97, जिला योजना अनाबद्ध मद के 22 योजनाओं में 18, कल्याण विभाग के 7 में से 4, डीएमएफटी के 2 में से 1, पीएम-अभीम के 18 में से 9 पूर्ण पाये गये और शेष योजनाएं लंबित हैं। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के 10, प्रखंड भवन के 02, नीति आयोग के 04 और पर्यटन की 01 योजना लंबित है।

ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पथ) में पथ के 22 में 10, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पुल) के 6 पुलों में 04, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (पथ) के 22 पथों में 04 पूर्ण हैं और शेष में कार्य प्रगति में है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़िकरण योजना (पथ) के 35 पथों में सभी में कार्य प्रगति में है। पथ प्रमंडल लोहरदगा अंतर्गत भण्डरा से सेन्हा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/ पुर्ननिर्माण कार्य, शंख-चतरा पथ का आइआरक्यूपी कार्य, चट्टी से कुडू तथा कैरो नया टोली से जिंगी मोड़ पथ के 36.535 किमी तक का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, लोहरदगा-गंगूपाड़ा-पेशरार पथ का राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य और लोहरदगा-इरंगाव वाया अरकोसा रामपुर पथ एवं इरगांव-भण्डरा पथ का पुर्ननिर्माण एवं भू-अर्जन कार्य आदि की समीक्षा की गयी। नगर परिषद लोहरदगा के ग्रेड रोड, बीटी एवं सीसी रोड और कच्चा रोड की समीक्षा की गयी।

बैठक में लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीडीएम नाबार्ड संजय द्विवेदी, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह समेत सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता व अभियंता उपस्थित थे।

## चुनाव में हार जीत लगी रहती है, जनता के निर्णय को हम सहर्ष स्वीकार करते हैं : बिंदेश्वर उरांव



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड में देवी मंडप के बगल में बुधवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव की उपस्थितति व मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। मौके पर आगामी 14 जुलाई को लोहरदगा में पार्टी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को लेकर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड में अपेक्षा के अनुसार नतीजे नही आये, चुनाव में हार जीत लगी रहती है जनता का निर्णय को हम सहर्ष स्वीकारते हैं। भारतीय जनता पार्टी पार्टी के प्रति समर्पित कार्यताओं को सम्मानित करने जा रही है इसी के तहत 14 जुलाई को लोहरदगा में सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने बतलाया कि बूथ स्तर के अध्यक्ष, सचिव, एजेंट और महिला मोर्च के 148, मंडल स्तर के 30 पार्टी पदाधिकारियों, मंडल क्षेत्र में निवास करने वाले 20 विशिष्ट पदाधिकारियों, विभिन्न मंच, मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री व पदाधिकारी जिनकी संख्या 77 है। कुल मिलाकर मंडल क्षेत्र से 275 कार्यकर्ता, पदाधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा। मौके पर मंडल महामंत्री मनोज साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, नासिर आलम खान, इकबाल अंसारी, अनिल कुमार महतो, रमेश राम, रविनंदन शुक्ला, राजू साहू,राजेश सोनी, ओम कुमार सोनी आदि उपस्थित थे।

## बजरंग दल ने किया महाआरती का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल के द्वारा महा आरती का कार्यक्रम बहुत ही जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें राजा बांग्ला हनुमान मंदिर में महा आरती कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु खत्री के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मंगल महा आरती का होना बहुत ही शुभ है। इस तरह का कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह राजा बांग्ला हनुमान मंदिर में किया जायेगा। जिसमें बजरंग दल के आह्वान को हम लोग पूर्ण रूप से करने को तैयार हैं। बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि धर्म और कर्म अपने जीवन में किस तरह का कार्य कर रहे हैं या बहुत महत्वपूर्ण विषय है। 500 वर्ष के लंबे समय के इंतजार के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर की स्थापना की गयी। अब प्रत्येक सप्ताह हमें महा आरती हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होकर सभी जगह का मंदिरों को पूर्ण रूप से साफ सफाई करके कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम का नेतृत्व सत्यम कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित माताएं बहने राम भक्त, रेणु देवी, मनसा देवी, मधु खत्री, पूर्णिमा देवी, कुंती देवी, देवंती देवी, दुर्गा देवी, बिंदु देवी, स्तुति पाठक, अमरेश भारती, राजा बांग्ला के बहुत सारे छोटे-छोटे बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों के बीच उपकरण का वितरण



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** समग्र शिक्षा अभियान, लोहरदगा और एलिम्कों भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए राजकीय बालिका मध्य विद्यालय कुडू में बुधवार 10 जुलाई को दिव्यांगता जांच और सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे दिव्यांग बच्चों की जांच कर आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने को दिव्यांग बच्चों को सूचीबद्ध किया गया। साथ ही विगत वर्ष में चिन्हित 12 बच्चों के बीच सह उपकरण जिसमे तीन व्हील चेयर, दो हियरिंग ऐड, छः रोलेटर, एक मोबाइल फोन और ब्रेल किट एवं सेंसर युक्त छड़ी वितरित की गयी। सामग्री प्राप्त कर बच्चे और उनके अभिभावक काफी खुश दिखाई दिये। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम अधिकारी सह प्रभाग प्रभारी समावेशी शिक्षा अशोक पाण्डेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरबिंदा कुमारी ने अपने संयुक्त उद्बोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रयत्नशील है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से तीन से 18 वर्ष की आयु के बच्चों-किशोरों को विद्यालयी व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। शिविर में एलिम्को भुवनेश्वर के विश्वरंजन महापात्रा, आडियोलाजिस्ट अविनाश कुमार, डाटा आपरेटर विपीन सविता, तकनीशियन सुधीर कुमार, राकेश पटनायक बीपीओ प्रवेडा शाह, बीआरपी विजय प्रकाश, संतोष कुमार, शिक्षक पवन कुमार, सुनीता कुमारी, सिलवंती मिंज, थेरिस्ट धीरज कुमार सहित अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे।

## मनरेगा लोकपाल ने योजनाओं का किया निरीक्षण



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने बुधवार को प्रखंड पहुंचकर विकास योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मनरेगा लोकपाल ने भंडरा के गडरपो, जमगई व अकाशी मे चल रहे मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया. साथ ही उन्होंने निरीक्षण के दौरान मनरेगा लोकपाल ने पंचायतों में चल रही सभी मनरेगा योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा योजनाओं को अच्छे से धरातल पर उतारने तथा मस्टर रोल के अनुसार मजदूरों की उपस्थिति आदि की बात कही। निरीक्षण के क्रम मे मनरेगा लोकपाल ने गडरपो पंचायत के अमदारी गांव मे किसान देवठान उरांव, पच्चू महतो, अम्बेल करकेट्टा, फिल्मोन मिंज, अरुण उरांव, पूंगे उरांव, एवं सेमरा गांव के मोमिता गुप्ता,उमा गुप्ता के बागवानी का निरीक्षण कर पंचायत सचिव महिपाल भगत कनीय अभियंता रविशंकर भगत को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे बिरसा हरित ग्राम योजना और ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत निर्मित अमृत सरोवर का स्थल निरीक्षण किया। सम्बंधित रजिस्टर और अभिलेख की जांच की। मौके पर पंचायत सचिव महिपाल भगत,कनीय अभियंता रविशंकर भगत,रोजगार सेवक करमचंद उरांव सहित अन्य पंचायत सचिव और रोजगार सेवक शामिल थे।

## करम उपवास तोड़ाई कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के हेसल कुरसे कुंबाटोली में करम उपवास तोड़ाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। मौके पर आदिवासी सत्य प्रकृति सरना धर्म प्रार्थना सभा का भव्य आयोजन किया गया। करम उपवास मे 11 दिन का उपवास दीपा उरांव, 3 दिन का सीमा उरांव का, 3 दिन का पुष्पा उरांव का, 3 दिन का विनीता उरांव का, 3 दिन का रेमसम उरांव का, 5 दिन का राहुल उरांव का,3 दिन का राजन उरांव का, 3 दिन का पंकज उरांव का साथ 9 महीने का छोटा बच्चा मयंक उरांव का 3 दिन का करम उपवास गुरु चितरंजन उरांव के अगुवाई मे टूटा। सरना धर्म गुरु सत्य मार्ग दर्शक चितरंजन उरांव ने संदेश दिया कि आदिवासियों का सबसे पुराना धर्म सरना है पर सरना धर्म गुरु नही होने के कारण सरना समाज अलग अलग धर्मों में भटक रहा है।

मूकबधिर नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला

# एडीजे ने दो आरोपी को सुनायी 20 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एडीजे चार संजीव भाटिया की अदालत ने मूकबधिर नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के दो आरोपी यथा लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत चरहु गांव निवासी अरबाज खान व सुरसांग थाना क्षेत्र के महुवाटोली गांव निवासी वाहिद शाह को धारा 375 डी के तहत 20 साल की सजा व 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोनो को तीन माह अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। पूरा मामला 24 मई 2022 का है। किशोरी अपने चाचा के घर पर रहती थी। घटना के दिन वह अपने घर से चाचा के घर वापस लौट रही थी। तभी दोनो आरोपी उसे एक पुलिया के समीप से खींच कर जंगल ले जाने के बाद सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जंगल मे दोनों जब दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे रहे थे तभी वहां पर रुकी एक बराती वाहन के लोग शौच करने के दौरान घटना को देख कर आरोपी को पकड़ो पकड़ो चिल्लाने लगे थे। इसके बाद दोनो आरोपी वहां से भाग निकले थे। इसके बाद लोगो ने घटना की जानकारी किशोरी के चाचा को दी गयी थी। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने अपनी दादी को इशारा में दो लड़कों के द्वारा गला दबाकर दुष्कर्म किये जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद चाचा के बयान पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान के दौरान दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी।

# परिवर्तन की तैयारी में है भाजपा की जिला टीम

**बदले जा सकते हैं कई मंडल अध्यक्ष, जिला कमेटी का भी दिखेगा नया स्वरूप**

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी जिला स्तर पर अपने संगठनात्मक ढांचे के परिवर्तन की तैयारी कर रही है।

सूत्र बताते हैं कि परिवर्तन की इस बयार में जिला के कई मंडल अध्यक्ष बदले जा सकते हैं। पता तो यह भी चल रहा है कि गुमला नगर व ग्रामीण मंडल, डुमरी मंडल और कामडारा मंडल के मंडल अध्यक्षों के बदलने की संभावना है। मंडल स्तरीय कुछ पुराने पदाधिकारी जिला टीम में भी लिए जा सकते हैं। भाजपा की जिला टीम में भी आने वाले दो चार दिन में बदलाव देखने को मिल सकता है। जिला स्तर पर कुछ नये पदाधिकारी जोड़े और पुराने पदाधिकारी हटाये भी जा सकते हैं। विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि प्रत्येक मंडल से तीन नाम का चयन कर प्रदेश कमेटी को भेजा जा रहा है। जिसमें प्रदेश कमेटी अपने तौर पर जांच कराएगी। और उन तीन नामों में से एक नाम पर मुहर लगा कर उसे मंडल अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी जाएगी। इन तीन नामों की सर्वसम्मति से सूची बनाने के लिए जिला कमेटी द्वारा एक एक प्रयवेक्षक भी नियुक्त किया जा चुका है। बात तो यह भी देखने वाली है कि जो तीन नाम मांडल अध्यक्ष के लिए प्रदेश को भेजे जाने हैं और उसकी जो बैठक होनी है वह वर्तमान मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में होनी है।

लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा के बाद संघटनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू काफी सीरियस है। लोकसभा में चुनाव में हार का सामना करने के बाद भाजपा के अंदर चिंतन मनन का दौर चल रहा है। पार्टी अपनी चूक की समीक्षा व मंथन में लगी है। यह भी माना जा रहा है कि संगठन में होने वाला फेर बदल आने वाले विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने की मजबूत तैयारी है।

संगठन के वरीय पदाधिकारियों का मानना है कि नए पदाधिकारी नए जोश के साथ विधानसभा चुनाव में अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल करेंगे। जिसका लाभ पार्टी को होगा। पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को लेकर प्रदेश कार्यालय से लेकर जिला कमेटी तक के पदाधिकारी इस जुगत में लगे हैं कि विधानसभा चुनाव में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के पांचो विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा रहे। ताकि ये प्रत्याशी जीतकर राज्य में भाजपा की सरकार बना सकें। ठीक उसके बाद नगर निकाय चुनाव में भी इस संगठनात्मक मजबूती का लाभ लिया जा सके।

हालांकि कई मंडल अध्यक्षों पर जिला के वरीय पदाधिकारी को विश्वास है। और वह यथावत बने रह सकते हैं। घोषणा के पूर्व यह नहीं कहा जा सकता कि किन-किन मंडलों के अध्यक्ष यथावत रहेंगे और किन-किन मंडलों के अध्यक्ष बदले जाएंगे। लेकिन अंदेशा लगाया जा रहा है की आने वाले कुछ ही दिनों में भारतीय जनता पार्टी की जिला कमेटी से लेकर मंडल कमेटी तक के स्वरूप में भारी परिवर्तन देखने को मिलेगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी बाबाधाम मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार इटकीरी निवासी लगभग 18 वर्षीय तूफान महली अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर घाघरा की ओर जा रहा था इसी दौरान तीखा मोड़ होने के कारण विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल से सीधी भिड़ंत हुई जिससे यह घटना घटी। घटना के बाद एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया गया। जहाँ इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही घाघरा पुलिस अस्पताल पहुँच घायल की पूछताछ में लग गये थे।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बालाघाट के पास एक बाइक चालक ने पीछे से एक महिला को धक्का मारा।जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। यह घटना बीती मंगलवार की देर शाम की है। बताया जा रहा है मृतक महिला संतोषी देवी (पति भादवा झोरा) ग्राम बेतेरकेरा, थाना कुरकुरा निवासी मंगलवार की शाम को कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गाँव चंदाटोली बाजार से वापस अपने घर पैदल जा रही थी। उसी दौरान एक बाइक चालक अंथोनी सुरीन, ग्राम बेतेरकेरा निवासी लापरवाही से बाइक चलाते हुये बाकुटोली-बानो पथ पर बालाघाट पुल के समीप पैदल जा रही एक महिला संतोषी देवी को धक्का मारा। जिसके कारण उसकी मौत घटनास्थल पर हो गयी। वहीं बाइक चालक गिरकर गंभीर रुप से जख्मी हो गया है। जिसे उठाकर इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। इधर कामडारा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे मे करने के उपरांत बुधवार को उक्त मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दी।

## उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बुधवार को उतरी पालकोट पंचायत भवन और सामुदिक भवन के सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी3) के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन दो बैच में किया गया। जिसमें सहिया को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, युवा मैत्री केंद्र, बाल विवाह (कारण, परिणाम और संबंधित कानून) एनीमिया एवं कम उम्र में गर्भधारण के दुष्परिणाम के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गयी। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में युवा मैत्री केंद्र, पालकोट के परामर्शदाता पवन उरांव ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवम युवा मैत्री केंद्र में मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कम उम्र में विवाह एवं गर्भधारण के खतरे पर परामर्श और सेवाओं पर विस्तृत जानकारी दी और सहिया की भूमिकाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किशोर किशोरियों और अभिभावकों को जागरूक करने हेतु सहिया किशोर स्वास्थ्य दिवस, क्लब मीटिंग, ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस आदि अवसरों का उपयोग कर सकती हैं। आवश्यकतानुसार, सहिया किशोर-किशोरियों और उनके अभिभावकों को युवा मैत्री केंद्र भी भेज सकती हैं, ताकि उन्हें उचित सलाह दी जा सके। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सी3 के प्रकाश सारंगी, पूनम कुमारी, प्रतिभा कुमारी, रजनी कुमारी और कर्मिला देवी युवा मैत्री केंद्र के परामर्शदाता और स्वास्थ्य सहिया मौजूद थे ।

# कुड़ुख भाषा के पद सृजन में भारी अनियमितता का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बाइस पड़हा के सदस्य, व गुमला जिला के जिला परिषद सदस्य किरण माला बाड़ा एवं कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने गुमला जिला में कुड़ुख भाषा विषय पर पद सृजन में भारी अनियमितता को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त ने इस गड़बड़ी को जांच करने और जांचोपरांत गड़बड़ी पाये जाने पर इसे निरस्त कर देने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने पुनः सर्वे कराकर कुड़ुख भाषा विषय के लिए पद सृजन बढ़ाये जाने पर सहमति जतायी। उपायुक्त ने समाजिक स्तर से भी सर्वे करने के लिए बाइस पड़हा सदस्यों को योगदान देने की अपील की। बिरसा उरांव ने बताया की आज कुड़ुख भाषा को संर्पक भाषा के रुप में प्रयोग कर के नागपुरी भाषा को जगह देना, कुड़ुख भाषा को दबाने की साजिश है। जब झारखंड सरकार ने जनजातीय भाषा को बढ़ाने के लिए पद सृजन कर लोगों तक भाषा को पहुंचाने की काम कर रही है। चैतु उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि गुमला जिला एक पाचवी अनुसूची श्रेत्र में स्थित है और कुड़ुख बहुल श्रेत्र है। यहां की भाषा उरांव समाज की पहचान है। इन्हें आज जगह ना देना कहीं ना कही कुड़ुख भाषा को दबाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। इसलिए गुमला जिला के सभी स्कूल में फिर से नामांकित आदिवासी उरांव छात्र- छात्राओं की संख्या के अनुसार कुड़ुख भाषा के लिए पद सृजन किया जाये। जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कुड़ुख समाज से बड़े बड़े विद्वान पैदा हुए और पूरे भारत देश में कुड़ुख भाषा में राजनीतिक कार्य से समाजीक कार्य की पहचान दिलाने का काम किये। ये गुमला धरती का सौभाग्य है गुमला जिला को देश विदेश तक कुड़ुख भाषा की अपनी पहचान है। लेकिन वर्तमान में गुमला में कुड़ुख भाषा को जगह ना देना हाशिए पर ले जाने का षडयंत्र है। इस विषय पर उपायुक्त को ज्ञापन सौप कर गड़बड़ी में संशोधन करते हुए कुड़ुख भाषा के लिए पद सृजन करने की सिफारिश की गये है। संसोधन नहीं होने पर अंदोलन करने की चेतावनी दी। मौके पर जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, गुमला जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, पड़हा सदस्य बिरसा उरांव, मंगरा उरांव सहित कई लोग उपस्तिथि थे।

# ग्रामीणों के बीच मुफ्त अनाज का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गौरव रक्षा सम्मान समिति जारी के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड के दरकाना गांव में किसानों के बीच मकई धान मड़वा के बीजों का निशुल्क वितरण किया गया। वही काफी संख्या में किसान बीज लेने आए थे। किसानों को डेढ़ किलो मकई 2 किलो धान 2 किलो मड़वा का वितरण मुफ्त में किया गया। वहीं किसानों को कृषि तकनीक के बारे में विस्तार से बताया गया। गौरव रक्षा सम्मान समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप बड़ाइक ने कहा खेती बाड़ी का समय पहुंच चुका है बहुत ऐसे गरीब किसान है जो बीज और पैसों के अभाव में खेती नहीं कर पाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को खेती करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए बिरसा किसी विश्वविद्यालय के कृषि विभाग में जाकर किसानों के खेती करने के लिए मकई धान और मड़वा लाया गया। और मकई 2 किलो धान डेढ़ किलो मड़वा 2 किलो गरीब किसानों के बीच निशुल्क वितरण किया गया। मौके पर दिलीप बड़ाइक में कहा जारी प्रखंड में गरीब किसानों के बीच 5 क्विंटल अनाज का वितरण भी पूर्व में किया जा चुका है। वहीं दिलीप बड़ाइक ने बताया आने वाले दिनों में परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के तत्वधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आंखों का मुफ्त इलाज व चश्मा का वितरण भी किया जाएगा। वहीं दिलीप बड़ाइक ने ग्रामीणों से कहा अनाज लगाने के बाद उसमें जैविक खाद का उपयोग करें रासायनिक खाद का उपयोग करने से खेत खराब होता है। वहीं स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ता है। आजकल शहरी क्षेत्र में कई लोग कई प्रकार के बीमारी का शिकार हो रहे हैं। पहले के लोग मकई जौ बाजरा मड़वा और मोटा अनाज का उपयोग करते थे। जिससे तंदुरुस्त रहते थे। लेकिन अब रासायनिक मिला हुआ अनाज का प्रयोग कर- के लोगों को कई प्रकार की बीमारियां हो रही है। मौके पर चैनपुर मंडल अध्यक्ष मनोहर राय,अमित पांडे,गायत्री देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रसिद्ध समाजसेवी सह पूर्व उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल का निधन



ओम प्रकाश अग्रवाल की फाइल फोटो

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जिले के सामाजिक राजनीतिक व धार्मिक सभी मंचों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले ओम प्रकाश अग्रवाल नही रहे। बुधवार की सुबह इलाज के दौरान रांची में इन्होंने अंतिम सांस ली इसकी सूचना जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से सिमडेगा में फैली तो लोगों को एक बार इस समाचार पर विश्वास ही नहीं हुआ। खबर की पुष्टि करने में अपने स्तर से लगे वहीं विश्वस्त समाचारों के सोशल मीडिया में समाचार चलने के बाद लोगों को यकीन हो गया कि हर दिल अजीज व शहर में हर लोगों के बीच सरल सुलभ वह मार्गदर्शक के रूप में रहने वाले जिंदा दिल हंसमुख व्यक्तित्व के धनी साथ धार्मिक सामाजिक व राजनीतिक के क्षेत्र में विशेष स्थान रखने वाले ओम प्रकाश अग्रवाल का निधन को लोगों ने नियति का खेल माना। इसके साथ ही नीचे बाजार स्थित उनके आवास व पेट्रोल पंप पर इनके शुभचिंतको का भीड़ लगना शुरू हो गया। पार्थिव शरीर के सिमडेगा आने पर लोगों का हुजूर इनके अंतिम दर्शन के लिए उमर पड़ा। वहीं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने भी ओम प्रकाश अग्रवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ओमप्रकाश अग्रवाल का निधन समाज और जिला के लिए अपूर्णीय क्षति है। विधायक ने ईश्वर से दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। साथ ही इस दु:ख की घड़ी में ईश्वर से परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की भी कामना की है। वहीं सामाजिक राजनीतिक व प्रशासनिक स्टार के जुड़े पदाधिकारी भी अंतिम दर्शन कर परिवार के सदस्यों को संतावना देते हुए ढांढस बंधाया।

# डाक विभाग ने किया सामुदायिक सह व्यवसायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के पुटो गांव स्थित कार्तिक उरांव विद्यालय प्रांगण मे डाक विभाग गुमला द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम सह व्यवसायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड डाक निदेशक पंकज कुमार मिश्रा वरीय डाक अधीक्षक रांची उदयभान सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर के माध्यम से डाक विभाग अंतर्गत मिलने वाली सारी सुविधाएं डाक विभाग में खाता खोलने, डाक विभाग की कई लाभकारी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही शिविर के माध्यम से कई लोगों का खाता खोलना वह अन्य कई समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त किया गया। इसके साथ ही डाक विभाग विभाग की योजना का विस्तृत चर्चा लोगों के बीच करते हुए उनके फायदे की जानकारी भी दी गई। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उसका लाभ मिल सके कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यालय में पौधारोपण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में डाक अधीक्षक गुमला शांतनु आजाद, विनय कुमार, शिव शंकर ठाकुर, संजय सहदेव, परमेश्वर साहू, प्रभात कुमार सहदेव, राजेश कुमार, सुखदेव उरांव सहित कई डाककर्मी व विद्यालय के कई बच्चे व ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बकसपुर गांव मे मंगलवार की रात्रि को छुन्दू सद लोहार का नाबालिक पुत्र पवन सद लोहार ने घर कमरे के कांड में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी सुबह में परिजनों ने रायडीह थाना पुलिस को दिया। एएसआइ विनय कुमार राम सशस्त्र बलों के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण वह हमेशा तनावग्रस्त रहता था। उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिलम का छात्र था।कुछ दिनों से वह स्कूल जाना भो छोड़ दिया था। इसके लिए शिक्षकगण भी उसे समझाने बुझाने उसके घर आये थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# ताशा झा ने 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर वुमन में गोल्ड जीता



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा ताशा झा ने 14वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में ओपन साइट 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर वुमन में गोल्ड जीतकर विद्यालय एवं ज़िले का नाम रोशन किया है। वहीं 10 मीटर राइफल चैंपियनशिप यूथ वुमन इंडिविजुअल में उसने स्टेट लेवल पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जोनल लेवल के लिए क्वालिफाई किया है। स्टेट लेवल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 7 जुलाई से 10 जुलाई तक कुमार सुरेंद्र सिंह शूटिंग रेंज देवघर में आयोजित किया गया था। ताशा के इस धमाकेदार प्रदर्शन से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने ताशा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शिक्षक बच्चों की अटेंडेंस को ऑनलाइन अपडेट करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक बुधवार को हुई। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां ने जिले की शैक्षणिक प्रगति पर प्रस्तुति दी ।

उपायुक्त द्वारा यूनिफॉर्म, टेक्स्टबुक, शिक्षा अधिकार अंतर्गत नामांकन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन स्मार्ट क्लास आईसीटी लैब की क्रियाशिलता, आधार एनरोलमेंट, शिक्षकों एवं विध्यार्थियोक का अटेंडेंस, सीएम स्पेशल स्कॉलरशिप, विद्यार्थियों का बैंक खाता खोलने, आदि पर समीक्षा करते हुए उचित निर्देश दिया गया।

इस दौरान आदेश के उलंघन, कार्य शिथिलता एवं अनुशासन हीनता के आरोप में कस्तूरबा विद्यालय की एक शिक्षिका एवम कुछ फिजियोथेरेपिस्ट की सेवा समाप्त की गई तथा भरनो प्रखंड में बीपीओ के पदस्थापन का अनुमोदन किया गया। उपायुक्त के द्वारा विद्यालय शिक्षकों के शत प्रतिशत बायोमेट्रिक अटेंडेंस का निर्देश दिया गया। साथ ही शत प्रतिशत विद्यालयों में बच्चों के अटेंडेंस को ऑनलाइन अपडेट करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी कस्तूरबागांधी विद्यालयों में विद्यार्थियों के रिक्त पदों पर 18 जून से पहले बच्चों का नामांकन करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने चयनित विद्यालयों में शत प्रतिशत स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। रुके हुए कार्यों की कार्यकारी एजेंसियों के साथ समीक्षा करते हुए कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों का बैंक अकाउंट खुलवाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि इसके लिए एलडीएम गुमला को पत्राचार करते हुए बैंकों से सहयोग प्राप्त करें। सभी विद्यालयों में नियमित रूप से साप्ताहिक टेस्ट के रिपोर्ट को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। कुछ विद्यालयों के द्वार नियमित टेस्ट के रिपोर्ट अपलोड नहीं करने की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने बेहद नाराजगी व्यक्त की।

# कुआं में डूबने से मजदूर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के उर्मी डान टोली निवासी 30 वर्षीय रंथा साहू पिता भागीरथी साहू की मंगलवार की शाम कुआं में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक टेंसेरा गांव में एक शादी समारोह में मृतक न्योता देने गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजन देर रात को ही काफी खोजबीन किए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद सुबह भी उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। इसके बाद बुधवार की शाम करीब 5:00 बजे कुछ लोगों ने कुएं में एक तैरते शव को देखा। इसके बाद खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गयी। लोगों ने घटना की जानकारी गुमला थाना को दी। गुमला थाना के एएसआई रविंद्र कुमार मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला। वहीं परिजन भी पहुंचे और शव की पहचान रंथु साहू के रूप में की गई। इसके बाद देर शाम शव को सदर अस्पताल लाया गया जहां गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा। पोस्टमार्टम के बाद ही खुलासा हो पायेगा की यह हादसा है या हत्या। हालांकि मृतक के नाक से खून का रिसाव देखा गया। उसके चेहरे पर चोट के निशान भी हैं। शादी समारोह से करीब आधा किलोमीटर दूर कुएं में उसका शव पाया जाना संदेश पैदा करता है।

## पत्नी से माचिस मांगने पर हुआ शक, युवक की पत्थर से कूच कर हत्या का किया प्रयास



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत चरको गांव निवासी 30 वर्षीय हीरा गोप को गांव के ही मुकेश उरांव ने ईट व पत्थर से कुच कर हत्या का प्रयास किया। घटना में हीरा को सिर में गंभीर चोट लगी इसके बाद रेफरल अस्पताल सिसई में इलाज के उपरांत सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की अपराह्न करीब 5:00 बजे चार पांच लोग गांव में मुकेश के घर शराब पी रहे थे। इसी क्रम में हीरा बीड़ी जलाने के लिए मुकेश की पत्नी से माचिस मांगा। और हंसी मजाक किया इसके बाद सभी अपने-अपने घर चले गए थोड़ी देर बाद मुकेश हीरा के घर पहुंचा उसे समय हीरा घर में सोया हुआ था मुकेश को शक था की उसने माचिस मांगने के बहाने मेरी पत्नी से छेड़छाड़ किया है। इसी बात को लेकर मुकेश ने हीरा को ईट पत्थर से कुच दिया। और हीरा को मरा हुआ समझकर वहां से फरार हो गया घटना के वक्त के घर में कोई नहीं था। आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हुए। वहीं सदर अस्पताल में हीरा का इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया मुकेश चार-पांच दिन पूर्व रथ मेला के दिन एक लड़की को अपने घर लाकर ढुकू रखा है।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर पथरा पंचायत कंवर्जेंस कमिटी की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बुधवार को प्रखंड के पथरा पंचायत सचिवालय परिसर में एमडीए को लेकर ग्राम पंचायत कन्वर्जेंस कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया नरेश पासवान ने की। बैठक में पीरामल फाउंडेशन के टीम द्वारा उपस्थित लोगों व कमिटी के सदस्यों को फलेरिया के बारे में जानकारी दी गयी। वही कमिटी के सदस्यों को एमडीए क्रम के बारे में लोगो को जागरूक करने की बात कही गयी। साथ-साथ पंचायतवासियो को फलेरिया रोधी दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए सक्रियता के साथ काम करने की जरूरत है। मुखिया नरेश पासवान ने पंचायत को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिये आम लोगों से सहयोग व सहभागिता की अपील की है। मौके पर पीरामल फाउंडेशन के अनिल कुमार गुप्ता, विजय पांडेय, पहलाद सिंह आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली प्रभात फेरी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** 11 जुलाई 2024 से शुरू हो रहे विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में सभी चिकित्सा कर्मियों एवं सहिया साथी व बीटीटी के द्वारा जागरूकता अभियान के लिए प्रभात फेरी निकाला गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया गया कि 11 जुलाई 2024 को अनुमंडलीय अस्पताल के परिसर में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का विधिवत उद्घाटन समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसमें पुरे पखवाड़ा आमलोगों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थायी साधन, कंडोम , माला एन, ओ सी पी, अंतरा इंजेक्शन के उपयोग एवं इसके लाभों के बारे में बताया जायेगा।प्रभात फेरी में मुख्या रूप से बीपीएम बिभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन, रंजीत कुमार मेहता, गोपी रमन सिंह, रिंकू देवी, संगीता देवी, सीमा सिंह, सोनी देवी, गीता मिश्रा सहिया साथी आदि उपस्थित थे ।इस दौरान उपायुक्त पलामू के निर्देश पर सभी सहिया साथी एवं बी टी टी को सम्पूर्णता अभियान की जानकारी दी गयी। सभी उपस्थित चिकित्सा कर्मियों को बताया गया कि माह सितम्बर 2024 तक सम्पूर्णता अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग से तीन इंडिकेटर यथा शत प्रतिशत गर्भवती ,महिलाओं का टीकाकरण, बच्चों का पूर्ण टीकाकरण एवं 30 वर्ष से अधिक के लोगों को बी पी एवं शुगर जाँच किया जाना है, निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति निर्धारित अवधि तक हर हाल में कर लेना है, इसके लिए सभी सहिया निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगी।

## दो अलग-अलग जगहों पर करंट लगने से एक युवती की मौत, दो घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एकौनी गांव निवासी राजकुमार राम की 22 वर्षीय पुत्री गीतांजलि कुमारी की मौत घर में करंट लगने से हो गयी, जबकि गीतांजलि का भाई रविरंजन कुमार बेहोश हो गया। दोनो भाई बहन को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया। चिकित्सकों ने गीतांजलि को मृत घोषित कर दिया। जबकि रविरंजन कुमार का उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलने पर हुसैनाबाद थाना पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। गीतांजलि का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। घटना बुधवार को अहले सुबह की बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया व हर संभव मदद का भरोसा दिया। उधर हुसैनाबाद शहर स्थित बसंत विश्वकर्मा के मकान में किराये पर रह रहे नेपाल के मदन नेपाली तार पर कपड़ा डालने के क्रम में करंट की चपेट में आ गया। उसे बेहोशी की स्थिति में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया। मदन नेपाली की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है।

## नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक नवविवाहिता की हत्या का संगीन मामला प्रकाश में आया है। हैदरनगर थाना क्षेत्र के लोहरपुरा गांव में नवविवाहिता अनिता देवी (20वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतिका के पिता ननदेव मेहता जो पलामू जिला के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुन्द्री ग्राम के निवासी हैं ने अपनी बेटी की हत्या का आरोप उसके ससुरालवालों पर लगाया है। ननदेव मेहता ने हैदरनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उन्होंने पिछले साल 5 मई को अपनी बेटी अनिता की शादी लोहरपुरा गांव के नन्दलाला मेहता के पुत्र उमेश मेहता के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार धूमधाम से की थी। शादी के समय उन्होंने दहेज में मोटरसाइकिल और नगद धनराशि भी दी थी। लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा 2 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की जा रही थी। जिसे लेकर उनकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। ननदेव मेहता का आरोप है कि सोमवार को उनकी बेटी को जहर देकर मार दिया गया और देर रात बिना सूचना दिये उसका दाह संस्कार भी कर दिया गया। ससुरालवालों ने केवल यह जानकारी दी कि अनिता ने जहर खा लिया और उसकी मृत्यु हो गयी। इस मामले पर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि मृतिका के पिता की शिकायत पर हैदरनगर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# भाजपा ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के सम्मान को सर्वोपरि रखती है : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** शहर के रिद्धि-सिद्धि होटल के सभागार में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता एवं संचालन श्रवण अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप में कोडरमा विधायक नीरा यादव व पलामू सांसद वीडी राम उपस्थित रहें। कार्यक्रम के संयोजक सह भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह सहित कई नेता शामिल हुये। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दिप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर नीरा यादव ने कहा जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में दिन रात मेहनत कर पार्टी को जीत दिलाई है इस सिलसिला को रुकने नही देना है और लोकतंत्र का दूसरा पर्व विधानसभा चुनाव अभी बाकी है और इस पर्व में भी कार्यकर्ताओं को जी जान से मेहनत कर विधानसभा में जीत दर्ज करनी है और झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है। वीडी राम ने कहा कि बीजेपी ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के मान सम्मान को सर्वोपरि रखती है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह, अशोक सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, राम प्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, छठन राम, संतोष सिंह, सोमेश सिंह, रामराज मेहता, संजय मेहता, उमेश चन्द्र शिव समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मैं गांव में पली बढ़ी, घटना की पीड़ा समझ सकती हूं: अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर भंडारिया मुखिया विनय सिंह के यहां बर्खी में सम्मिलित होते हुए अपनी संवेदना प्रकट की। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले मुखिया विनय सिंह के भाई एवं भतीजे का एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी और मुखिया एवं उनकी धर्मपत्नी गंभीर रूप घायल हुए जो आज भी अस्वस्थ है। महापौर का इस दुख की बेला में पीड़ित परिवार से मिलने को सभी स्थानीय लोगों ने सराहा और कहा कि इतने बड़े घर की महिला होकर गांव गांव तक जाकर सबों के सुख-दुख में शामिल हो रही जो दूसरों के लिए सबक है। इस अवसर पर गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, विनय जायसवाल, मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता वगैरह काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने कहा मैं गांव में पली बढ़ी हूं इसलिए गांव के सुख-दुख को समझ सकती हूं।

# बच्चों को फिट रहने के लिए दूध का सेवन जरूरी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** यामाहा मोटर सोल्यूशन सीएसआर के तहत पलामू में गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को चियांकी उत्क्रमित मध्य विद्यालय से की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू डीसी शशि रंजन, जेएमएफ के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह,डीएसई रणधीर कुजूर,डीडीडीओ सुरेश कुमार, यामाहा मोटर सोल्यूशन के बलवंत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल जाने वाले बच्चों में कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से मेधा डेयरी का दूध यामाहा मोटर सोल्यूशन ने अपने सीएसआर के तहत यह अनूठी पहल है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत पलामू जिले के 12 स्कूलों में लगभग 1200 बच्चें लाभान्वित होंगे। इस कार्यक्रम के तहत लाभार्थी बच्चों को स्कूल में प्रतिदिन विटामिन ए एवं डी से फोर फिट 200 एम एल मेधा अमृत दूध मिलेगा। यह कार्यक्रम एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर पोषण द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत झारखण्ड मिल्क फेडरेशन प्रतिदिन स्कूलों में दूध की आपूर्ति करेग। कार्यक्रम की शुरूआत में स्कूल के बच्चों ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। बच्चों ने झारखंड की संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। पलामू डीसी शशि रंजन ने एन एफ, यामाहा मोटर एवं झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों को प्रत्येक दिन दूध पीने के लिए प्रेरित किया।

मौके पर मौजूद जेएमएफ के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने लोगो को दुग्ध व्यवसाय से जुडने का अहवाहन किया और बताया की हमारे प्रांत मे काफी उत्तम गुणवत्ता का दूध उपलब्ध है जो कि काफी अच्छी बात है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बच्चों के बीच उत्साह का माहौल था। झारखंड मिल्क फेडरेशन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ राज्य में डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम से अप्रत्यक्ष रूप से झारखंड के दूध उत्पादक किसानों को भी लाभ हो रहा है। दूध गांवों में किसानों से खरीदा जा रहा है और जेएमएफ द्वारा प्रसंस्करण किया जा रहा है और सरकारी स्कूलों में छात्रों को वितरित किया जा रहा है। इस लिए इस परियोजना के माध्यम से यामाहा मोटर सोल्यूशन इंडिया न केवल बच्चों बल्कि राज्य के डेयरी किसानों के जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इस परियोजना का छात्रों की उपस्थिति पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने गिफ्ट मिल्क प्रोजेक्ट की सराहना की।

## चोरी-डकैती की घटनाओं के विरोध में स्वर्णकार संघ करेगा आंदोलन




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के स्थानीय रिलैक्स इन होटल मे पलामू जिला स्वर्णकार संघ द्वारा प्रेस के माध्यम से जिला प्रशासन को कहा कि पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों मे यथा सतबरवा, पांकी, मनातू, पड़वा मोड़, नावा बाजार एवं 30 जून 2024 को छतरपुर में वृजबिहारी सोनी के यहां चोरी हुई है। इन सभी घटनाओं में अभी तक न तो अपराधी पकड़े गये है और न ही चोरी गयी समान की बरामदगी हुई है। इन सभी घटनाओं के विरोध में दिन रविवार को पलामू जिला स्वर्णकार संघ के सभी 21 प्रखंड की दुकान को बंद कर शांतिपूर्वक आन्दोलन करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ अध्यक्ष के दुर्गा प्रसाद जौहरी,पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी, अमित वर्मा, उमंग सोनी, प्रदीप सोनी, संजय बर्मन, हिमांशु कौशल सोनी, गुड्डू बर्मन, उदय सोनी, अजीत सोनी, बजरंगी सोनी समेत अन्य स्वर्णकार बंधु उपस्थित रहे।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को जनता दरबार का आयोजन हुआ।डीसी श्री रंजन ने जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में मुख्य तौर पर जमीन विवाद संबंधी,ऑनलाइन रसीद, अबुआ आवास,पेंशन, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जाति व आवासीय प्रमाण पत्र, अनुकंपा पर नियुक्ति, आंगनबाड़ी सेविका के चयन, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि,जमीन बंटवारा,जमीन मापी सहित अन्य आवेदन आये।सदर प्रखंड से आए ग्रामीणों ने उपायुक्त से अंबिका पांडे व उनके पुत्रों द्वारा आम रास्ता को बाधित करने से संबंधित शिकायत की।उन सभी लोगों ने उपायुक्त से मामले की जांच करते हुए बाधित रास्ते की आवागमन को बहाल करने को लेकर अनुरोध किया। इस तरह पाटन के सगुनी से आये हनीफ मियां ने कहा कि एक एकड़ पचास डिसमिल के जमीन के मापी हेतु अमीन का भत्ता जमा करने के बावजूद मापी नहीं किये जाने को लेकर शिकायत की।उन्होंने डीसी को संबंधित अमीन द्वारा अवैध पैसा की मांग किये जाने को लेकर भी अवगत कराया।पांकी से बोलबम न्यास ट्रस्ट लोहरसी के पदाधिकारी ने लोहरसी बाजार स्थित शिव मंदिर की जमीन पर चारदिवारी तोड़ कर अवैध मकान बनाने के संबंध में शिकायत की।डीसी ने संज्ञान में आए मामलों को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन हेतु निर्देशित किया।

Govt. of Jharkhand
Office of the Director
Ranchi Institute of Neuro-Psychiatry & Allied Sciences
Kanke, Ranchi - 834006 (Ph.:2450303, 2450813, 2450188)
www.rinpas.nic.in, Director-rinpas@jharkhandmail.gov.in & Directorrinpas@gmail.com

E-tender notice No. **Tender Document No: - DIR/04/07/2024-2025/ MISC/ General Store** are invited in two bid system (Tech nical & Price Bid) through e-tendring process only, from competent and eligibel agencies, for a period of minimum one year.

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| A | Tender Document Fee (Non-Refundable) | Rs.500/- (Rupees five hundred) through online mode in favour of "DIRECTOR RINPAS.". Receipt of online payment should be deposited in the dispatch section of RINPAS before last date for submission of Bids. |
| B | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.50,000/- (Rupees fifty thousand) through online mode in favour of "DIRECTOR RINPAS.". Receipt of online payment should be deposited in the dispatch section of RINPAS before last date for submission of Bids. (According to NIT Sr. No. 2) |
| C | Date of Publication on Website | 13/07/2024, 11.30 A.M. |
| D | Pre-Bid Conference | 16/07/2024, 11.30 A.M. |
| E | Date of start of Online Bid Submission | 18/07/2024, 11.30 A.M. |
| F | Last Date and time for submission of Bids | 02/08/2024, 17.00 P.M. |
| G | Opening of Technical Bid - PART A | 05/08/2024, 11.30 A.M. |

Note:- For further details, please visit website http://jharkhandtenders.gov.in

RINPAS Letter no. 1764, date-10/07/2024

Sd-/
Director,
RINPAS, Kanke, Ranchi

PR 329265 (RINPAS) 24-25 (D)

NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA, NETARHAT
P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860,
Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com Website:www.netarhatvidyalaya.com

NOTICE INVITING RE-TENDER
Advt No.1646 Dated - 09.07.2024

Sealed Quotations are invited from reputed Suppliers/ Publishers/Authorized Distributors /Authorized Dealers for the Supply of different kinds of Magazines, and Circulars for the Library at Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply of different kinds of Magazines and Circulars for the Library at Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Supply of Magazines ,Circulars on weekly, fortnight, monthly and quarterly basis . (Hindi & English) |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O - Netarhat, Via-Gumla, District- Latehar.(JHARKHAND) PIN-835 218. |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 09 .07.2024 at 10 A.M |
| 5 | Last Date and Time for receipt of Bids | 29.07.2024 at 11 A.M |
| 6 | Date of Opening of the Tender | 30.07.2024 at 01.30 P.M |

Further details could be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Santosh kumar)
Principal
Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat

PR 329192 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

# स्पोर्ट्स



गायकवाड़ 13 पायदान की छलांग लगाकर 20वें से सातवें स्थान पर पहुंच गये, जिसमें ऑस्ट्रेलियाइ सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड शीर्ष पर हैं।

# टी 20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंचे रुतुराज गायकवाड़

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंच गये हैं। गायकवाड़ ने यह उपलब्धि रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में भारत की 100 रन की व्यापक जीत में 47 गेंदों पर नाबाद 77 रन की पारी खेलने के बाद हासिल की।

परिणामस्वरूप, गायकवाड़ 13 पायदान की छलांग लगाकर 20वें से सातवें स्थान पर पहुंच गये, जिसमें ऑस्ट्रेलियाइ सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड शीर्ष पर हैं। गायकवाड़ के भारतीय टीम के साथी रिंकू सिंह और अभिषेक शर्मा ने भी रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल की है। पिछले महीने भारत के विजयी टी 20 विश्व कप अभियान में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल रहे रिंकू ने दूसरे टी 20 मैच में 22 गेंदों पर 48 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसकी बदौलत वह चार पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गये।

दूसरी ओर, भारत के लिए अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने दूसरे मैच में मात्र 47 गेंदों पर शानदार शतक जड़कर 75वें स्थान पर अपनी रैंकिंग दर्ज की। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई, जिन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो मैचों में छह विकेट चटकाये, गेंदबाजों की रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

जिम्बाब्वे के होनहार बल्लेबाज ब्रायन बेनेट दो आक्रामक कैमियो की बदौलत 25 पायदान की छलांग लगाकर 96वें स्थान पर पहुंच गये हैं। उन्होंने दो मैचों में 15 गेंदों पर 22 और नौ गेंदों पर 26 रन बनाये। पहले दो मैचों के बाद, तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी भी आठ पायदान ऊपर चढ़कर 55वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे को पहला टी20 मैच 13 रन से जीतने में 1/17 के अपने स्पेल की बदौलत अहम भूमिका निभाई थी।

गेंदबाजों की रैंकिंग में एडम जाम्पा (7वें), फजलहक फारूकी (8वें) और महेश थीक्षाना (10वें) को भी फायदा हुआ है, जबकि अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को जिम्बाब्वे सीरीज से आराम दिये जाने के कारण नुकसान हुआ है। ऑलराउंडर रैंकिंग के मामले में श्रीलंका के लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर पहुंच गये हैं, जबकि हार्दिक पांड्या दूसरे स्थान पर वापस आ गये हैं।

भारत के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने पहले मैच में 27 रन की तेज पारी खेलने के अलावा जिम्बाब्वे में दो मैचों में तीन विकेट लेने के दम पर शीर्ष 50 में प्रवेश किया।

## ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**उंटारी रोड़/ पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड क्षेत्र अंतर्गत बसरिया मोड़ पर उंटारी बीमोड़ मुख्य सड़क पर ट्रैक्टर व बाईक मे जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया। वही बाईक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। युवक को गंभीर हालत में गढ़वा अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाईक सवार बीमोड़ की तरफ से अपने गांव कुल्ही जा रहा था बाईक पर दो युवक सवार थे। वहीं ट्रैक्टर कूल्ही टीएल टू ईट भट्ठा पर से ईट लेकर बीमोड़ की तरफ जा रहा था। यह घटना लगभग ढ़ाई बजे की बतायी जा रही है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया।

NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA
NETARHAT
P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com
Website:www.netarhatvidyalaya.com

NOTICE INVITING TENDER
Enquiry No-1645 Dated-09.07.2024

Sealed Quotation's/ Tenders are invited from reputed Publishers/ Suppliers/Authorized Distributors /Authorized Dealers for the Purchase of different kinds of Books, Globes, Kindle/ Educational DVD/ CDs for the Library at Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Purchase of different kinds of books for the Library at Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Purchase of Text Books, Reference Books, NCERT Books, General Books, Globes, Kindle/ Educational Software DVD/ CDs. |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O - Netarhat, Via-Gumla, District- Latehar, PIN-835 218. (Jharkhand) |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 09.07.2024 at 10 A.M |
| 5. | Last Date and Time for Submission of Bids | 29.07.2024 at 11 A.M |
| 6. | Schedule for Opening Technical Bid of the Tender | 30 .07.2024 at 11.30 A.M |
| 7. | Schedule for Opening of Financial Bid of the Tender | 30.07.2024 at 11.30 A.M. |

Further details could be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Santosh kumar)
Principal
Netarhat Aawasiya Vidyalaya
Netarhat

PR 329191 Human Resource Developement (24-25)_D

# आज झारखंड के युवा निराश और हताश : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बोकारो ।** चास नगर निगम क्षेत्र के दीपांजलि पैलेस में आयोजित बोकारो विधानसभा बूथ अध्यक्ष सम्मान सह संकल्प सभा आयोजन किया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बोकारो विधायक सह मुख्य सचेतक बिरंची नारायण उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. अतिथियों का स्वागत तथा सभा की अध्यक्षता बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय व संचालन मुकेश राय ने की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी 588 बूथ अध्यक्ष को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के दिन ही नहीं बल्कि साल के 365 दिन आम लोगों के बीच कार्य करते हैं। आम जनता के समस्याओं से सालों भर रूबरू होते हैं और तत्परता से उसका निदान करते हैं। चुनाव में जीत हार का फैसला बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बदौलत ही होता है। कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता हेमंत सोरेन सरकार को सबक सिखायेगी। यह सरकार अपने पहले दिन से झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने पहले बजट सत्र में लाखों युवाओं को नौकरी देने और नहीं, तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात सदन पटल पर कही थी, लेकिन आज युवा हताश और निराश हैं। मरांडी ने आगे कहा कि ब्लैक लिस्टेड एजेंसी के माध्यम से परीक्षाओं का संचालन कराकर राज्य सरकार ने नौकरियों को बेचने का काम किया है बोकारो एयरपोर्ट न उड़ना वर्तमान सरकार की उदासीनता को दशार्ती हैं। राज्य सरकार को जो मूल सुविधाएं एयरपोर्ट परिचालन शुरू करने मे देनी थी उसे न देकर विकास में बाधक बन रही।बोकारो के विधायक बिरंची नारायण ने 55 महीनों से लगातार सदन में बोकारो एयरपोर्ट परिचालन की शुरूआत की मांग करते रहे मगर यह गूंगी बहरी सरकार नह चाहती बोकारो से हवाई जहाज उड़ सकें।बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि पार्टी के द्वारा कार्यकर्ताओं का सम्मान करना उनके मनोबल का सदैव ऊंचा रखना पार्टी का ध्येय है। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी परिवार की तरह होती है।

कार्यकर्ता ही पार्टी की नींव हैं। जनता से मिलकर व जनता के बीच रहकर लगातार भाजपा को मजबूत बना रहे हैं। इसमें कहीं कोई संदेह नहीं कि जनता का विश्वास हमारे प्रति और ज्यादा बढ़ा है। जनता ने राज्य की ठगबंधन सरकार को हटाने का मन बना लिया है। सम्मान समारोह में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी नो मंडलों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मान समारोह मे पूर्व जिलाध्यक्ष रोहितलाल सिंह, कृष्ण कुमार मुन्ना, आरती राणा, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, लीला देवी, संजय त्यागी, जयनारायण मरांडी, धीरज झा, अशोक कुमार पप्पू, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, विनय आनंद, महेंद्र राय, अर्चना सिंह, परिंदा सिंह सुजीत चक्रवर्ती, सुनील गोस्वामी, विनय किशोर, हरीश सिंह, सनातन सिंह, मनोज सिंह, पीयूष आचार्या, अनिल सिंह, टिंकू तापड़िया, बैधनाथ प्रसाद ब्रज दुबे, विक्की राय, जितेंद गोस्वामी, रामलाल सोरेन, प्रकाश सिंह सहित मंडलों के पदाधिकारी, मंच मौर्चा के पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत जिला परियोजना अधिकारी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का लिया गया साक्षात्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**धनबाद।** जिला समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत जिला परियोजना अधिकारी (डीपीओ) पद की रिक्ति के विरूद्ध आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालिवाल, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक, कम्युनिकेशन एंड सोशल मैनेजमेंट मैनेजर श्रीमती रंजना भारती, पीएचईडी-2 के कार्यपालक अभियंता भीखराम भगत, उपस्थित थे। साक्षात्कार में शामिल अभ्यर्थियों से क्रमवार डीएफओ समेत अन्य पदाधिकारियों ने उनके शैक्षणिक, प्रशिक्षण एवं कार्य अनुभव के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। साक्षात्कार में कुल 22 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसका क्रमवार टीम द्वारा साक्षात्कार लिया गया। उल्लेखनीय हो कि,राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन अंतर्गत धनबाद जिले से होकर गुजर रही दामोदर नदी को स्वच्छ एवं आमजनों में नदियों एवं आस - पास के अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूकता बनाने को लेकर पूरे वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। योजना के तहत प्रभावी कार्यक्रम संचालित करने एवं निगरानी के लिए बीते दिनों जिला परियोजना पदाधिकारी (डीपीओ) राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के पद पर संविदा के तहत नियुक्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें 28 अभ्यर्थियों को संवीक्षा के बाद 10 जुलाई 2024 को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। साक्षात्कार में 06 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल 22 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया।

# डॉ रामकुमार सिंह ने बीबीएमकेयू कैंपस में पौधरोपण का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** आजसू छात्र संघ के द्वारा बिनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय परिसर में 101 पौधा रोपन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत बीबीएमकेयू के नए स्थायी कुलपति डॉ रामकुमार सिंह के साथ के पेड़ लगाकर किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने कहा कि आजसू छात्र संघ के द्वारा प्रत्येक वर्ष मानसून में पौधा रोपन का अभियान चलाकर लोगो में जागरूकता लाने का काम करती है। पेड़ो की कटाई व कमी से गोल्बल वार्मिंग बढ़ती जा रही है। जिसका नियंत्रण होना बहुत आवश्यक है जिसका एक ही उपाय है पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करना। इस कार्यक्रम में : प्रति कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार, प्रॉक्टर डॉ अजीत कुमार, कुलसचिव कौशल कुमार, सहायक कुलसचिव रिजवान अंसारी, सहायक सौरव कुमार मौजूद रहे। आजसू छात्र संघ से : जिला अध्यक्ष विकास कुमार, उपाध्यक्ष सुदामा महतो, मीडिया प्रभारी बिजय महतो, छात्र नेता विक्की कुमार, आकाश शर्मा, आकाश पांडेय, आकाश मोदक, अभिषेक मंडल, विक्की मंडल, अरविंद महतो, सूरज कुमार, देवसिस महतो, सिमरन कुमारी, ईशा कुमारी, शिवानी कुमारी, दीपक महतो, भोला पासवान आदि मौजूद थे।

## आइएनए ने विश्व जनसंख्या दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता, निकाली रैली




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत में बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों को देखते हुए झरिया स्थित सामाजिक संगठन इंस्टीट्यूशन फॉर नेशनल एमिटी (आईएनए) ने बुधवार को विश्व जनसंख्या दिवस की पूर्व संध्या पर चित्रकला प्रतियोगिता और रैली का आयोजन किया। साथ ही साथ केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने की अपील भी किये। जागरूकता रैली में झरिया, केंदुआ और धनसार व आसपास के क्षेत्रो से करीब पांच दर्जन बच्चों ने हिस्सा लिया। जागरूकता कार्यक्रम ललित कला केंद्र (ललित एन्क्लेव), गांधी रोड, धनबाद में शाम साढ़े चार बजे शुरू हुआ। रैली में 12 वर्ष से 25 वर्ष तक के बच्चे शामिल थे। अगर हमारी जनसंख्या संतुलित हो तो बेरोजगारी को रोका जा सकता है। धनबाद से कई छात्रों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर सुप्रीति सान्याल, आनंद पंडित, साक्षी, अनमोल कुमार, पंकज कुमार, गुंजन कुमारी, नंदिनी कुमारी आदि थे। कार्यक्रम में स्वयंसेवी राघवेंद्र कुमार, सोनू कुमार, हिमांशु पंडित, रविंद्र सिंह आदि ने अपनी भूमिका निभाई।

## डीवीसी बेरमो माइंस के महाप्रबंधक का जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

**बैदकारो-बेरमो (आजाद सिपाही)** । डीवीसी बेरमो माइंस के महाप्रबंधक (खनन) सह अभिकर्ता जगेश कुमार मंडिये को फुसरो नगर के पूर्व अध्यक्ष सह बेरमो कांग्रेस प्रभारी राकेश कुमार सिंह बीस सूत्री सदस्य मनोज कुमार सिंह पूर्व मुखिया ललन सिंह वार्ड सदस्य नैयर हुसैन ने बुधवार को श्री मंडिये के कार्यालय कछ में मिले और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। श्री मंडिये को डीवीसी बेरमो माइंस का महाप्रबंधक बनने पर शुभकामनाएं दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

पत्रांकः– **शुद्धि पत्र** दिनांक–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा संख्याः–26/2023-24/RWD /EE/RANCHI, PR No.327645 REO(24-25)D द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। जिसमें निविदा प्रकाशन की तिथि –27.06.2024, अंतिम तिथि 18.07.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 20.07.2024 था। जिसे अपरिहार्य कारणवश निविदा प्रकाशन की तिथि–15.07.2024, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 03.08.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 05.08.2024 किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 329256 REO(24-25)#D ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची


# धनबाद जिला के अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उदेश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का 3792 पदों के लिए आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त माधवी मिश्रा, श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार एवं जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि झारखंड के स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु झारखंड सरकार कि यह प्रयास है जिसे धरातल पर उतारने हेतु लगातार इस तरह के रोजगार मेला का आयोजन जिला स्तर पर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कुल 23 कंपनियां यहां उपस्थित है यहां के स्थानीय युवाओं के लिए एक अच्छा अवसर है सभी युवा इस अवसर का अवश्य लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने रोजगार मेला में उपस्थित नियोजकों को भी निर्देशित किया कि स्थानीय नियोजन नीति 75% के तहत अधिनियम एवं नियमावली का दृढ़ता से पालन करें।

जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के सफल क्रियान्वयन से स्थानीय लोगों को स्थानीय रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेला में 23 नियोजकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा लगभग 950 आवेदक आवेदिकाओं ने भाग लिया। जिसमें विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल 149 आवेदकों को चयनित किया गया तथा 367 आवेदन को शॉर्ट लिस्ट किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर राकेश कुमार, प्रधान लिपिक श्रीमती कंचनमाला किस्को समेत कई अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## मुखिया की अध्यक्षता में किया गया सभी पेंशनधारियों का भौतिक सत्यापन



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** जिला व प्रखंड प्रशासन के निदेर्शानुसार गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुलबुल पंचायत के सभागार में पंचायत मुखिया ममता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित कर समाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ लेने वाले सभी प्रकार के सभी पेंशनधारियों का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया गया। वही पंचायत सेवक विवेक कुमार,रोजगार कपिल रविदास महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। बताते चले कि पेंशन सत्यापन के अभाव में कोई भी पेंशनधारी पेंशन से वंचित विल्कुल न रहे इसके लिए प्रखंड प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सत्यापन में आ रही समस्याओं के लिए विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभा कराकर पेंशनधारियों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। ग्राम सभा की अध्यक्षता कर रही मुखिया ममता देवी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थियों के द्वारा वार्षिक भौतिक सत्यापन कियाजाना अनिवार्य है।ताकि पेंशन नियमित रूप से पेंशनधारियों को मिलती रहे।आयोजित ग्रामसभा में जिन पेंशनधारी का निधन हो चुका है उनके परिजन भी शामिल हुए। मौके पर उपमुखिया सुरेश साव , वार्ड सदस्य बैजनाथ प्रजापति स्वयं सेवक सुनीता देवी, दशरथ मांझी ,कारण कुमार मुंडा ,फूलचंद हेम्ब्रम, संतोष सोरेन ,हीरालाल सोरेन, नारायण मुर्मू, दिलीप साव समेंत पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों पेंशनधारी उपस्थित थे।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना**

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत **Urban Health & Wellness Centre and Urban Polyclinic** पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फर्म / एजेन्सी / स्थानीय दुकानदार दिनांक 18.07.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक निगम कार्यालय में कोटेशन सभी करो के साथ निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु (प्रति अद्द) दर आमंत्रित किया जाता है :–

| Sl.No | Description | Sl.No | Description |
|---|---|---|---|
| 1 | Folder Bed | 9 | Dustbin |
| 2 | Metress | 10 | Garbage Bag |
| 3 | Wheel Chair | 11 | Inverter (1650) |
| 4 | Stracture | 12 | Stablizer 5 KVA (Sen & pandit/V Guard) |
| 5 | Bed Sheet | 13 | Weighting Machine (Digital) |
| 6 | Pillow | 14 | R.O (Aquaguard/Kent) |
| 7 | Coutain | 15 | U Stand |
| 8 | Table Cloth | 16 | Battary 230 Amh (Luminous/Exide/V Guard) |

नियम एवं शर्ते :–

1. निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय दोनों अलग–अलग लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा शुल्क 5,000.00 (पांच हजार) रुपये (जो वापस नहीं किया जाएगा) बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक जो Municipal Commissioner, Municipal Corporation, Hazaribag के पदनाम से राष्ट्रीयकृत बैक हजारीबाग में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगा तथा निर्धारित तिथि एवं समय तक मूल रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को निविदा के साथ वैध अवधि का अद्यतन आचारण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, GST No. की स्व अभिप्रमाणित प्रति एवं विगत तीन वर्षो का आयकर प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की निर्धारित तिथि / समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. आपूर्ति आदेश निर्गत होने के दस (10) दिनों के अंदर सामग्रियों की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
6. बिना कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
8. फर्म / एजेन्सी काली सूची में दर्ज न हो उसका शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

PR 329139 Urban Development and Housing(24-25).D

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग


# ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत किया भ्रमण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह द्वारा बलियापुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पलानी का भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम सचिव महोदय के द्वारा पंचायत सचिवालय पलानी का निरीक्षण करते हुए सीएससी संचालक से जानकारी प्राप्त किया गया। इसके उपरांत पलानी पंचायत के पलानी गांव में जेएसएलपीएस के रत्नश्र ग्रुप के दीदियों से बातचीत किया गया। उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के फल स्वरुप होने वाली आय के संबंध में जानकारी लिया गया। दीदियों द्वारा बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं के कारण उनके आय का स्रोत बढ़ा है, जिसके फल स्वरुप बैंकों से ऋण भी प्राप्त कर समय पर चुकाया भी जा रहा है। इसके उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर द्वारा पलानी पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। तत्पश्चात भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह के द्वारा पलानी पंचायत में मनरेगा के तहत आनंद महतो का बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, गुड़िया देवी और मीना देवी का दीदी बड़ी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सुरेश महतो का आवास, रूर्बन मिशन के तहत निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान भारत सरकार के सचिव श्री शैलेश कुमार सिंह द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इसके अतिरिक्त कमार्टांड़ पंचायत के ढाँगी गांव में रूर्बन मिशन के तहत निर्मित एवं एसएचजी ग्रुप द्वारा संचालित फ्लाई एस उद्यम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता विनोद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार, रुपेश कुमार तिवारी, सुशांत कुमार, पंचायत की मुखिया, प्रखंड के कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने समीक्षा की

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के सभा कक्ष अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट में मासिक समीक्षा बैठक की गई। जिसमे बेरमो अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी उपस्थित रहे।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारियो को कई दिशानिर्देश दिया गया। तथा सभी लंबित कांडो को जल्द से जल्द निष्पादन करने साथ ही वारंटी और कुर्की को भी निष्पादन करने का आदेश दिया। तथा आनेवाले समय विधान सभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कई दिशा निर्देश दिया गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची**

**Un-Tied मद अन्तर्गत**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 10 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि / स्थान :– दिनांक 16.07.24 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि / स्थान :– दिनांक 16.07.24 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 18.07.24 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0 / ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि / प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ओरमांझी | पंचायत–पाँचा के ग्राम–गुडू में ओरमांझी सिकिदिरी काला रोड से आंगनबाड़ी भवन गुडू तक 1420 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 23,06,300.00 | 46,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :

1- Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।

2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0 / विविध 06–33 / 2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
PR 329164 NREP(24-25).D एन0आर0ई0पी0 – 1,राँची


# बीसीसीएल आवास का छज्जा गिरने से बाल-बाल बचा परिवार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भूतगाड़िया स्थित बीसीसीएल आवास का छज्जा गिरने से बाल बाल बचे परिवार।ब तादे की बीते रात लगभग 9 बजे बीसीसीएल कर्मी संजय कुमार गुप्ता की पत्नी सुमन गुप्ता जो अपने रूम में बैठी हुई थी। इसीबीच वे दवा खाने के बहाने रूम से बाहर निकली ही थी कि अचानक एक आवाज आई। और जब वे रूम के अंदर गई तो देखा कि रूम का छज्जा पलंग पर गिरा हुआ है। बीसीसीएल श्रीमति गुप्ता ने कहा कि यदि यह घटना रात 9 बजे के बाद हुई होती तो एक बड़ी घटना घट सकती थी। श्रीमती गुप्ता का यह भी मानना है कि यह आवास काफी पुराना है और जर्जर की हालत में है। यदि बीसीएल प्रबंधन अभिलंब इन आवासों पर ध्यान नहीं दिया तो कभी भी एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है।बतादे की श्रीमति गुप्ता के पति संजय कुमार गुप्ता जो भागाबान्ध कोलयरी में माइनिंग सरदार के पद पर कार्यरत हैं ।

# पुरी रेलवे स्टेशन पर रथयात्रा के पहले दो दिनों में 2 लाख से अधिक यात्रियों की हुई आवाजाही

**खोरधा रोड मंडल ने रथयात्रा के दौरान पुरी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की है**

**पुरी रेलवे स्टेशन पर 70,000 से अधिक श्रद्धालुओं को मुफ्त भोजन वितरित किया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हर साल पूर्व तट रेलवे का खुर्दा रोड मंडल रथयात्रा के दौरान ट्रेन से पुरी आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के लिए व्यवस्था करने में सबसे आगे रहा है। इस साल भी मंडल ने रथयात्रा के लिए पुरी रेलवे स्टेशन पर उन्नत बुनियादी ढांचे और सुविधाओं की स्थापना की है। रथयात्रा के पहले दो दिनों में पुरी रेलवे स्टेशन पर 2 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही हुई। तीर्थयात्रियों को शौचालय और स्नान की सुविधा के साथ-साथ विश्राम शेड प्रदान करने के लिए, पुरी रेलवे स्टेशन पर 10,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में एक अस्थायी मेला शेड बनाया गया है, जिसमें जेमन हैंगर भी है। स्थायी मेला शेड और अस्थायी मेला शेड में एक बार में 15,000 तीर्थयात्री रह सकते हैं। भीड़ के लिए टिकट प्रणाली में तेजी लाने के लिए अस्थायी मेला शेड और पर्यटक परिसर में अतिरिक्त 28 बुकिंग काउंटर स्थापित किये गये थे। टिकट काउंटरों के अलावा, मेला शेड में 30 मोबाइल अनारक्षित टिकट प्रणाली, 8 स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें लगायी गयी थीं, ताकि यात्री टिकट काउंटरों पर लंबी कतार से बच सकें। यूटीएस ऐप के माध्यम से टिकट लेने के लिए जागरूकता भी पैदा की गयी है। अनधिकृत यात्रियों को पकड़ने के लिए पर्याप्त संख्या में टिकट चेकिंग स्टाफ तैनात किया गया है।

पुरी रेलवे स्टेशन पर मोबाइल एटीएम, आरक्षित लाउंज, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, एयर ब्लोअर, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन यात्रियों के लिए निःशुल्क बैटरी चालित वाहन आदि जैसी कई नयी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की गयी। पर्याप्त ठंडे पेयजल के नल, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, मेय आई हेल्प यू सेंटर, अतिरिक्त खानपान स्टॉल, एम्बुलेंस सेवाओं के साथ चिकित्सा सहायता बूथ उपलब्ध कराये गये हैं। देश के विभिन्न कोनों से आने वाले तीर्थयात्रियों को क्षेत्र के स्थानीय उत्पादों जैसे हथकरघा, हस्तशिल्प, स्थानीय मिठाइयों आदि का प्रदर्शन करने के लिए पुरी रेलवे स्टेशन पर 10 अस्थायी एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल स्थापित किये गये।

पुरी रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल नियंत्रण कक्ष, सीसी टीवी नियंत्रण कक्ष, डॉग स्क्वायड, सशस्त्र आरपीएफ/आरपीएसएफ द्वारा 3 से 4 मोर्चे चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि किसी भी अभूतपूर्व भयानक स्थिति का सामना किया जा सके। भीड़ प्रबंधन और प्रवेश और निकास जगहों पर प्रभावी जांच के लिए नागरिक सुरक्षा और स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों को तैनात किया जा रहा है। खोरधा रोड मंडल ने नाल्को, एमसीएल, जिंदल स्टील, गौड़िया मठ, पुरी और चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन के साथ समन्वय करके रथयात्रा के पहले दो दिनों में पुरी रेलवे स्टेशन पर 70,000 से अधिक भक्तों के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की है।

चल रही रथयात्रा अवधि के दौरान ओडिशा के लगभग सभी हिस्सों और पड़ोसी राज्यों से 315 से अधिक विशेष ट्रेनें चलेंगी। इन विशेष ट्रेनों को चलाने के लिए बड़ी संख्या में अतिरिक्त कोच लगाए जायेंगे। विशेष ट्रेनों की सफाई और पानी की व्यवस्था के लिए विस्तृत व्यवस्था की गयी है।

खोरधा रोड मंडल के रेल प्रबंधक एच. एस. बाजवा व्यक्तिगत रूप से पुरी रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रियों के लिए प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं की निगरानी कर रहे हैं और उन्होंने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को चल रही रथयात्रा अवधि के दौरान पुरी रेलवे स्टेशन पर आने वाले भक्तों के लिए सुखद और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# इस्ट कोस्ट रेलवे की ओर से प्रबंधन क्षेत्र में कर्मचारी भागीदारी बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रबंधन में कर्मचारी/श्रमिक भागीदारी के तहत आज ईस्ट कोस्ट रेलवे मुख्यालय, रेलवे सदन में बैठक आयोजित की गयी। अधिक प्रभावी ढंग से एक साथ काम करने के उद्देश्य से, बैठक में मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों/ट्रेड यूनियनों, अधिकारी संघों और आरपीएफ संगठनों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रबंधन में कर्मचारी भागीदारी बैठकों की अवधारणा रेलवे के लिए अद्वितीय है और संगठन के जीवंत और परिपक्व औद्योगिक संबंधों का प्रमाण है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के मुख्य संपादक गुडा फुंकवाल ने बैठक की अध्यक्षता की और रेलवे यातायात को बढ़ाने में सहकारी प्रयासों के महत्व पर जोर दिया।

बैठक में ईस्ट कोस्ट रेलवे के अतिरिक्त महासचिव महेश कुमार बेहरा के साथ रेलवे के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का समन्वय उप संपादक चकशेंद्र किशोर खडंगा ने किया, जिन्होंने एक सुचारू और उपयोगी चर्चा सुनिश्चित की।

# विज्ञान अभी भी चेतना को समझने की कोशिश कर रहा है: व्रजेंद्र कुमार स्वामी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विज्ञान ने सदियों में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अभी भी यह पता लगाना बाकी है कि चेतना क्या है या भौतिक नियम कब और कैसे अस्तित्व में आये, कोलकाता के भक्तिवेदांत संस्थान के निदेशक परम पावन भक्तिस्वरूप व्रजेंद्रकुमार स्वामी ने मंगलवार को कहा। आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र स्वामी ने यहां एसओए डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में 'भौतिकी और अध्यात्म' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा, 'भौतिकी अभी भी निर्जीव वस्तुओं और चेतना वाले मनुष्यों के बीच अंतर को स्पष्ट नहीं कर पायी है। भौतिकी के नियम चेतना को स्पष्ट करने में असमर्थ हैं।' पूछा जा रहा सवाल यह है कि हालांकि आइजैक न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के नियमों की खोज की थी, लेकिन ये नियम पहले से ही अस्तित्व में थे। फिर इन नियमों को किसने बनाया? और वे इतने सटीक तरीके से कैसे काम करते हैं? उन्होंने सोचा। भक्तिवेदांत संस्थान के अध्यक्ष परम पूज्य भक्तिस्वरूप व्रजपति स्वामी ने भी 'सतत सुख' पर व्याख्यान दिया। एसओए के कुलपति प्रो. प्रदीप्त कुमार नंदा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसमें छात्र और संकाय सदस्य शामिल हुए। विषय पर गहनता से चर्चा करते हुए व्रजेंद्रकुमार स्वामी ने कहा, 'कोई भी विज्ञान के लगभग 80 प्रतिशत काम करते हुए नहीं देख सकता, लेकिन यह काम करता है।' उदाहरण देते हुए उन्होंने जलती हुई मोमबत्ती की तुलना मनुष्य से की और कहा कि भौतिक दृष्टि से दोनों दहन इंजन हैं और उनमें कोई अंतर नहीं है। लेकिन मनुष्य के पास स्वतंत्र इच्छा और आत्मा है। जब कोई वस्तु ढलान पर फिसलती हुई गति करती है, तो वह भौतिकी के नियमों के अनुसार रुक जाती है। लेकिन एक व्यक्ति जो सतह पर दौड़ रहा है, वह तभी रुकता है जब वह अपनी चेतना के अनुसार रुकना चाहता है, उन्होंने कहा कि इसे विज्ञान द्वारा समझाया नहीं जा सकता। मनुष्य की स्वतंत्र इच्छा कहां से आती है? यह आत्मा की संपत्ति है और पिछले 500 वर्षों से हमें इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है। भौतिक विज्ञानी और नोबेल पुरस्कार विजेता चार्ल्स एच. टाउनेस का हवाला देते हुए स्वामी ने कहा कि यह कोई यादृच्छिक ब्रह्मांड नहीं है और इसके पीछे कोई है। उन्होंने वैज्ञानिक के हवाले से कहा कि पृष्ठभूमि में कोई सर्वोच्च बुद्धि काम कर रही होगी। आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र व्रजपति स्वामी ने कहा कि मनुष्य की कामुक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक चेतना से जुड़ी खुशी के पांच स्तर हैं, लेकिन सबसे संतुष्टिदायक खुशी आध्यात्मिक चेतना से प्राप्त होती है। एसओए के निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय संबंध और विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम प्रो. नचिकेता के. शर्मा ने वक्ताओं का परिचय कराया, जबकि आईआर और यूओपी के अतिरिक्त निदेशक प्रो. वी. रामा राव ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। व्रजेंद्रकुमार स्वामी और व्रजपति स्वामी ने एसओए के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोजरंजन नायक से भी मुलाकात की और विचारों का आदान-प्रदान किया।

# आइआरएस अफसर महिला से पुरुष बना

**सिविल सर्विस इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ**

**वित्त मंत्रालय ने ऑफिशियल रिकॉर्ड में नाम-जेंडर बदला**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदराबाद।** हैदराबाद में तैनात भारतीय रेवन्यू सर्विस (आइआरएस) की एक महिला अधिकारी महिला से पुरुष बन गये हैं। दरअसल, 35 साल के अधिकारी ने अपना जेंडर चेंज करवाया है। इसके बाद उन्होंने अपना नाम भी बदल लिया है। उन्होंने अपना नाम एम अनुसूया (पुराना नाम) से अनुकाथिर सूर्या एम (नया नाम) रख लिया है। उन्होंने ऑफिशियल रिकॉर्ड में अपना नाम-जेंडर बदलने के लिए वित्त मंत्रालय को लिखा। मंत्रालय ने 9 जुलाई को इसकी मंजूरी दे दी। इसके साथ ही अब से सभी सरकारी कागजातों में भी उनका नाम अनुकाथिर सूर्या एम के तौर पर जाना जायेगा। सिविल सर्विस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है।

## 11 साल नौकरी करने के बाद जेंडर बदला

मदुरै के रहने वाले अनुकाथिर सूर्या एम (नया नाम) 2013 बैच के आइआरएस अधिकारी हैं। उन्होंने 11 साल की नौकरी के बाद अपना जेंडर बदलवाया है। दोबारा नौकरी जॉइन करने से पहले उन्होंने अपना नाम और जेंडर सरकारी रिकॉर्ड में भी बदलवा लिया है। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार दिसंबर 2013 से मार्च 2018 तक उनकी तैनाती चेन्नई के तमिलनाडु में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर थे। उसके बाद अप्रैल 2018 से दिसंबर 2023 तक तमिलनाडु में ही वह डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनात रहे। जनवरी 2023 में उनकी तैनाती हैदराबाद में ज्वाइंट कमिश्नर के पद की गयी। तब से वह इस पद पर हैं।

**भोपाल से साइबर लॉ और फोरेंसिक में पीजी डिप्लोमा की:** अनुकाथिर सूर्या एम ने चेन्नई के मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में बैचलर डिग्री हासिल की है। उन्होंने 2023 में भोपाल के नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी से साइबर लॉ और साइबर फोरेंसिक में पीजी डिप्लोमा की पढ़ाई की है। उनके फेसबुक प्रोफाइल के अनुसार उन्होंने एमआईटी, अन्ना यूनिवर्सिटी से भी पढ़ाई की है।

## भारत में 2014 में ट्रांसजेंडर्स को मिला थर्ड जेंडर का दर्जा

सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में भारत में पुरुष-महिला के अलावा थर्ड जेंडर के रूप में ट्रांसजेंडर्स को मान्यता दी थी। कोर्ट ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए ट्रांसजेंडर्स को कानून सुरक्षाएं भी प्रदान की। इसके बाद 2019 में ट्रांसजेंडर्स की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए ट्रांसजेंडर पर्सन्स (राइट ऑफ प्रोटेक्शन) एक्ट लागू हुआ। इस एक्ट के मुताबिक, ऑफिशियल दस्तावेजों में पुरुष या महिला के रूप में कानूनी रूप से पहचाने जाने के लिए ट्रांसजेंडर का लिंग परिवर्तन सर्जरी से गुजरना जरूरी है। एक व्यक्ति ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र के लिए जिला मजिस्ट्रेट या जिला अधिकारी के पास आवेदन कर सकता है। जिला अधिकारी किसी व्यक्ति को उनके जन्म प्रमाण पत्र पर नाम बदलने और सभी दस्तावेजों को उसी अनुसार अपडेट करने का अधिकार देते हैं। इसके अलावा लिंग परिवर्तन सर्जरी के बाद ट्रांसजेंडर को जिला मजिस्ट्रेट से संशोधित प्रमाण पत्र के लिए भी आवेदन करना पड़ता है। जिला मजिस्ट्रेट की मंजूरी के बाद ही वह पुरुष या महिला के रूप में पहचाना जा सकता है।

# सेम सेक्स मैरिज की सुनवाई से हटे जस्टिस संजीव खन्ना: सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

**52 रिव्यू पिटीशन पर नयी बेंच करेगी फैसला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की बेंच ने पिछले साल 17 अक्टूबर को सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि कानून बनाना सरकार का काम है। सेम सेक्स मैरिज यानी समलैंगिक विवाह पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। दरअसल सुनवाई से ठीक पहले जस्टिस संजीव खन्ना ने खुद को बेंच से अलग कर लिया।

सूत्रों के मुताबिक जस्टिस खन्ना ने इसके पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। जस्टिस खन्ना के अलग होने से रिव्यू पिटीशंस पर विचार करने के लिए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा पांच जजों की नयी बेंच का पुनर्गठन करना जरूरी हो जायेगा। इसके बाद ही इन पर सुनवाई हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की बेंच ने पिछले साल 17 अक्टूबर को सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट में 52 याचिकाएं दायर कर फैसले पर पुर्नविचार करने की मांग रखी गयी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पी एस नरसिम्हा की पांच जजों की बेंच फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर चैंबर में सुनवाई करने वाली थी।

# सीबीआइ जांच के लिए राज्य सरकार की सहमति जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

**पश्चिम बंगाल में सीबीआइ जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1 मई को याचिका लगायी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में सीबीआइ जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1 मई को याचिका लगायी थी। कोर्ट ने 8 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 10 जुलाई को कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य माना।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया कि, यह अर्जी सुनवाई योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि बंगाल सरकार ने कानूनी पहलू उठाया है जिस पर विचार किया जाना चाहिए। कोर्ट इस मामले पर 13 अगस्त को अगली सुनवाई करेगा।



## तलाकशुदा मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता लेने की हकदार: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने पति से भरण-पोषण की हकदार है। इसके लिए वह याचिका दायर कर सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने एक मुस्लिम युवक की याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 धर्मनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**